ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते


डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आश्विन कृष्ण पक्ष 04 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 03 अक्टूबर 2023 • वर्ष-29 • अंक-346 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

गांधी व शास्त्री की जयंती पर अक्षय कुमार ने... पेज 10 पर



## पलामू की गंगा कोयल उफान पर, बाढ़ का खतरा



पलामू और इससे सटे ऊपरी इलाके में लगातार बारिश होने से जिले की प्रमुख नदी कोयल उफान पर है। इससे बाढ़ का खतरा बन गया है। निचले इलाके के लोगों के लिए अलर्ट जारी किया गया है। चैनपुर प्रखंड के शाहपुर में नदी का पानी सड़क पर आ गया है, जिससे लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। कई कच्चे मकान गिर गए और लोगों के समक्ष सिर छुपाने की समस्या बन गई है। इस बीच गढ़वा जिले के भवनाथपुर में 190 एमएम बारिश हुई है, जो आज के दिन का पूरे देश में सर्वाधिक वर्षापात है। मौसम विभाग में पलामू, गढ़वा और लातेहार को लेकर ओरेंज अलर्ट जारी किया है। बता दें कि पिछले तीन-चार दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। नतीजतन कोयल नदी में सोमवार सुबह बाढ़ आ गई। पूरे दिन बारिश हुई। ऐसे में नदी के जलस्तर में और बढ़ोतरी की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान जिले में 8 एमएम बारिश हुई है।

## पलामू में हथिया की बारिश से किसानों में जगी रबी खेती की आस

### 50 प्रतिशत कम हुई है मॉनसूनी बारिश, 67 प्रतिशत खेत पड़े हैं खाली

#### हथिया ने भी दिया धोखा तो अकाल की विभीषिका तय

**संजय कुमार पांडे**



**मेदिनीनगर।** जिले में खरीफ की खेती के लिए महत्वपूर्ण सावन व भादो की मॉनसूनी बेवफाई के बाद हथिया की बरसात ने किसानों में आगामी फसल के लिए एक आश जगाई है। लम्बे समय के बाद बीते तीन -चार दिनों से बारिश की झड़ी लगी है। इससे मौसम भी खुशगवार हो गया है। उमस व गर्मी के बाद झमाझम बारिश से जहां आम जनमानस को राहत मिली है वहीं खेत में लगी फसलों को फायदा होने का अनुमान है। हालांकि जून से सितंबर माह तक वास्तविक औसत वर्षापात 50 प्रतिशत या उससे भी कम रहने के कारण जिले में खरीफ की खेती लक्ष्य का महज 33 प्रतिशत ही हो सकी है। यानि 67 प्रतिशत खेत बारिश की आश में खाली रह गये हैं। धान की फसल तो जिले में महज 10प्रतिशत ही लगाई जा सकी है। सरकारी आकड़ों पर गौर करें तो धान के करीब 44 हजार हेक्टेयर रकबा के खेत खाली रह गये हैं। कृषि विभाग के आकड़ों के अनुसार जिले में खरीफ मकई की खेती लक्ष्य के 62 प्रतिशत, दलहनी फसलें 41 प्रतिशत, तेलहनी फसल यथा तिल, मुगफली व सोयाबीन आदि 40 प्रतिशत एवं मोटे अनाज की खेती लक्ष्य का करीब 13 प्रतिशत ही हुई है। इसका मुख्य कारण मॉनसुनी बरसात का पर्याप्त नहीं होना रहा है। सरकारी आकड़ों के अनुसार चालू वर्ष के जून माह में जिले का वास्तविक औसत वर्षपात 37 प्रतिशत, जुलाई का 41प्रतिशत अगस्त माह का 48प्रतिशत रहा है। सितंबर माह में मौनसून के थोड़ा मेहरबान होने पर जिले में औसत वर्षा 206.6 मिमी के विरुद्ध वास्तविक औसत वर्षा शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### पलामू में डूबने से दो सगी बहनों की मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के मायापुर गांव की दो सगी बहनों की तालाब में डूबने से मौत हो गई है। बताया जाता है कि नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के मायापुर के रहने वाले रमेश सिंह की बेटी लवली कुमारी (12) और आरुषि कुमारी (नौ) रविवार की देर शाम जंगल में खुखड़ी चुनने गई थी। इसी क्रम में दोनों तालाब में नहाने लगी थी। तालाब में नहाने के क्रम में दोनों डूब गईं, जिससे दोनों की मौत हो गई। देर शाम तक दोनों के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की था। तालाब के पास कपड़ा को देखने के बाद परिजनों को पूरे मामले में शक हुआ। परिजन और स्थानीय ग्रामीणों ने तालाब की तलाशी लेनी शुरू की इसके बाद दोनों बच्चियों का शव बरामद हुआ। घटना की जानकारी मिलने के बाद नौडीहा बाजार थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू। दोनों के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भेज दिया है। नौडीहा बाजार थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों बच्चियों की डूबकर मौत हुई है। मामले में छानबीन की जा रही है।

### राज्य के विश्वविद्यालयों में भ्रष्टाचार को जड़ से करेंगे खत्म : राज्यपाल

**रांची।** सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को बतौर झारखंड के राज्यपाल के रूप में सोमवार को चार महीने पूरे कर लिए। राज्यपाल ने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों में भ्रष्टाचार और सभी अनियमिताओं को जड़ से समाप्त करेंगे। दो-तीन साल में विश्वविद्यालयों में कई सुधार किए जाएंगे। उन्होंने अपने कार्यकाल चार महीने पूरे होने पर कहा कि मैं अपने सभी विवि को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का प्रयास कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि राज्य के विवि में फर्जी प्रमाण पत्र नहीं बनेंगे।

### कैंसर मरीज से डेढ़ लाख की ठगी

**रांची।** बरियातू के जोड़ा तालाब निवासी सौरभ कुमार से पतंजली योगपीठ के डॉक्टर से दिखाने के लिए नंबर लगाने के नाम पर 1.60 लाख की ठगी कर ली गई है। सौरभ के भाई मृत्युंजय कुमार कैंसर रोग से ग्रसित हैं। इस संबंध में सौरभ ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। सौरभ ने पुलिस को बताया कि उनका भाई रिम्स में भर्ती है। बेहतर इलाज के लिए वह उसे पंतजली योगपीठ हरिद्वार ले जाना था। इसके लिए उन्होंने पंतजली योगपीठ के डॉक्टर से दिखाने के लिए गूगल से नंबर निकाला और संपर्क किया। 30 सितंबर को उनके मोबाइल नंबर पर फोन आया और उसने डॉक्टर से दिखाने और नंबर लगाने का उसे आश्वासन दिया। इसके बाद उसने अपने दोस्तों और रिश्तेदार के माध्यम से तीन किस्त में ठग द्वारा दिए गए खाते में कुल 1.60 लाख रुपए का भुगतान किया। राशि लेने के बाद भी आरोपी उससे पैसे की डिमांड करने लगा। तब उन्हें अहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो गया है।

### झारखंड में डेंगू के 81 सक्रिय मरीज

**रांची।** राज्य में डेंगू के 81 सक्रिय मरीज हैं। सोमवार को राज्य में डेंगू के आठ नए मरीज मिले हैं। सभी मरीज पूर्वी सिंहभूम जिले के हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, 157 संदिग्ध मरीज मिले। इनमें सबसे ज्यादा 119 संदिग्ध पूर्वी सिंहभूमि जिले के हैं। जांच के उपरांत आठ में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं चिकनगुनिया के 13 संदिग्ध मरीज मिले। ये सभी मरीज देवघर जिले के हैं। हालांकि जांच के बाद किसी में चिकनगुनिया की पुष्टि नहीं हुई है।

### झारखंड : भारी बारिश के बीच 24 घंटे में अलग-अलग हादसों में 11 की मौत

**रांची।** झारखंड में शनिवार से जारी आफत की बारिश के बीच अलग-अलग हादसों में 11 लोगों की जान चली गई है। वज्रपात, करंट, पानी की तेज धार में बहने, मकान गिरने, पुल-पुलिया बहने की दो दर्जन से भी ज्यादा घटनाएं सामने आई हैं। पूरे राज्य में नदियां, डैम, जलप्रपात उफान पर हैं। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए 4 अक्टूबर तक बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई है। सोमवार अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे रांची के हुंडरू फॉल में तेज धार के बीच नहाने उतरा एक युवक बह गया। युवक का नाम शुभम कुमार है, जो बिहार के राजगीर का रहने वाला था। वह अपने पांच अन्य दोस्तों के साथ यहां घूमने आया था। इसी दौरान वह लोगों के मना करने के बावजूद जलप्रपात में उतरा और देखते-देखते बह गया। उसे बचाने की कोशिशें विफल रहीं। रांची शहर के हातमा इलाके में रविवार की शाम एक नाले की तेज धार में बह गए एक व्यवसायी देव प्रसाद का शव सोमवार को लगभग तीन किलोमीटर दूर मिसिरगोंदा के पास बरामद किया गया। देवप्रसाद बारिश के बीच हातमा सरईटांड़ पुलिया पार कर रहे थे, तब संतुलन बिगड़ने से नाले में गिरकर तेज धार में बह गए थे। चाईबासा में कोयना नदी में डूबने से जोजोगुटू गांव निवासी बुधराम देवगम की मौत हो गई। बताया गया कि छोटानागरा शिव मंदिर के समीप कोयना नदी को पार करने की कोशिश के दौरान वह तेज धार में बह गया।

### मुख्यमंत्री ने जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का किया निरीक्षण, बोले

## विश्वस्तरीय सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकता

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का निरीक्षण किया। आगामी एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप को लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्टेडियम की व्यवस्था से जुड़े कई दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में खिलाड़ियों एवं दर्शकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। यह स्टेडियम राज्य का इंटरनेशनल एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम है। इस स्टेडियम की व्यवस्थाएं उच्च स्तरीय होनी चाहिए। मौके पर मुख्यमंत्री ने स्टेडियम में बिछाई गई आधुनिक ब्लू टर्फ का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने कहा कि स्टेडियम में अभी रिनोवेशन का कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने स्टेडियम का अवलोकन करते हुए दर्शक दीर्घा में लगी कुर्सियों की साफ-सफाई तथा पेंटिंग, स्टेडियम परिसर का रंगरोंगन, मैदान के अंदर एवं बाहर लगी एलईडी स्क्रीन को दुरुस्त करने, स्टेडियम में चिन्हित जगहों पर स्पोर्ट्स पर्सन का फोटो लगाने, स्कोर डिस्प्ले स्क्रीन को बड़ा करने सहित कई अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं से संबंधित दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए।

### 27 अक्टूबर से एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप

रांची की मेजबानी में एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक होना है। इस चैंपियनशिप में भारत के अलावा जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, मलेशिया और थाईलैंड की टीम भाग लेंगी।

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया श्रद्धा सुमन अर्पित



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर बापू वाटिका स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर भजन मंडली के कलाकारों ने बापू के प्रिय भजन तथा राम धुन प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि देश के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। हम सभी लोग आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती बड़ी शिद्दत और उमंग के साथ मना रहे हैं। आज यह प्रण लेने का दिन है कि किस प्रकार हम सभी लोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचार, आदर्श, मार्गदर्शन तथा उनका संदेश स्वच्छ मन, स्वच्छ सोच तथा स्वच्छ समाज की परिकल्पना को साकार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। हम सभी देशवासियों को इस बात का गर्व होना चाहिए कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जैसा व्यक्तित्व हमारे देश ने पाया था। बापू के विचारों को अनुसरण करते हुए हमें त्याग और समर्पण की भावना से कार्य करने की आवश्यकता है, तभी सुखी एवं समृद्ध समाज की परिकल्पना पूरी होगी। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ मांजी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा, राज्य खादी बोर्ड के सीईओ आरसी बसेरा, टाना भगत समुदाय के प्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सीएम हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट में दाखिल की क्रिमिनल रिट



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल की है। अपनी याचिका में उन्होंने हाईकोर्ट से यह गुहार लगाई है कि पश्चिमी सिंहभूम जिले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द किया जाये। हालांकि अभी तक यह मामला झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिस एफआईआर को रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है, वह पश्चिमी सिंहभूम जिले के आदित्यपुर थाना में दर्ज है। इस प्राथमिकी का कांड संख्या 418/2014 है। इस प्राथमिकी में हेमंत सोरेन को आईपीसी की धारा 188,506 और आरपी एक्ट (रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपल एक्ट) की धाराओं में आरोपी बनाया गया है।

दरअसल, वर्ष 2014 के चुनाव के दौरान हेमंत सोरेन अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने गए थे। उस दौरान उनपर आचार संहिता उलंघन का मामला दर्ज किया गया था। आचार संहिता से जुड़े इस मामले की सुनवाई पश्चिमी सिंहभूम जिले की सिविल कोर्ट में चल रही है। निचली अदालत में चल रही कानूनी प्रक्रिया पर रोक लगाने और उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

## रकम लाख में हो तो फाइल और करोड़ के लिए फोल्डर!

### झारखंड में रिश्वतखोरी और अवैध लेन-देन के कोड वर्ड 'डिकोड'

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में सरकार के अफसरों और सत्ता के गलियारों में सक्रिय बिचौलियों ने भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और नाजायज लेन-देन के लिए तरह-तरह के कोड बना रखे हैं। राज्य में अलग-अलग मामलों की जांच कर रही ईडी ने ऐसे कई कोड वर्ड डिकोड किए हैं। मसलन, लेन-देन की रकम अगर लाख में है तो इसके लिए फाइल कोड वर्ड का इस्तेमाल किया जाता है। रकम करोड़ में हुई तो इसे कोड वर्ड में फोल्डर बोला या लिखा जाता है। ईडी ने राज्य में उच्च पदों पर अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए लाखों-करोड़ों की लेनदेन से जुड़े व्हाट्सएप चैट के कई ब्योरे जुटाए हैं और इसकी सूचना राज्य सरकार से साझा करते हुए एफआईआर दर्ज करने का आग्रह किया है। ईडी ने व्हाट्सएप चैटिंग के ऐसे ही ब्योरों के आधार पर राज्य के सीएम हेमंत सोरेन के पूर्व प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का को भ्रष्टाचार और टेंडर में गड़बड़ियों का आरोपी बताते हुए उनके खिलाफ राज्य सरकार को कार्रवाई करने को कहा है।राज्य में अवैध माइनिंग स्कैम से जुड़े मामलों की ईडी ने जांच शुरू की तो सत्ता और ब्यूरोक्रेसी के गलियारों में दलाली और बिचौलियागिरी करने वाले कई चेहरे बेनकाब हुए। इन दलालों में एक नाम विशाल चौधरी का सामने आया। जांच में पता चला कि वह राज्य के सीनियर अफसरों के लिए अवैध वसूली करता है। ईडी ने विशाल चौधरी के ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान कई डिजिटल डिवाइस और डेटा बरामद भी किए गए।

जांच में पता चला कि विशाल चौधरी अपने सहयोगियों के साथ मिलकर टेंडर, ट्रांसफर-पोस्टिंग की डील करता है और अवैध कमाई का बड़ा हिस्सा सीएम के तत्कालीन प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का के साथ साझा करता है। विशाल चौधरी के व्हाट्सअप चैट से भी इसका खुलासा हुआ है।

ईडी ने सरकार को जो सूचना साझा की है, उसके मुताबिक राज्य के एक आईएएस मनोज कुमार को झारखंड एजेंसी फॉर प्रमोशन ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में पोस्टिंग देने के लिए 50 लाख और कामेश्वर सिंह को आदिवासी कल्याण आयुक्त बनाने के लिए 1 करोड़ रुपए में डील हुआ।

इस रकम की लेनदेन सीएम के तत्कालीन प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का के साथ हुई। राज्य सरकार को ईडी की ओर से पीएमएलए यानी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 66(2) के तहत भेजी गई रिपोर्ट में बताया गया कि आईएएस राजीव अरुण एक्का की अवैध कमाई उनके बहनोई निशीथ केसरी और उनके करीबी शेष पृष्ठ 11 पर

### कोरोना के खिलाफ काम आई थी तकनीक

## कारिको व वीसमैन को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार

#### एमआरएनए टीके बनाने में दिया था योगदान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को उन खोजों के लिए दिया गया है, जिन्होंने कोविड-19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीके के विकास को सक्षम बनाया। नोबेल असेंबली के सचिव थॉमस पर्लमैन ने सोमवार को स्टॉकहोम में पुरस्कार की घोषणा की। स्टॉकहोम में पुरस्कार प्रदान करने वाले पैनल के अनुसार, हंगरी में जन्मे अमेरिकी कैटालिन कारिक और अमेरिकी ड्रू वीसमैन को आधुनिक समय में मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक कोविड-19 के दौरान वैक्सीन के विकास में अभूतपूर्व योगदान देने के लिए नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया है।

**क्यों दिया गया नोबेल :** कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को कोविड-19 के खिलाफ एमआरएनए वैक्सीन की खोज में उनके योगदान के लिए संयुक्त रूप से फिजियोलॉजी या चिकित्सा क्षेत्र के लिए 2023 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। करोलिंस्का इंस्टीट्यूट में नोबेल असेंबली ने एक बयान में कहा, उन्हें न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए सम्मान मिला, जिससे कोविड -19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों का विकास संभव हो सका। नोबेल समिति ने कहा कि उनके अभूतपूर्व निष्कर्षों ने इस समझ को मौलिक रूप से बदल दिया है कि एमआरएनए हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली के साथ कैसे संपर्क करता है। एमआरएनए प्रौद्योगिकी में रुचि बढ़ने लगी और 2010 में, कई कंपनियां इस पद्धति को विकसित करने पर काम कर रही थीं। जीका वायरस और एमईआरएस-सीओवी के खिलाफ टीके लगाए गए। एमईआरएस-सीओवी का सार्स-कोव-2 के साथ निकट संबंध है। कोविड-19 महामारी के 2020 की शुरूआत में फैलने के बाद सार्स-कोव-2 सर्फेस प्रोटीन को एन्कोड करने वाले दो बेस-मॉडिफाइड एमआरएनएस टीके रिकॉर्ड गति से विकसित किए गए थे। ये टीके लगभग 95 प्रतिशत प्रभावी थे। दोनों शेष पृष्ठ 11 पर




### कौन हैं कारिको और वीसमैन

कारिको का जन्म 1955 में हंगरी के स्जोलनोक में हुआ था। उन्होंने 1982 में सेज्ड विश्वविद्यालय से पीएचडी प्राप्त की और 1985 तक सेज्ड में हंगेरियन एकेडमी ऑफ साइंसेज में पोस्टडॉक्टरल शोध किया। उन्हें 1989 में पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर नियुक्त किया गया, जहां वह 2013 तक रहीं। उसके बाद, वह बायोएनटेक आरएनए फार्मास्यूटिकल्स में उपाध्यक्ष और बाद में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनीं। वह 2021 से सेज्ड विश्वविद्यालय में प्रोफेसर और पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के पेरेलमैन स्कूल ऑफ मेडिसिन में सहायक प्रोफेसर रही हैं। वीजमैन का जन्म 1959 में लेक्सिंगटन, मैसाचुसेट्स में हुआ था। उन्होंने 1987 में बोस्टन विश्वविद्यालय से एमडी, पीएचडी की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के बेथ इजराइल डेकोनेस मेडिकल सेंटर में अपना नैदानिक प्रशिक्षण और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ में पोस्टडॉक्टरल शोध किया। वीजमैन ने 1997 में पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के पेरेलमैन स्कूल ऑफ मेडिसिन में अपना शोध समूह स्थापित किया।

## गागर में सागर

### करंट लगने से बुजुर्ग की मौत

**विश्रामपुर।** रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत मायापुर में बिजली के करंट के चपेट में आने से एक 66 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई है।जिनकी पहचान कुलदीप साव उम्र करीब 66 वर्ष के रूप में हुई है।जो की मायापुर के रहने वाले बताए जा रहे है।जानकारी के अनुसार कुलदीप साव अपने घर से कुछ ही दूर पर स्थित भंडार पर बिगड़ी हुई बिजली को हाथ में प्लास्टिक पहनकर बना रहे थे।इसी क्रम में प्लास्टिक फट गई और वो बिजली करंट के चपेट में आ गए।जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।वही मामले की जानकारी रेहला पुलिस को मिली,जिसपर पुलिस ने बॉडी को कब्जे में लेते हुए अंतिम परीक्षण हेतु जिला अस्पताल मेदनीनगर भेज दिया है।वही परिजनों का रो रो कर बूरा हाल है।मौके पर नेता रामचंद्र दीक्षित, श्याम बिहारी साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न, एकजुटता पर बल

**छतरपुर।** देश के दो बड़े हुतात्माओं की जयंती के मौके पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की छतरपुर इकाई का पुनर्गठन किया गया। महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के शुभ अवसर पर नगर पंचायत छतरपुर के शिशु विद्या भारती स्कूल डाकबंगला के परिसर में दोनों महापुरुषों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर अरविंद गुप्ता चुनमुन, पंचम कुमार, सुनील कुमार, उपेन्द्र गुप्ता, राजेश मिश्रा, अंजना मिश्रा, मंटु कुमार, रवि रंजन, अवध चंद्रा, बीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, उमेश कुमार, पंकज कुमार, बिनेश यादव मौजूद ने भी आने विचार व्यक्त करते हुए बापू और शास्त्री जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### पीतल बाल्टी सेट मिनी फैक्ट्री का उद्घाटन

**हरिहरगंज।** सीमावर्ती बिहार के अंबा बाजार मेन रोड़ स्थित क्यू टू फूल एंड पीतल बाल्टी सेट मिनी फैक्ट्री का हुआ उद्घाटन। कंपनी के प्रोपराइटर अक्षय कुमार ने कहा कि हमारे यहां थोक व खुदरा मूल्य पर फूल व पीतल बाल्टी सेट उचित मूल्य पर मिलेगा। उन्होंने कहा कि फूल और पीतल बाल्टी सेट का डिस्ट्रीब्यूटर बनने के लिए संपर्क कर सकते है। साथ ही कहा कि हमारे यहां हॉलमार्क सोने-चांदी के आभूषण भी उपलब्ध है। यहां सारे सामान का फाइनेंस भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारा एक शॉप हरिहरगंज मेन रोड़ स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के सामने क्यू टू ज्वेलरी होम अल्लायंसेज खुदरा एवं थोक दुकान भी है।

### कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में प्रभात फेरी निकली

**पाटन।** पाटन के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में महात्मा गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष में स्कूल के बच्चों व शिक्षकों के द्वारा गाजे बाजे के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। विद्यालय के बच्चों के द्वारा महात्मा गांधी के फोटो के साथ बच्चे खुद धोती गंजी पहन कर साथ मे एक डंडा लिए हुए गांधीगिरी करते हुए प्रभात फेरी में शामिल हुए। मौके पर वार्डन अर्चिता सिंह, आराधना सिंह, सरिता कुमारी, रीना कुमारी, रीना श्रीवास्तव समेत अन्य शिक्षिका मौजूद रही।

### पंचायत समिति की मासिक बैठक संपन्न

**पाटन।** पाटन ब्लॉक परिसर सभागार कक्ष में पंचायत समिति के मासिक बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता पाटन प्रमुख शोभा देवी ने की। बैठक में प्रखंड कर्मी समेत पंचायत समिति सदस्य ने भाग लिया। बैठक का संचालन 15वीं वित कोऑर्डिनेटर चित्रांगद कुमार ने किया। बैठक में प्रमुख ने आपूर्ति विभाग, बाल विकास विभाग, आवास, आंगनबाड़ी सहित विभागों के अध्ययन स्थिति की जानकारी लिया। मौके पर आपूर्ति पदाधिकारी सतीश चंद्र दास जीपीएस कामेश्वर महतो, सीडीपीओ कुमारी अनिता, शक्ति शंकर गुप्ता समेत पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।

### मुखिया किरण देवी ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**मनातू ।** आज मनातू प्रखंड के मंझौली पंचायत भवन में मुखिया श्रीमती किरण देवी जी के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने कहीं कि गांधी जी ने स्वतंत्रता आंदोलन के साथ ही स्वदेशी, स्वच्छता, स्वावलंबन व ग्राम स्वराज के विचारों को नई गति दी।बापू आज भी हम लोगों के लिए महान प्रेरणा हैं। मौके पर उपस्थित मनातू प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष श्री उमेश प्रसाद साहू एवं अनेकों ग्रामीण तथा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बाबूलाल की संकल्प यात्रा चार को

**हरिहरगंज ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अपनी संकल्प यात्रा के दौरान चार अक्तूबर को पलामू जिला के हुसैनाबाद विधानसभा में पहुंचेंगे। यह जानकारी सोमवार को हरिहरगंज में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह ने पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता जुट गये हैं।

### प्लस टू शिक्षक संघ ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** झारखंड+2 शिक्षक संघ के जिला स्तरीय नवनिर्वाचित सदस्यों ने जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शर्मा के अगुवाई में जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू से शनिवार को औपचारिक मुलाकात की। इस अवसर पर संघ के सचिव बबली कुमारी ने नव चयनित कार्यकारिणी सदस्यों की सूची डीईओ पलामू को सौंपी।

# लगातार बारिश से बिलासपुर में कच्चा मकान गिरा

### बाल बाल बचे परिजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू के हैदरनगर में झमाझम बारिश से बिलासपुर गांव के वार्ड नंबर चार में मनोज कुमार का कच्चा मकान रविवार की मध्यरात ढह गया। उस वक्त गृहस्वामी व परिजन घर में ही सो रहे थे। घर गिरने की आवाज सुन परिवार के लोग घर से बाहर की ओर भागकर जान बचाया। इससे प्रभावित परिवार छत विहीन हो गया है। पीड़ित परिवार दूसरे के घर में शरण लेने को विवश हैं। पीड़ित शांति देवी ने बताया कि उनके पति मनोज कुमार अन्य प्रांत में मजदूरी करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने पूर्व मुखिया व वर्तमान मुखिया सहित प्रखंड के अधिकारियों को कई बार पीएम आवास स्वीकृति के लिए आग्रह किया था पर उन्हें सरकारी आवास मिलने की आस में अब तक उनका परिवार कच्चे मकान में ही रहने को विवश हैं। उनका घर गिरने से सभी सामान सहित खाद्य सामग्री भी नष्ट हो गये। समाजसेवी सुधीर सिंह ने बताया कि कई बार आवेदन देने के बाद भी प्रखंड या पंचायत से पीएम आवास उन्हें उपलब्ध नहीं कराया गया है। उन्होंने पलामू के उपायुक्त से प्रभावित परिजन को तत्काल आवास योजना का लाभ देने की मांग की है।

### विधायक ने पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# सभी टोलों व कस्बों को पक्की सड़क से जोड़ा जायेगा: विधायक

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता ने सोमवार के दोपहर पांकी प्रखंड के तेतराई पंचायत के खाप सरौना गांव में जिला योजना अनाबद्ध निधि से भेड़ियाही आहार पुल से सुकन मोची के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यस विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात नारियल तोड़कर किया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीणों के संबोधन में विधायक ने कहा कि पांकी विधानसभा के हर गांव कस्बे में विकास की लंबी लकीर खींची जा रही है आगामी दिनों में भी पांकी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में कालीकरण सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा का चहूमुखी विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता है। शिलान्यास कार्यक्रम



के दौरान मौके पर प्रोफेसर बच्चन ठाकुर ,सुनील गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य श्याम नंदन ओझा ,भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, प्रसिद्ध सिंह, साधू मांझी, वशिष्ठ सिंह, कमेस यादव, उप मुखिया इकबाल अहमद समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# विभिन्न दलों ने गांधी व शास्त्री को याद कर दी श्रद्धांजलि

### दो अक्टूबर को संपन्न हुये कई कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में गांधी चौक पर आदमकद प्रतिमा पर क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता ने महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 में गुजरात के पोरबंदर जिले के मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था, देश के नागरिकों के मन से डर निकालने और आजादी की लड़ाई लड़ने के लिए जागरुक करने वाले गांधी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का दर्जा हासिल है। वहीं लाल बहादुर शास्त्री ऐसे प्रधानमंत्री थे। जिन्होंने देश को जय जवान, जय किसान का नारा दिया। इनका जन्म 2अक्टूबर 1904 को हुआ था। मौके पर राजद के पूर्व विधायक सह प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, सुदेश्वर राम,देव कुमार बोस,भाजपा के विनोद कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, एनसीपी के गुड्डू सिंह, जिशान हसन, रविंद्र कांस्यकार, प्रकाश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, रहमान राईन, सुहैल आलम, इम्तियाज आलम,पूर्व वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल सहित कई लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। **वहीं कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में प्रभात फेरी निकली :** पाटन के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में महात्मा गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष में स्कूल के बच्चों व शिक्षकों के द्वारा गाजे बाजे के साथ प्रभात फेरी निकाली गई।



विद्यालय के बच्चों के द्वारा महात्मा गांधी के फोटो के साथ बच्चे खुद धोती गंजी पहन कर साथ मे एक डंडा लिए हुए गांधीगिरी करते हुए प्रभात फेरी में शामिल हुए। मौके पर वार्डन अर्चिता सिंह समेत अन्य शिक्षिका मौजूद रहीं।

**दूसरी ओर मुखिया किरण देवी ने श्रद्धांजलि अर्पित की :** मनातु प्रखंड के मंझौली पंचायत भवन में मुखिया श्रीमती किरण देवी के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर उपस्थित मनातू प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष श्री उमेश प्रसाद साहू एवं अनेकों ग्रामीण तथा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**एक अन्य कार्यक्रम में पाटन मे बीजेपी मंडल ने गांधी जयंती मनाई पाटन में** बीजेपी मंडल के द्वारा 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती धूमधाम से मनायी गयी। जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने किया । मौके पर भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**वहीं संत पॉल कांवेंट स्कूल में मनी गांधी की जयंती विश्रामपुर में** संत पॉल कांवेंट स्कूल प्रांगण रेहला में 2 अक्टूबर गांधी जयंती पूरे भव्यता के साथ मनाई गई।जिसमे स्कूल के निदेशक साइमन मैथ्यू येसल ने बापू के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया।साथ छात्रों को उनके जीवन पर विस्तृत जानकारी देते अहिंसा और स्वच्छता को अपनाए हुए हुए उनके पद चिन्हों पर चलने की बात कही।मौके पर कई शिक्षिका व छात्र छात्राओं की मौजूदगी रही।

**इधर गांधी व शास्त्री की मनाई जयंती :** गांधी विचार मंच की बैठक सोमवार को विश्रामपुर डाक बंगला परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय व संचालन उपाध्यक्ष कन्हाई मेहता ने किया। बैठक में कई प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमे विश्रामपुर को अनुमंडल का दर्जा देने और चार सिंचाई परियोजना के निर्माण का मांग शामिल है। सभा में गांधी व शास्त्री के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। मौके पर सेवा समिति के



अध्यक्ष संजय पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे। **एक अन्य कार्यक्रम में मुखिया ने माल्यार्पण कर महात्मा गांधी की मनाई जयंती वहीं** पांडु प्रखंड अंतर्गत डाला कला पंचायत भवन में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई।जिसमे पंचायत के युवा मुखिया राम बाबू ने बापू के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। उन्होंने सभी से बापू के बताए पद चिन्हों पर चलते हुए अहिंसा व स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाने की बात कही। इसके उपरांत मुखिया ने ग्रामीणों से पंचायत को स्वच्छ रखने की शपथ भी दिलाई। **जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई उनकी भव्य जयंती :**2 अक्तूबर महात्मा गांधी के जन्मदिन के मौके पर विश्रामपुर डाक बंगला परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भव्य समारोह आयोजित कर जयंती मनाई गई। उनके जयंती के शुभ अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने आयोजित स्वच्छता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रो,कर्मचारियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियो व महिला समूह के सीआरपी सदस्यो को प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौसला अफजाई करते हुए उनका स्वागत किया। मौके पर ब्रांड एम्बेसडर राजन पाण्डेय,गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय,नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम,सीटी मैनेजर प्रभात कुमार, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र कुमार सिंह,कनीय अभियंता अजीत टुडू,आफताब अंसारी,दीपक कुमार, नीरज कुमार सहित कई गणमान्य लोगों व सफाई मित्रो की मौजूदगी रही।

**वहीं हरिहरगंज में** खादी उत्पत्ति प्रशिक्षण सह बिक्री केंद्र, हरिहरगंज में सोमवार को गांधी जयंती मनायी गयी। राष्ट्रपिता बापू के चित्र पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वहीं विभाग प्रभारी आनंद कुमार ने बताया कि 2 अक्टूबर गांधी जयंती, दुर्गा पूजा, दीपावली एवं अन्य त्योहारों के अवसर पर खादी वस्त्रों पर 20 फीसदी जब कि रेडीमेड खादी वस्त्रों पर 25 फीसदी तक की छूट दी जा रही हैं।

### मरांडी की संकल्प यात्रा हुसैनाबाद में होगी ऐतिहासिक : रविंद्र

**हुसैनाबाद।** झारखंड को अपराध व भ्रष्टाचार मुक्त करने को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा में निकले है। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधान सभा क्षेत्र के हुसैनाबाद में कल चार अक्टूबर को आयोजित संकल्स यात्रा को लेकर हुसैनाबाद पहुंचेगें। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह ने सोमवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा की इस संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा कार्यकर्त्ता जोर शोर से लगे हुए हैं। जगह जगह पर तोरण द्वार एवं होडिंग लगाये जा रहे है। उन्होंने हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता को चार अक्टूबर को हुसैनाबाद अनुमंडल के कपूरी मैदान मे पहुंचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार से प्रदेश की आम जनता खिन्न हो चुकी है। आये दिन लूट हत्या व रंगदारी मांगी जा रही है। अपराधी बेलागाम हो चूके हैं, बालू ,कोयला की लूट मची है। प्रदेश अध्यक्ष संकल्प यात्रा के दौरान क्षेत्र में जाकर आमजनों की समस्या सुन रहें है। साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओ से सीधा संवाद करेंगे। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व वरिष्ट नेता अशोक सिंह, रामप्रवेश सिंह, मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, संतोष गुप्ता,मनोज सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

# महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई उनकी भव्य जयंती

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रो को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** 2 अक्तूबर महात्मा गांधी के जन्मदिन के मौके पर विश्रामपुर डाक बंगला परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भव्य समारोह आयोजित कर जयंती मनाई गई। उनके जयंती के शुभ अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने आयोजित स्वच्छता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रो,कर्मचारियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियो व महिला समूह के सीआरपी सदस्यो को प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौसला अफजाई करते हुए उनका स्वागत किया।कार्यपालक पदाधिकारी ने बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत के देख गए बापू के सपने को पूरा कर हम अभी उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते है।उन्होंने अपने संबोधन में सफाई कर्मियों को सफाई कर्मी नहीं अपितु सफाई मित्र की उपाधि दी है।उन्होंने कहा स्वच्छता कार्यक्रम सभी जगह एक घंटे का कार्यक्रम था किंतु विश्रामपुर में चार घंटा चला गया। जो की काफी बड़ी बात है।वही निवर्तमान अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी ने लोगो से अपने घर अपने मुहल्ले का सफाई करने का अनुरोध किया ताकि स्वच्छ व सुंदर विश्रामपुर का निर्माण हो। विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने बापू के जीवनी पर विस्तृत रूप जानकारी देते हुए कहा की हिंदुस्तान को स्वतंत्र करने में योगदान के कारण महात्मा गांधी को राष्ट्र पिता की उपाधि दी गई है।उन्होंने कहा किसी भी कार्य को पहले स्वयं करो फिर उस कार्य हेतु को करने हेतु दूसरे से अपेक्षा करे। मौके पर ब्रांड एम्बेसडर राजन पाण्डेय,गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय,नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम,सीटी मैनेजर प्रभात कुमार, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र कुमार सिंह,कनीय अभियंता अजीत टुडू,मुकेश कुमार,दिनेश शुक्ला,सुबोध कुमार,ज्ञानति देवी,युवा समाज सेवी ज्वाला गुप्ता,निवर्तमान पार्षद पति विजय रवि,सोनू दूबे,पेंटर विजय राम,सलीमुदिन्न अंसारी,आफताब अंसारी,दीपक कुमार, नीरज कुमार सहित कई गणमान्य लोगों व सफाई मित्रो की मौजूदगी रही।

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत चला विशेष सफाई अभियान

**विश्रामपुर।** ऊंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत मुरमा कला व चेचरिया सहित कई गांव में स्वच्छता ही सेवा, कार्यक्रम के तहत आगामी 2 अक्तूबर गांधी जयंती से एक दिन पूर्व विशेष सफाई अभियान चलाया गया।वही भाजपा के प्रभारी प्रवासी जिला अध्यक्ष विद्यानंद पाठक ने कहा की अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ और सुंदर भारत के देखे गये सपने को पूरा कर उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करनी है। उन्होंने कहा स्वच्छता को आज सभी को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की आवश्यकता है। तभी बापू के देखे गए स्वच्छ भारत का सपना साकार होगा। मौके पर शुशील ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष बठिंडा नाथ शर्मा, महेंद्र शर्मा, मानदेव साहब, रामसेवक पासवान, बबलू मेहता, अरविंद मेहता, मंगल मेहता, सूरत नारायण चंद्रवंशी, राजकुमार चंद्रवंशी, संजय सिंह, सत्येंद्र सिंह, रघुवीर चंद्रवंशी, सुनील तिवारी, रेखा सिंह, प्रियंका कुमारी, सुरेश राम,अनीता देवी, पारस चौधरी सहित कई ग्रामीणों ने स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लिया।

# मृतक के परिजनों से मिले भाजपा नेता, बंधाया ढांढस



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** रोड थाना क्षेत्र के मुरमा कला निवासी दिवंगत जयराम रजवार के परिजनों से भाजपा नेता डाक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना। साथ ही परिजनों को ढांढस बंधाते हुए, हर संभव मदद का भी भरोसा दिया। गौरतलब है की कुछ दिन पूर्व 37 वर्षीय जयराम रजवार गले में रस्सी बांध कर आत्म हत्या कर ली थी। जिसकी जानकारी मिलने पर आज भाजपा नेता ने उनके घर जाकर भगवान से प्रार्थना करते हुए परिजनों को यह हृदय विदरक घटना सहने की ताकत देने की दुआ मांगी। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, इंद्री हवारी, रघुवीर सिंह चंद्रवंशी, गुड्डू चंद्रवंशी दिनेश विश्वकर्मा, छोटू दुबे, उमाशंकर कुमार ,सुरेश पासवान, संजय चंद्रवंशी, अजीत कुमार चंद्रवंशी, सुरज तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# बाइक व टेंपू की भीषण टक्कर



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** थाना मोड़ के आरसीआईटी गेट के समीप बाइक व टेम्पु की आमने सामने की भीषण टक्कर हो गई।जिसमे टेम्पु व बाइक पूरी तरह क्षति ग्रस्त हो गई।वही बाइक व टेमू में बैठे युवकों को मामूली चोट आई है।जिनकी पहचान सुनील कुमार व अनिल कुमार के रूप में हुई है।जो भलूआनी कला के रहने वाले बताए जा रहे है।जिन्हे सीएचसी विश्रामपुर लाकर इलाज किया जा रहा है।जानकारी के अनुसार, टेम्पु चालक प्रदीप राम अपने घर नावाडीह से टेम्पु लेकर विश्रामपुर की तरफ आ रहा था।तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार दो युवकों की सामने से आ रही टेंपू से उनकी बाइक की सीधी टक्कर हो गई। जिसमे बाइक व टेंपू पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जिसे स्थानीय पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेते हुए चालको से आगे की पूछ ताछ की कारवाई शुरू कर दी है।इधर घटना की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर स्थानीय लोगो का हुजूम जुट गया।जिन्हे पुलिस ने शांत कराया।

## कार्यक्रम

### मजदूर किसान महाविद्यालय में

# गांधी जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** प्रखंड के डंडार कला स्थित मजदूर किसान महाविद्यालय में गांधी जयंती के अवसर पर सोमवार की दोपहर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्वयंसेवक सेविकाएं एवं महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षेत्तर कर्मचारियों के द्वारा संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किया गया। सर्वप्रथम शिविर की शुरूआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी प्रखंड विकास पदाधिकारी राज कुंवर सिंह, पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद, महाविद्यालय के सचिव डॉ. बिंदेश्वर सिंह, चिकित्सा प्रभारी महेंद्र प्रसाद, जिला परिषद निधि सिंह सहित अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई, कार्यक्रम के




संबोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार राम ने बताया कि महाविद्यालय में प्रत्येक वर्ष रक्त दान शिविर का आयोजन किया जाता है जिससे रक्त की कमी से जूझ रहे असहाय लोगों को जीवन दान दिया जा सके। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम लोगों के बीच रक्तदान के प्रति उन्हें जागरूक करना है। रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक मेदिनीनगर से पहुंचे स्वास्थ्य कर्मियों ने दोपहर तक करीब 12 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया। इस दौरान मौके पर डंडार पंचायत समिति सदस्य श्यामनंदन ओझा, नुरु पंचायत समिति , राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर पुरूषोत्तम सिंह, एनसीसी के लेफनीनेंट आलोक कुमार पाठक सहित सैंकड़ों स्वयंसेवक सेविकाएं उपस्थित थे।

### संत पॉल कांवेंट स्कूल में मनी गांधी की जयंती

**विश्रामपुर।** संत पॉल कांवेंट स्कूल प्रांगण रेहला में 2 अक्टूबर गांधी जयंती पूरे भव्यता के साथ मनाई गई।जिसमे स्कूल के निदेशक साइमन मैथ्यू येसल ने बापू के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया।साथ छात्रों को उनके जीवन पर विस्तृत जानकारी देते अहिंसा और स्वच्छता को अपनाए हुए हुए उनके पद चिन्हों पर चलने की बात कही।मौके पर प्रिंसपल मोनिका एक्का, नूतन कुजूर, संजय तिवारी, प्रिटी चौरसिया, जोस्मिता, उषा बरवा, फिलिसिया, पूनम खेस, मिताली विश्वकर्मा, संजय कुजूर, निधि कुमारी, अल्बीना एक्का, मनीष गुप्ता, नेहा मुखिया, बिदुर थापा,अफजल अंसारी सहित कई शिक्षा शिक्षिका व छात्र छात्राओं की मौजूदगी रही।

## गागर में सागर

### जरासंध महाराज की जंयती की बाबत बैठक

**मेदिनीनगर।** स्थानीय हास्पिटल चौक मेदिनीनगर के प्रांगण में सोमवार को अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा पलामू के तत्वावधान में प्रथम चक्रवर्ती महासम्राट महाधिराज जरासंध की जयंती मनाने के लिए बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिसमें सर्वसम्मति से निर्विरोध विजय कुमार चंद्रवंशी वार्ड नं 33 को जरासंध जंयती पूजा समिति का अध्यक्ष चुना गया। मौके पर प्रदेश मंत्री निलय चंद्रवंशी, श्यामलाल चंद्रवंशी,दिलीप कुमार दिल्लू, अमित कुमार रिकूं, अश्विनी कुमार, कुणाल किशोर, अमित चंदेल, आकाश कुमार नरेश चंद्रवंशी, भरत चंद्रवंशी, प्रमोद चंद्रवंशी, सचिन चंद्रवंशी ,दुखन चंद्रवंशी, रवि चंद्रवंशी, राजेन्द्र चंद्रवंशी, मुन्ना चंद्रवंशी,रूपेश चंद्रवंशी ,प्रेम कुमार के साथ सैकड़ों के संख्या में चंद्रवंशी उपस्थित थे।

### आरपीआई की सदस्यता ग्रहण की

**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड पलामू में सभी नौजवानों ने केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले भारत सरकार के नेतृत्व पर आस्था व्यक्त एवं श्रद्धा पूर्वक सोमवार को आरपीआई की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मजदूर नेता सह आरपीआई के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने तमाम ऑटो चालक, मजदूर नौजवान किसानों को आरपीआई की सदस्यता ग्रहण करा कर पार्टी में स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए आरपीआई के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत चौमुखी विकास की ओर अग्रसर है । इस अवसर पर झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ के पलामू जिला अध्यक्ष रमाकांत दुबे, आरपीआई के पलामू प्रभारी मदन सिंह, संजय कुमार रवि, नागेंद्र गुप्ता, छोटेलाल जी सहित अन्य लोग शामिल थे।

### तैलिक समाज ने गांधी व शास्त्री की जयंती मनाई

**मेदिनीनगर।** सतबरवा प्रखंड अंतर्गत तैलिक साहू समाज के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। मौके पर जिला अध्यक्ष ललन साहू ने कहा कि हमारे समाज को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के विचारों का अनुकरण करना चाहिए। प्रखंड अध्यक्ष अवध किशोर साहू ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शो की विस्तृत चर्चा करते हुए सतबरवा के सभी पंचायतों में तैलिक साहू समाज का गठन करने का शपथ लिया। धावाडीह पंचायत के उप मुखिया मुधीर साहू के साथ साथ अन्य लोगों ने समाज की एकता पर बल दिया। इस कार्यक्रम में तैलिक साहू समाज के त्रिवेणी साहू, नागेश्वर साहू, कृष्णकांत साहू, श्रवण साहू, अमेरिका साहू, विनोद साहू, सत्येंद्र साहू, मनोज साहू, अरुण साहू, दिनेश साहू ,सुधीर साहू, प्रदीप साहू, राजकुमार साहू, बजरंगी साहू, करमचंद साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे।

उपायुक्त ने गांधी स्मृति टाउन हॉल का किया निरीक्षण, कहा

# जल्द बदलेगी टाउन हॉल की सूरत 26 जनवरी के पूर्व होगा सुसज्जित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के गांधी स्मृति टाउन हॉल की सूरत अब बदलने वाली है। टाउन हॉल के जीर्णोद्धार का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। 26 जनवरी 2024 तक पलामू वासियों को एक सुसज्जित गांधी स्मृति टाउन हॉल मिलेगा। यह बातें पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर दोनों महापुरुषों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद गांधी स्मृति टाउन हॉल का निरीक्षण कर रहे थे । उन्होंने टाउन हॉल के बाहरी एवं अंदर की व्यवस्थाओं को देखा और



जीर्णोद्धार की बातें कही। टाउन हॉल का फॉल्स सिलिंग, रंग रोगन के साथ-साथ हरेक आवश्यक कार्य किये जाएंगे, जिससे टाउन हॉल बदलता स्वरूप में दिखेगा। उन्होंने कहा कि टाउन हॉल का ध्वनि व्यवस्था भी शीघ्र ही ठीक कराया जायेगा।

## आरा मशीन की चपेट में आकर पिता पुत्र घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम नवगढ़ा निवासी सुरेंद्र सिंह उम्र 50 वर्ष और उसका पुत्र रमेश सिंह उम्र 30 वर्ष सोमवार की सुबह आरा मशीन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल गए। इस घटना के बारे में घायल सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उनके गांव का एक लड़का अमर दयाल बाहर कमाने गया था। इसी दौरान मानसिक तनाव में आकर वह फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था।सोमवार की सुबह अमर दयाल का शव गांव पहुंचा तो दाह संस्कार के लिए लकड़ी की जरूरत



पड़ रही थी।दाह संस्कार के लिए दोनों पिता और पुत्र लकड़ी काट रहे थे। इसी बीच वह आरा मशीन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण व परिजनों के द्वारा दोनों घायल को इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद दोनों खतरे से बाहर हैं।

# पलामू ने याद किया गांधी व शास्त्री को, डीसी ने दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गांधी जयंती के पावन अवसर पर स्थानीय गांधी स्मृति टाउन हॉल परिसर में उपायुक्त शशि रंजन ने पदाधिकारियों के साथ महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया । मौके पर सहायक समाहर्ता रवि कुमार, सदर एसडीएम राजेश कुमार शाह, प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय के उपनिदेशक आनंद, एवं सहायक नगर आयुक्त परितोष प्रियदर्शी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। **वहीं मारवाड़ी सार्वजनिक हिंदी पुस्तकालय में मनी गांधी जयंती :** गांधी जयंती के अवसर पर शहर के मारवाड़ी सार्वजनिक हिंदी पुस्तकालय में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। सदस्यों ने दोनों महापुरुषों को याद करते हुए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की ।कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील कुमार लाट ने की। संस्था के विनोद उदयपुरी ने कहा कि आज देश में जय जवान - जय किसान का बड़ा महत्व है। आज देश अनाज के मामले में आत्मनिर्भर हो सका इसमें पूर्व



प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का एकमात्र हाथ है,नहीं तो आज भी भारत अनाज के लिए दूसरों के सामने हाथ फैला रहाहोता। मनीष भिवानिया ने कहा कि आज गर्व महसूस हो रहा है कि उस पावन धरती पर महात्मा गांधी को नमन कर रहा हूं जहां की ऐतिहासिक भूमि पर उनके चरण पड़े। राष्ट्र दोनों महानुभवों का सदा ही ऋणी रहेगा। सभी सदस्यों ने तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम में मुरारी गोयल, गिरधारी गर्ग, मनीष भिवानिया, संजय केजरीवाल, ओम प्रकाश सिंघानिया एवं सुरेश भिवानिया सहित काफी संख्या में सदस्य मौजूद थे। **परिमल प्रवाह की कवि गोष्ठी आयोजित** गांधी व शास्त्री की जयंती एवं बाल भारती पब्लिक स्कूल के निदेशक श राजेश बिहारी गोयल के पिता स्व. विपिन बिहारी शरण की पुण्यतिथि पर परिमल प्रवाह के तत्वावधान में उक्त स्कूल के प्रशाल में सोमवार को काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कवि हरिवंश प्रभात ने की। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती,महात्मा गांधी लाल बहादुर शास्त्री एवं विपिन बिहारी शरण जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंच संचालन एवं सरस्वती वंदना कवि राम प्रवेश पंडित ने किया। कार्यक्रम में कवियों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर अद्भुत समा बांध दिया। परिमल प्रवाह के संरक्षक श्रीधर प्रसाद द्विवेदी, रविशंकर पांडे, शिवनाथ अग्रवाल, पंकज श्रीवास्तव सचिव विजय शंकर मिश्र, आचार्य धनंजय पाठक, 'समर्पण' राजेश बिहारी गोयल, इंद्रदेव कुमार, रीना



दुबे, जयलक्ष्मी, शीला श्रीवास्तव, वंदना श्रीवास्तव एवं पुष्प लता कुमारी द्वारा सराहनीय प्रस्तुति दी गई। इन कवियों के अतिरिक्त विजय कुमार पाठक द्विज, सरोज कुमार आजाद, कमलनाथ तिवारी, प्रेम कुमार दुबे, वेद प्रकाश अग्रवाल एवं आरती पांडे के द्वारा भी प्रस्तुति दी गई धन्यवाद ज्ञापन बाल भारती के निदेशक राजेश बिहारी गोयल ने किया। **इधर दो महानायकों की जयंती पर आम आदमी पार्टी ने दी श्रद्धांजलि** आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने आज देश के दो महानायक महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती एवं दूसरे प्रधानमंत्री मननीय लालबहादुर शास्त्री जी की 118वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पलामू जिला संयोजक चन्द्र बली चौबे जी ने लोगों को महात्मा गांधी के बताए मार्ग सत्य, अहिंसा और लालबहादुर शास्त्री जी कथन जय जवान जय किसान को सम्मान देते हुए,उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का आवाहन किया।इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के केन्द्रीय समन्वय समिति सदस्य किशोर कुमार सिन्हा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय राम, जिला कार्यकारी सचिव सुधीर कुमार,ओम प्रकाश गुप्ता, मुकेश नारायण दीक्षित,लव तिवारी, मुनेश्वर राम, उत्कर्ष आनंद एवं अन्य कार्यकर्ताओ ने श्रद्धांजलि अर्पित की। **जहां मोदी सरकार ने खादी को बनाया ब्रांडेड : वीडी राम -** महात्मा गांधी की जयंती पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, जिला प्रभारी विनय जायसवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रफुल्ल सिंह सहित भाजपा के वरीय नेताओं और कार्यकताओं ने टाउन हॉल स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत रेडमा रांची रोड स्थित झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामउद्योग बोर्ड पहुंच कर नेताओं एवं कार्यकताओं ने खादी के वस्त्रो की खरीदारी भी की। इस अवसर पर पलामू सांसद वीडी राम ने कहा कि खादी देश की पहचान रही है, परंतु मोदी सरकार ने खादी को देश-विदेश में ब्रांडेड बना दिया है। खादी को दुनिया में लोकप्रिय बनाने में लघु एवं ग्रामोद्योग का बड़ा हाथ है। खादी का दिन प्रतिदिन मांग बढ़ता जा रहा है, जिससे उत्पादन भी बढ़ रहा है तो रोजगार के नए अवसर भी बढ़ रहे हैं। खादी के लिए सूत बुनाई कटाई से लेकर उत्पादन तक मे महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से इस क्षेत्र में भी विकास की संभावनाएं है और इस दिशा में मोदी सरकार लगातार प्रयासरत है। जिसका परिणाम भी देखने को मिल रहा है और देश भी आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। कार्यक्रम में पांकी विधायक शशि भूषण मेहता,विजय ओझा एवं अन्य प्रमुख कार्यकर्ता एवं नेता मौजूद थे।



## गागर में सागर

### नवनिर्मित विद्यालय भवन के निर्माण में की गई भारी गड़बड़ी, ग्रामीणों का विरोध



**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में करोड़ों रुपये की लागत से बन रही भवन की छत ढलाई रविवार को भारी बारिश के बीच शुरू हुई, जिसका ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। ग्रामीणों ने संवेदक अरविंद पांडे पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए ने बताया कि दो मंजिला भवन के निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है। उक्त नवनिर्मित विद्यालय भवन से पहले उक्त स्थल पर ही जर्जर अवस्था में एक भवन था, जिसे संवेदक की ओर से गिराकर उससे निकाली गई ईंट को भी नवनिर्मित भवन में जोड़ा गया है। लोगों ने इसका विरोध भी किया फिर भी संवेदक पांडे अपनी मनमानी से बाज नहीं आए। वहीं छत की ढलाई के समय कोई इंजीनियर भी मौजूद नहीं था। पूछे जाने पर इंजीनियर ने बताया कि हमें छत की ढलाई के बारे में कोई सूचना नहीं है, जिसके कारण मैं स्थल पर नहीं हूं। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य अब्दुल मन्नान अंसारी उर्फ भोला, ग्रामीण विश्वास प्रसाद, राजेश प्रसाद, मंजूर आलम, नरेश यादव, रामाशंकर प्रसाद, बेलाल अंसारी, सत्येंद्र प्रसाद आदि ने बताया कि शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय की नवनिर्मित भवन में भी अनियमितता बरती जा रही है। हम इसकी उच स्तरीय जांच कराएंगे। मामले में पूछे जाने पर गढ़वा जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि अगर संवेदक की ओर से लापरवाही बरती गई होगी तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच में आरोप सही निकला तो संवेदक के ऊपर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार ने कहा कि अगर संवेदक ने गड़बड़ी की है तो बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उपायुक्त के संज्ञान में लाकर मामले की की जांच कराई जाएगी।

### प्रधानमंत्री आवास 10 अक्टूबर तक पूरा करें लाभुक, अन्यथा कारवाई

**खरौंधी।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लंबित आवास को पूर्ण कराने के लिए सोमवार को आवास समन्यवयक रविरंजन कुमार ने मझिगावां पंचायत में लाभुकों से संवाद स्थापित किया। कुमार ने बताया कि प्रखंड में लगभग 403 आवास लंबित हैं, जिसे पूरा करने का समय 10 अक्टूबर तक निर्धारित है। निर्धारित समय के अंदर लाभुक आवास कार्य को पूर्ण नहीं करते हैं तो 12 प्रतिशत ब्याज के साथ लाभुकों से राशि की रिकवरी की जाएगी। साथ ही भविष्य में सरकारी योजनाओं राशन, पेंशन आदि से वंचित कर दिया जाएगा व प्राथमिकी दर्ज करा करवाई की जाएगी।

### जिपस शर्मा ने मंत्री से की भवनाथपुर में महिला थाने की स्थापना करने की मांग



**भवनाथपुर।** जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने पेयजल स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर को आवेदन देकर महिला थाना स्थापित करने की मांग की है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि भवनाथपुर अंचल अंतर्गत भवनाथपुर थाना, खरौंधी थाना, केतार थाना एवं हरिहरपुर ओपी पड़ता है। भवनाथपुर महिला थाना खुल जाने से महिलाएं परेशानी से बच सकती है। बताया कि इस क्षेत्र में अंधविश्वास जैसी समस्या काफी है, जिसका निराकरण महिला थाना की स्थापना कर किया जा सकता है।

### भारी बारिश के बीच कच्चा मकान गिरा



**भवनाथपुर।** रविवार रात रुक-रुककर हो रही बारिश के बीच कच्चा मकान गिर गया। इसमें परिजन तो बाल-बाल बच गए, लेकिन गृहस्थी दबने से नुकसान हो गया। प्रखंड के अरसली उत्तरी पंचायत के झुमरी टोला निवासी मनोज प्रजापति अपनी पत्नी, बेटी व बेटे के साथ कच्चे मकान में रहते हैं। गनीमत रही कि मकान गिरते वक्त पूरा परिवार बाहर था। मनोज प्रजापति ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# परलोक में धर्म ही आता है काम : जीयर स्वामी महाराज

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी ने कहा कि परमात्मा का वाचक प्रणव है। उसका जप और उसके अर्थ की भावना करनी चाहिये। इससे आत्मा की प्राप्ति और विघ्नों का अभाव होता है। परलोक में सहायता के लिये माता-पिता, पुत्र- स्त्री और संबंधी कोई नहीं रहते, वहां एक धर्म ही काम आता है। मरे हुए शरीर को बंधु-बांधव काठ और मिट्टी के ढेलों के समान पृथ्वी पर पटक कर घर चले जाते हैं। एक धर्म ही उसके साथ जाता है। मन, वाणी और कर्म से प्राणी मात्रके साथ अद्रोह, सबपर कृपा और दान, यही साधु पुरुषों का सनातन धर्म है, जो आत्मनिष्ठ हैं तथा जो आत्मा के सिवा कुछ भी नहीं चाहते, वे विषयी मनुष्यों की भांति रमणीय वस्तु की प्राप्ति में हर्षित नहीं होते और दुःखरूप वस्तु की प्राप्ति में उद्विग्न नहीं होते। सोये हुए गांव को जैसे बाढ़ बहा ले जाती है, वैसे ही पुत्र और पशुओं में लिप्त मनुष्यों को मौत ले जाती है। जब मृत्यु पकड़ती है उस समय पिता, पुत्र, बंधु या जाति वाले कोई भी रक्षा नहीं कर सकते।



इस बात को जानकर बुद्धिमान पुरुष को चाहिये कि वह शीलवान बने और निर्माण की ओर ले जाने वाले मार्ग को जल्द पकड़ ले। भगवान की माया के दोष-गुण बिना हरिभजन के नहीं जाते, अतएव सब कामनाओं को छोड़कर श्रीराम को भजो। जो दिन आज है, वह कल नहीं रहेगा, चेतना है तो जल्दी चेत जा, देख मौत तेरी घातमें घूम रही है। श्री राम के चरणों की पहचान हुए बिना मनुष्य के मनकी दौड़ नहीं मिटती, लोग केवल भेष बनाकर दर-दर अलख जगाते हैं परंतु भगवान के चरणों में प्रेम नहीं करते, उनका जन्म वृथा है। जो शांत, दांत, उपरत, तितिक्षु और समाहित होता है, वहीं आत्मा को देखता है और वही सबका आत्मरूप होता है। जिन्होंने काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर - इन छह शत्रुओंको जीत लिया है, वे पुरुष ईश्वरकी ऐसी भक्ति करते हैं। जिसके द्वारा भगवान में परम प्रेम उत्पन्न हो जाता है, जैसे प्रवाहके वेग में एक स्थान की बालू अलग-अलग - बह जाती है और दूर-दूर से आकर एक जगह एकत्र हो जाती है, ऐसे ही काल के द्वारा सब प्राणियों का कभी वियोग और कभी संयोग होता है। सरलता, कर्तव्य परायणता, प्रसन्नता व जितेंद्रियता - तथा वृद्ध पुरुषों की सेवा – इनसे मनुष्य को मोक्ष प्राप्ति होता है, जिससे जीव निडर रहते हैं और जो सब प्राणियों से निडर रहता है, वह मोह से छूटा सदा निर्भय रहता है।

### गांधी-शास्त्री के जन्मदिवस पर विभिन्न क्षेत्रों के लोग किए गए सम्मानित

# जयंती पर याद किए गए गांधी-शास्त्री





**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

गांधी-शास्त्री जयंती पर नगर पंचायत ने विवाह मंडप सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रामचंद्र चंद्रवंशी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में 600 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा शीतल, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रीति व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली शोभा कुमारी तथा छात्र वर्ग में 1000 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने आनंद, द्वितीय स्थान हासिल करने वाले सोनू एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले राहुल प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं महिला-पुरुष सफाई कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया, जिसमें सफाई प्रभारी राकेश श्रीवास्तव भी शामिल थे। निर्वतमान नप अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कार्य पालक पदाधिकारी सहित अन्य को भी सम्मानित किया गया। मौके पर कार्य पालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी, उपाध्यक्ष सुनिता देवी, वार्ड पार्षद वीणा देवी, पार्वती कुंवर, थाना प्रभारी विवेक पंडित, शोभा जायसवाल, संजय कमलापुरी, पवन कुमार, लक्ष्मण सिंह, संजय सिंह, नगर प्रबंधक राकेश पाठक, नाजिर अमित पाठक, सहायक अनुप तिवारी, सफाई प्रभारी राकेश श्रीवास्तव, वार्ड जमादार अनिल कुमार, आंपरेटर वीरेंद्र चौधरी, मिलेंद्र पाठक, रामाशीष राम, जिपस धर्मेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।







### मेराल प्रखंड में मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती

**मेराल।** प्रखंड के हासनदाग पंचायत सचिवालय में सोमवार को महात्मा गांध और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मुखिया फुलवंती देवी के नेतृत्व में मनाई गई। मौके पर उप मुखिया अविनाश कुमार चौबे, बीडीसी नंदू चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी, पंचायत सचिव राजेंद्र राम, रोजगार सेवक रघुवर राम, संवेदक रंजीत चौबे, पूर्व मुखिया प्रत्याशी मुबारक अंसारी, गुलवास अंसारी, आशुतोष चौबे, कौसर अंसारी, वार्ड सदस्य सुनील बैठा, राजू पासवान, विनय यादव, स्वास्थ्य विभाग से हरतिमा कुमारी, मंजू देवी, समाजसेवी संतोष चौधरी, विनोद चौधरी, प्रणय चौबे, कमल किशोर चौबे, राजेंद्र चौधरी, आर्केश चंद्रवंशी, राजेंद्र चौधरी आदि उपस्थित थे। वहीं राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के बैनर तले जिला अध्यक्ष फिरोज अंसारी के आवास पर गांधी-शास्त्री जयंती एवं शेख शाहिद भिखारी जयंती मनाई गई। मौके पर जिला अध्यक्ष फिरोज अंसारी, प्रदेश उपाध्यक्ष हेदायतुल्लाह अंसारी, जिला सचिव आदम अंसारी, जिला सदस्य आलम अंसारी, इरशाद अली अंसारी मौजूद थे। वहीं बंका रोड गोंदा अवस्थित एसजीएन मार्डन किंडर गार्टन गांधी-शास्त्री जयंती मनाई गई। मौके पर विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव, शिक्षिका निर्मला, पानपति, रेणु, रामाशीष राम, करन कौशल, आनंद साव, मंजीत, पंकज, आबिद अंसारी, अमानत अंसारी, संजय गुप्ता, संजय ठाकुर उपस्थित थे।

### श्री बंशीधर नगर भाजपा ने मनाई गांधी-शास्त्री जयंती

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचंद्र केशरी के चेचरिया स्थित आवास पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। मौके पर रामचंद्र केशरी के साथ सेवानिवृत्त शिक्षक सीताराम जायसवाल, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय, शिवधारी राम, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, मथुरा पासवान, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, सलीम अंसारी, सोबराती खां, इस्माइल अंसारी, मुन्ना प्रसाद, अरुण कुमार, बसंत प्रसाद, सुनील प्रसाद, सुनील चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### रमना में गांधी-शास्त्री जयंती मनाई गई

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों के सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। रमना पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख करुणा सोनी, बीडीओ ललीत प्रसाद सिंह, मुखिया दुलारी देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह, विधायक प्रतिनिधि पंकज सिंह, पंसस शांति देवी, राकेश कुमार, विरैची पासवान आदि उपस्थित थे।

### भवनाथुपर में मुखियाओं को किया गया सम्मानित

**भवनाथपुर।** प्रखंड की ग्राम पंचायत-अरसली (दक्षिणी) के मुखिया अनिता देवी को जिला प्रशासन गढ़वा ने सोमवार को सेवा पखवाड़ा के तहत किये गए कार्यों के लिए सम्मानित किया। जिले में कुल 9 मुखियाओं का चयन किया गया था जिन्हें सम्मानित किया गया।

### सचिवालयों में मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती

**केतार।** प्रखंड के सभी सात पंचायत सचिवालयों में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। केतार पंचायत सचिवालय में मुखिया प्रमोद कुमार, परसोडीह पंचायत सचिवालय में मुखिया बसंती देवी, लोहरगाड़ा में मुखिया नीलम देवी, परती कुशवानी में मुखिया मुन्नी देवी, पाचाडुमर में मुखिया श्याम सुंदर बैठा, बलीगढ़ पंचायत में मुखिया ललिता देवी और मुकुंदपुर पंचायत में मुखिया मुंगा साह ने दोनों महापुरुषों को नमन किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, रोजगार सेवक धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, पंकज सिंह, रामकुमार प्रजापति, मनोज कुमार, मनीष गुप्ता, संतोष प्रजापति, चंदन प्रसाद, अशोक ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह सहित वार्ड आदि उपस्थित थे।

### इंडिया गठबंधन ने मनाई गांधी-शास्त्री जयंती

**केतार।** लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को इंडिया महागठबंधन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, छोटन सिंह, मनोरंजन गुप्ता, शिव कुमार सिंह, जसमुद्दीन अंसारी, रमेश राम, सुरेश प्रसाद, नरेंद्र गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, विश्वनाथ पाल उदय यादव, ताजमहल अंसारी जगनरायण यादव मौजूद थे।

## 'प्राथमिकता के आधार पर होगा योजनाओं का चयन'



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत सचिवालय में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। दोनों महापुरुषों की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मनरेगा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए योजनाओं को चयन के लिए सूचीबद्ध किया गया। इसमें मेडबंदी, तालाब, डोभा, आम बागवानी, सिंचाई कूप, पंद्रहवें वित्त शामिल हैं। मौके पर मुखिया मुंगा साह ने कहा कि पंचायत में पारदर्शिता के साथ योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए चयन कर निष्पक्ष रूप से कार्य पूरा कराया जायेगा। इस माह से ही मनरेगा के तहत नई योजनाओं को शुरू कराकर स्थानीय ग्रामीणों को गांव में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। गांधी जयंती पर पंचायत सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाकर ग्रामीणों के बीच आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। मौके पर रोजगार सेवक धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह, संतोष पासवान, राम प्रसाद कमलापुरी, कुंडल सिंह, दीपक वर्मा, फेकन साह, सुरजन गुप्ता, बब्लू सिंह, राम बाबू, समीम अंसारी, साबित अली अंसारी, एएनएम सुलेखा कुमारी, स्वास्थ्य सहिया रिकी देवी, सरोज देवी आदि मौजूद थे।

## सबकी योजना, सबका विकास अभियान शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

मझिगावां पंचायत सचिवालय में मुखिया बिंदा देवी ने सोमवार को गांधी जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सबकी योजना, सबका विकास अभियान का शुभारंभ किया। रोजगार सेवक धर्मेंद्र कुमार ने विशेष ग्राम सभा के बारे में लोगों को बताया। इस मौके पर आयोजित ग्रामसभा में मुखिया ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर 2023-24 की योजनाओं का चयन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रखंड क्षेत्र की खरौंधी पंचायत में मुखिया मंजू देवी, राजी में मुखिया रिंकू देवी, करिवाडीह में मुखिया मनसा देवी, चंदनी में मुखिया रामगहन मेहता, सिसरी में मुखिया स्वेता देवी एवं उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, अरंगी में मुखिया फूलकुमारी देवी, कूपा में मुखिया प्रमोद राम ने गांधी व शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सबकी योजना, सबका विकास अभियान का शुभारंभ किया। वहीं मध्य विद्यालय मझिगावां में भी गांधी जयंती व शास्त्री जयंती मनाई गई। मौके पर शिक्षक अरविंद गुप्ता, इंद्रमण प्रसाद यादव, राजेंद्र सिंह, मुनेश्वर राम उपस्थित थे। विभिन्न पंचायत सचिवालयों में बीडीसी कृष्णा राम, विकास सिंह, संतोष कुमार सिंह, शिवकुमार प्रसाद यादव, प्रमोद पटेल, प्रतीक द्विवेदी, सतीश राम, महेंद्र मोची, रवि हुसैन, अमरेश पटेल, अमरेश चौधरी मौजूद थे।

## गड़बड़झाला
### संवेदक पर चहेतों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नियमों को ताक पर रखने का आरोप

# बनसानी पंचायत में नल जल योजना में अनियमितता

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

प्रखंड क्षेत्र के बनसानी पंचायत में नल जल योजना में संवेदक की ओर से बड़े पैमाने पर अनियमितता बरतने का मामला प्रकाश में आ रहा है। नियमों को ताक पर रख कर अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के उद्वेश्य से किसी के घर के प्लिंथ के अंदर डीप बोर कराया गया है, तो कहीं डेढ़ सौ मीटर की परिधि के अंदर एक लाइन में पांच डीप बोर कराया गया है। ग्रामीणों की शिकायत पर जिला पार्षद रंजनी शर्मा ने रविवार को बनसानी पहुंच कर मामले की जांच की।



इस दौरान ग्रामीण मुन्ना यादव, रामनिवास साह, आनंद साह, उदयनाथ वैद्य, विनय पाठक, बच्चन चंद्रवंशी आदि ने बताया कि संवेदक ने प्रदीप पाठक के घर के प्लिंथ के अंदर बोर करा दिया है। साथ ही उसी जगह डेढ़ सौ मीटर के परिधि के अंदर एक लाइन से पांच बोर कराया गया है, जबकि वहां मात्र 30 से 35 घर ही अवस्थित हैं। जिरहुल्ला के ही बिरेंद्र पाठक के घर के पास डीप बोर कर उससे मात्र 6 घरों में पानी का कनेक्शन जोड़ कर कार्य पूर्ण दिखा दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि बनसानी निवासी रामाश्रय साह, केशर भुंइया तथा जिरहुला निवासी सत्यनारायण यादव के घर के समीप किये गए डीप बोर से पानी नहीं निकलने के बावजूद संवेदक वहां सोलर स्ट्रक्चर खड़ा कर सरकारी पैसा हड़पने में लगा हुआ है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि संवेदक अपनी पहुंच का धौंस दिखाकर ग्रामीणों को भयभीत करने का प्रयास करता है।

वहीं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि संवेदक की ओर से नल जल योजना में भारी गड़बड़ी की जा रही है। पंचायत में कहीं 130 फीट तो कहीं 140 व 200 सौ फीट बोर कराया जा रहा है। संबंधित जेई और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से ही संवेदक व्यापक पैमाने पर योजना में अनियमितता बरत रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर जिपस रंजनी शर्मा ने कहा कि सरकार कि इस महत्वाकांक्षी योजना में संवेदक की मनमानी चलने नहीं दी जाएगी। इस भ्रष्टाचार को लेकर विभागीय अधिकारियों से लेकर सूबे के पेयजल मंत्री तथा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जांच करवाई जाएगी। इस संबंध में विभागीय जेईने बताया कि नल जल योजना में संवेदक की ओर से अनियमितता बरती जा रही है, तो जांच कर जिस बोर में पानी नहीं निकला है, वहां दोबारा बोर कराया जायेगा। साथ ही अगर किसी के घर के अंदर बोर किया गया है, तो उस बोर का बिल पास नहीं होगा।

## जादू देश की सबसे अच्छी कलाओं में शामिल : निरंजन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



जादू हमारे देश की सबसे अच्छी कलाओं में है। लेकिन यह विलुप्तप्राय होता जा रहा है। इसे विलुप्त होने से बचाने के साथ ही जादू के माध्यम से मनोरंजन के साथ साथ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने की दिशा में भी पहल किया जा रहा है। उक्त बातें जादूगर आर सरकार के नाम से मशहूर निरंजन आजाद ने शहर के उमंग वाटिका में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि गढ़वा में भी उनका शो अगले एक माह तक चलेगा। तीन अक्टूबर की शाम को उनके जादू शो का उद्घाटन पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह एवं गढ़वा के एसडीओ राज महेश्वरम द्वारा किया जाएगा। इसके बाद प्रतिदिन तीन शो चलेगा। आर सरकार ने कहा कि जादू शो के जरिए समाज की सबसे बड़ी समस्या नशाखोरी व दहेज पर फोकस करता हुआ आइटम दिखाया जाएगा। जबकि विलुप्त हो चुके डायनासोर से संबंधित आइटम मुख्य आकर्षण रहेगा। इसके अलावा भ्रूण हत्या आदि पर भी आइटम रहेगा। उन्होंने कहा कि जादू हाथों की सफाई, लाइट इफेक्ट, हिप्टोनिज्म आदि का मिश्रित रुप है। एक शो में 50 से अधिक आइटम दिखाया जाएगा। मौके पर प्रबंधक प्रेम धनराज, राहुल तिवारी आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### वाहन के धक्के से गिरा राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह अशोक स्तंभ, प्रशासन उदासीन



**चंदवा।** शहर के मुख्य चौराहा इंदिरा गांधी चौक की शान, राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न अशोक स्तंभ रविवार देर रात एक अनियंत्रित चेचिस वाहन की टक्कर से गिर कर क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि उस वक्त मौके पर कोई मौजूद नहीं था वरना बड़ी घटना घट सकती थी। घटना के बाद पुलिस ने उक्त वाहन को जब्त कर लिया। बताते चलें कि इंदिरा गांधी चौक पर उक्त अशोक स्तंभ का निर्माण लगभग साठ सत्तर वर्ष पूर्व में किया गया था। हर वर्ष चौक पर 15 अगस्त और 26 जनवरी को झंडोत्तोलन का कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। चौक के नजदीक एनएच पर सड़क पर महीने भर पहले बड़े बड़े गड्ढे बन गये हैं। अखबार में खबर छपने के बाद एनएच वालों ने संज्ञान ले कर छर्री डस्ट की भराई करवाई थी पर वह बहुत दिन नहीं चल पाई और सड़क पुनः गड्ढे में तब्दील हो गई। उक्त गड्ढे में बरसात का मटमैला पानी जमा रहता है जिससे चालकों को सड़क की वास्तविक स्थिति का पता नहीं चल पाता है। बीती रात भी एक चेचिस वाहन वहां से गुजर रहा था। इसी दौरान गाड़ी का पहिया पानी भरे गढ्ढे में चला गया जिससे गाड़ी असंतुलित होकर अशोक स्तंभ से जा टकराई। घटना के चौबीस घंटे बीत जाने के बाद भी अशोक स्तंभ सड़क पर ही पड़ा रहा, लेकिन प्रखंड प्रशासन के द्वारा इसकी कोई सुध नहीं ली गई। अशोक स्तंभ को जल्द से जल्द ठीक कराने की मांग माकपा नेता अयुब खान, कॉंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने प्रखंड प्रशासन और कोल ब्लॉक कंपनियों से की है।

### वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह : वनकर्मियों व स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी



**बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत बरवाडीह-छिपादोहार पश्चिमी प्रक्षेत्र में वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह के तहत वनों एवं बाघ को बचाने को लेकर वन कर्मियों एवं स्कूली बच्चों ने रेंजर अजय टोप्पो के नेतृत्व में सोमवार को प्रभातफेरी निकाली। प्रभातफेरी वन कार्यालय से निकलकर रेलवे क्षेत्र समेत और मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः वन कार्यालय में आकर समाप्त हुई। मौके पर अखिलेश कुमार वनपाल, मुकेश उरांव वनपाल, रजनीश सिंह वनपाल, शशि भूषण सिंह, मुकेश यादव, अभिषेक सिंह, दीपक मिश्रा, अविनाश एक्का, इमरान अहमद, उमेश कुमार, नेसार, कृष्णा राम आदि मौजूद थे।

### मनिका में शौर्य जागरण यात्रा रथ का लोगों ने किया भव्य स्वागत




**मनिका।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में शौर्य जागरण यात्रा का सोमवार को बजरंग दल के संयोजक अंकित कुमार की अगुवाई में बकोरिया गांव से हाई स्कूल मैदान तक पहुंचा। इस मौके पर अयोध्या से चलकर आए कामेश्वर चौपाल, बबन पासवान, पश्चिमी जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, अरुण विश्वकर्मा, मुखिया सत्येंद्र कुमार सिंह, शंकर दुबे, दिनेश राय, गोविंद पासवान, दिलेश्वर यादव, संजय लोहारा, शिव शंभू प्रसाद, राजेश शर्मा, राजदेव मांझी, अमरदीप प्रसाद, मंदिप कुमार, रजत कुमार, डॉक्टर चंदन गुप्ता, मधुरेश कुमार, चंदन यादव, आकाश भारती, अमन कुमार, निक्की कुमार, बिरजू सिंह, परमेश्वर सिंह, राजाराम सिंह, विकास कुमार, दिलीप विश्वकर्मा, मुकेश कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, अनिल सिंह, विक्रम कुमार सिंह, उमेश कुमार सिंह, अभय कुमार, दीपू कुमार, अमर प्रसाद, डिग्लू राय, रोशन कुमार, लकी कुमार, मोंटी कुमार, सुधीर पासवान, पंकज यादव, विनोद यादव, रवि पासवान, मुरारी ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में उत्कृष्ट कार्य व निबंध लेखन में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सम्मानित

# जन्मदिवस पर गांधी और शास्त्री को किया गया नमन

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

समाहरणालय सभागार में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। उपायुक्त हिमांशु मोहन और अन्य पदाधिकारियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर उपायुक्त ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जल सहिया ललिता देवी, सविता देवी, रेणु टोप्पो, सविता देवी, शकुंतला देवी, सिंधु देवी, जुलेखा बीबी, सुजनती देवी, शीला देवी, राजकुमारी देवी, बसंती कुमारी एवं शोभा देवी को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल देकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर पंचायत के कर्मी विनोद उरांव, मनोज उरांव, बलराम उरांव एवं राकेश राम को भी सम्मानित किया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के दौरान विद्यालयों में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बीच संबंध विषय पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं अलका, रिया, स्वाति, प्रीतम, रानी, प्रियंका, आरती, पूजा, सुल्ताना, रिजवाना, पांजनी, निशा, सोनाक्षी, खुशबु, वाहिदा, अर्चना, अंकित, सुशीला को उपायुक्त ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी मोहनलाल मरांडी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी जितेंद्र गुप्ता, गोपनीय शाखा प्रभारी श्रेयांश, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल दीपक महतो, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन आदि उपस्थित थे। वहीं भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इनके साथ विद्यालय के कई शिक्षक और शिक्षिका भी उपस्थित थे।









### महुआडांड़ में गांधी, शास्त्री को किया गया याद

**महुआडांड़।** प्रखंड में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। अनुमंडल सभागार समेत विभिन्न स्थानों पर राजनीतिक दलो और समाजसेवियों ने कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया. अनुमंडल सभागार में एसडीएम नीत निखिल सुरीन, डीएसपी राजेश कुजूर एवं अनुमंडल कर्मियों ने दोनों महापुरुषों को नमन किया। गांधी चौक पर आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी मोहम्मद निजामुद्दीन, बिहारी जयसवाल, अकबर अंसारी आदि मौजूद थे। रामपूर स्थित कांग्रेस कार्यकर्ता रामनरेश ठाकुर के आवास में हुए कार्यक्रम इस्तखार अहमद, अजित पाल कुजूर, अभय मिंज, कोमल किंडो, किशोर तिर्की आदि ने दोनों महापुरुषों को को याद किया। शहीद चौक स्थित जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष जुवेल लकड़ा के आवास परिसर पर आयोजित कार्यक्रम में युवा जिला उपाध्यक्ष परवेज आलम, अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सैफ अली, रबीउद्दीन अंसारी आदि उपस्थित रहे। मंडल भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष शम्भू प्रसाद की अध्यक्षता में सेवा एवं समर्पण कार्यक्रम के तहत दोनों महापुरुषों की जयंती मनाई गई। इस मौके पर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। विभिन्न कार्यक्रमों में सांसद प्रतिनिधि स्तेला नगेसिया, आंनद किशोर नाथ शाह, यमुना प्रसाद, संजय राय, दिलिप प्रसाद, भाजयुमो मंडल आईटी सेल प्रशांत सिंह, रोहित कुमार, आलोक कुमार, भरत कुमार, अप्पी जयसवाल, स्तेला, प्रिसिता लकड़ा, बबीता देवी, अनिल जयसवाल, राम जयसवाल आदि मौजूद थे। वहीं प्रखंड के स्थानीय आवासीय विद्यालय स्टेडियम में यूथ कांग्रेसियों ने गांधी-शास्त्री की जयंती मनाई। मौके पर प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष आमिर सुहैल, कांग्रेस युवा उपाध्यक्ष शकील खान उर्फ पप्पू, प्रखंड युवा उपाध्यक्ष अलिका, प्रखंड युवा कांग्रेस महासचिव अमला किंडो, स्पोर्ट्स प्रभारी शहीद अख्तर, युवा कांग्रेस सचिव अलिराजा, नितिन अनुरवि खाखा, अजय कुमार शर्मा, राजन खान, नवल, अमरदीप, दीपक कुजूर, अफरोज खान, दिलखुश खान, शाहिद अहमद आदि मौजूद थे।

### बरवाडीह में गांधी-शास्त्री की जयंती मनाई गई

**बरवाडीह।** प्रखंड में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविंद्र राम, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, कांग्रेस स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता आदि ने दोनों महापुरुषों को नमन किया। मौके पर एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र पासवान, सुरेश मिश्रा, अवधेश मेहरा, मोहम्मद सईद अंसारी, लक्ष्मण सिंह, हिमांशु गुप्ता, अजीत कुमार, संजय यादव, सुजीत गुप्ता, समसुल अंसारी, हदीश अंसारी, बलराम सिंह, शुभम दुबे आदि मौजूद थे। वहीं प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ राकेश सहाय ने गांधी-शास्त्री की तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुखिया कालो देवी, अरुण कुमार, वार्ड सदस्य रेखा पाठक, विजय कुमार पप्पू, नवल किशोर, लाल मुनी देवी आदि मौजूद थे।

### चंदवा में गांधी-शास्त्री जयंती पर हुए कार्यक्रम

**चंदवा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सोमवार को प्रखंड के चंदवा पक्षिमी, कामता, जमीरा, अलौदिया, माल्हन, बोदा, लाधुप, चकला, बारी आदि पंचायत सचिवालयों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभी स्थानों पर मुखिया ने दोनों महापुरुषों को याद किया। चंदवा पूर्वी पंचायत सचिवालय में मुखिया रंजीत उंराव ने गांधी-शास्त्री को के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। विशेष ग्राम सभा योजनाओं का चयन किया गया। कांग्रेस पार्टी कार्यलय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी-शास्त्री जयंती मनाई गई। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, रामयश पाठक, सेवादल जिला अध्यक्ष बाबर खान, निर्मल भारती, श्रीराम शर्मा, मुकेश कुमार सिंह, अरुण भारती, दामोदर उपाध्याय, कैलाश बैठा, लबालजी उरांव, सरवर अंसारी, मजहर खान, मोहम्मद फिरोज, संतोष सिंह, सागर प्रजापति, युनुस खान, छटन रिझरुस पाल एक्का आदि उपसिथत थे। वहीं एबीवीपी ने सेवार्थ विद्यार्थी लातेहार के बैनर तले जिला परिषद कॉम्प्लेक्स के समीप स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। मौके पर रामवि सासंग की शिक्षिका प्रियंका, रजनीश देव, अरविंद कुमार, झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, शुभम कुमार, मुकेश साहू, नवनीत आदि मौजूद थे।

### मनिका कांग्रेस कार्यालय में मनी गांधी-शास्त्री जयंती

**मनिका।** प्रखड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जंयती मनाई गई। प्रखड कांग्रेस अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, बीसूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, युवा अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, साजन कुमार, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र भारती, कांग्रेस युवा उपाध्यक्ष विशाल पासवान, बीस सूत्री उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव, सुरेंद्र भारती, प्रखंड युवा उपाध्यक्ष मोहन राम, तिरलोकी उरांव, प्रखंड युवा कांग्रेस महासचिव ज्ञानचंद पासवान, कोषाध्यक्ष गुडु सिंह, सचिव सरजू यादव, पवन, कलतू पासवान, कलाम अंसारी, सुनील यादव आदि मौजूद थे।

# चतरा जिले में मनाई गई गांधी-शास्त्री की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिला मुख्यालय स्थित हरजीवन तालाब के समीप शहीद स्मारक पर सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर सर्वधर्म सभा का आयोजन किया गया। उपायुक्त अबु इमरान संग डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, सदर एसडीओ मुमताज अंसारी समेत अन्य ने दोनों महापुरुषों के साथ के साथ ही 1857 की क्रांति में शहीद हुए सूबेदार जयमंगल पांडेय व नादिर अली को श्रद्धासुमन अर्पित किया।











### इंडिया गठबंधन ने किया गांधी व शास्त्री को याद

**इटखोरी।** इंडिया गठबंधन ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय स्थित गांधी स्मारक पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा, प्रखंड अध्यक्ष रामदीन यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष जागेश्वर यादव, प्रदेश डेलीगेट अनिल सिंह, बाल गोविंद राम, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरुण पासवान, कृष्णा साव, कांग्रेस नेता पवन शर्मा, संतोष सोनी आदि उपस्थित थे।

### थाना परिवार ने चलाया सफाई अभियान

**चतरा/कुंदा/इटखोरी/पत्थलगड़ा**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर सोमवार को जिले कुंदा, इटखोरी व पत्थलगड़ा थाना परिसर की सफाई की गई। कुंदा में थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना परिसर व आसपास की सफाई की गई। वहीं इटखोरी थाना परिसर में स्वच्छता अभियान थाना प्रभारी बिनोद कुमार के नेतृत्व में परिसर में सफाई की गई। पत्थलगड़ा थाना परिसर में थाना प्रभारी सचिन कुमार दास के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया।

### पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**चतरा/गिद्धौर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर सोमवार को चतरा जिले की सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभी ग्रामवासियों ने ग्राम स्तर पर वन अधिकार समिति का गठन/ पुनर्गठन करने तथा वन पर निर्भर लोगों और समुदायों को वन अधिकार पट्टा दिए जाने हेतु उनके दावों पर नियम के अनुसार अनुशंसा करने की शपथ ली। साथ ही जल, जंगल और जमीन और इसके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करेंगे। वहीं गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न पंचायत में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती सभी पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव के नेतृत्व में पंचायत भवन में मनाया गया। गिद्धौर पंचायत भवन में मुखिया निर्मला देवी, पहरा पंचायत में मुखिया बेबी देवी, बारिसाखी में मुखिया समीरा कुमारी, द्वारी में मुखिया जगदीश यादव, मंझगांवा में मुखिया सरिता देवी, बरियातू में मुखिया डेगान गंझू के नेतृत्व में जयंती मनाई गई। मौके पर समाजसेवी उपेंद्र दांगी, बबलू साव, महादेव दांगी, कपिलसहित ग्रामीण व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### आश्रम विद्यालय में मनी गांधी-शास्त्री जयंती

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड अंतर्गत आश्रम आवासीय विद्यालय जबड़ा में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्या जामवंती मिश्रा ने दोनों महापुरुषों को नमन किया। इस मौके पर विद्यालय में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षिका रिया कुमारी, विश्वजीत सिंह आदि शामिल थे।

### मंझगावा में गांधी व शास्त्री किए गए याद

**मयूरहंड(चतरा)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती प्रखंड के मंझगावा पंचायत सचिवालय में मनाई गई। इस मौके पर मुखिया मंजित सिंह, उप मुखिया उपेंद्र दांगी, पंचायत सचिव चंदन कुमार, पीरामील फाऊंडेशन की लीडर अमृता प्रजापति के अलावा वार्ड सदस्य आदि ने दोनों महापुरुषों को नमन किया। मौके पर फुलांग मुखिया रेणू देवी, पंसस प्रीति कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि शंकर रजक, समाजसेवी गुड्डु रजक, वार्ड सदस्य यशमेंद्र यादव, मुरारी पांडेय, सुमन दास, रंजीत यादव, विजय भूईया, सियाराम दागी, बबीता देवी, गीता देवी, सहिया प्रेमलता देवी, मालती देवी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### इंदिरा गांधी विद्यालय में मनाई गई जयंती

**चतरा।** शहर के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। मौके पर प्रधानाध्यापक आनंद कुमार सिंह, संजू कुमारी, निक्की कुमारी, प्रीती कुमारी, सिमरन कुमारी, प्रियंका कुमारी, समीक्षा कुमारी, देवराज कुमार, प्रिंस कुमार, जितेंद्र कुमार, आर्यन कुमार, मुन्नू आनंद उपस्थित थे।

## कवायद: पदाधिकारियों के साथ बैठक कर प्रोजेक्ट की समस्याओं व कोयला उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने पर दिया जोर

# कोयला सचिव ने किया मगध-संघमित्रा क्षेत्र का दौरा

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

कोयला मंत्रालय के सचिव अमृत लाल मीणा ने सोमवार को सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड द्वारा संचालित मगध कोल परियोजना पहुंचकर कोलियरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात प्रोजेक्ट कार्यालय मे पदाधिकारी के साथ मैराथन बैठक कर खदानों के सुचारू संचालन, खदानों का विस्तार, एनटीपीसी से मगध तक बेल्ट कॉरिडोर, स्थानीय भूमि विस्थापितों की समस्याओं का समाधान पर संबंधित पदाधिकारी से विस्तृत चर्चा की। इससे पूर्व मगध परियोजना परिसर में पहुंचने पर मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ ने कोयला मंत्रालय के सचिव अमृत लाल मीणा, सीआईएल के अध्यक्ष, सीसीएल के सीएमडी वी वीरा रेड्डी, कोल इंडिया और सीसीएल के निदेशक मंडल और सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर व अंगवस्त्र ओढा कर स्वागत किया। कोयला मंत्रालय के सचिव अमृत लाल मीणा, सीआईएल के अध्यक्ष, सीसीएल के सीएमडी एन वीरा रेड्डी, कोल इंडिया और सीसीएल के निदेशक मंडल लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन, चतरा उपायुक्त अबू इमरान और सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मगध संघमित्रा प्रोजेक्ट कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में कोयला मंत्रालय के सचिव अमृतलाल मीणा ने प्रोजेक्ट के अब तक के प्रगति पर संतोष जताया व भविष्य के उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अभी से प्रयास शुरू कर देने के जरूरत पर बल दिया। लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन, चतरा उपायुक्त अबू इमरान से कोयला मंत्रालय के सचिव ने सामुदायिक कार्यों से संबंधित विस्तृत चर्चा की। रोजगार शिक्षा स्वास्थ्य एवं क्षेत्र के विकास संबंधित योजनाओं का आकलन तैयार कर सीसीएल से विकास योजनाओं में भागीदारी सुनिश्चित करने का बात कही। बैठक में सीसीएल के सीएमडी वी वीरा रेड्डी, चेयर मैन पीएम प्रसाद, डीटी रामबाबू प्रसाद, पर्सनल डायरेक्टर हर्ष नाथ मिश्रा, डीपीएम्पी सतेंद्र कुमार गोमसत्ता आदि भी उपस्थित रहे।मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे डीएमओ आनंद कुमार लातेहार, सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी, बालूमाथ बीडीओ, सीओ आफताब आलम, अंचल अधिकारी बारियातु, अंचल अधिकारी टंडवा समेत मगध संघमित्रा क्षेत्र के परियोजना पदाधिकारी सत्यनारायण सदाला, वीपीआर कोयला खनन कंपनी के मैनेजर श्रीनिवास रेड्डी, मैनेजर मो इकराम समेत अनेक सीसीएल के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।



# कोयला सचिव, सीसीएल के चेयरमैन और सीएमडी ने किया मगध-आम्रपाली का दौरा

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

कोयला मंत्रालय के केंद्रीय सचिव अमृत लाल मीणा, सीसीएल के चेयरमैन पीएम प्रसाद तथा सीएमडी वी. वीरा रेड्डी ने सोमवार को एक साथ टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली व मगध कोल परियोजना का दौरा किया। परियोजना महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह व डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता ने अधिकारियों का स्वागत किया। अधिकारियों ने परियोजना क्षेत्र में बनाये गये डिजिटल डिस्पेंसरी सेंटर का उद्घाटन किया। सचिव ने परियोजना के विस्तारीकरण से संबंधित व्यवधानों व कार्यप्रगति का विस्तृत जायजा लिया। मौके पर जीएम नृपेंद्र नाथ आदि मौजूद रहे।



इस दौरान तकनीकी निदेशक आरबी प्रसाद, परियोजना निदेशक हर्षनाथ मिश्रा, वित्त निदेशक पवन मिश्रा, आम्रपाली पीओ पीके सिन्हा, मगध पीओ एस सत्यनारायण, एसडीओ सुधीर दास, प्रभारी सीओ विजय दास, इंस्पेक्टर विजय सिंह शामिल थे।

## गागर में सागर

### बापू के बताए मार्गों पर चलने का लिया संकल्प



**कुडू।** कुडू में सोमवार सुबह महात्मा गांधी की जयंती पर प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ मनोरंजन कुमार एवं समस्त प्रखंड कर्मियों ने राष्ट्रपिता की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। उसके बाद चिरी चौक में अवस्थित गांधी की प्रतिमा के पास सभी अधिकारी पहुंचे, जहां जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, बीडीओ मनोरंजन कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष सदरुल अंसारी, उप प्रमुख एनुल अंसारी आदि ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर वारिश अंसारी, संजू तुरी, अगस्तुस टोप्पो, मुखिया रमेश लोहरा, आरिफ अंसारी, सफिरा खाखा, पूर्णिमा बेसरा, हलीम अंसारी, भारती महतो, पूजा तांती, देवधारी उरांव, नासिर अंसारी, सुषमा कुमारी आदि उपस्थित रहे।

### गांधी जयंती पर पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**कुडू।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर कुडू ग्राम स्तर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा सिखाए गए आदर्श को याद किया गया। तत्पश्चात ग्राम सभा में उपस्थित सभी ग्रामीणों को वनाधिकार विषयक वन अधिकार अधिनियम, 2006 के द्वारा दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए जल, जंगल और जमीन और इसके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करने की शपथ दिलाई गयी।

### वन अधिकार अधिनियम पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण के निर्देश पर महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जिले के प्रखंडों व विभिन्न गांवों में वन अधिकार अधिनियम, 2006 पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें संबंधित ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति के सदस्यों द्वारा वन अधिकार अधिनियम, 2006 में दिए गए अधिकार का उपयोग करते हुए ग्राम स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन/पुनर्गठन करने तथा वन पर निर्भर लोगों और समुदायों को वनाधिकार पट्टा दिये जाने हेतु उनके दावा पर नियम के अनुसार अनुशंसा करने, जल, जंगल और जमीन और इसके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करने की शपथ ली गयी।

### कल्याण अस्पताल बसारडीह में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**लोहरदगा।** महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती विकास भारती बिशुनपुर की ओर से संचालित कल्याण अस्पताल बसारडीह में दो घंटे के स्वच्छता अभियान के तहत अस्पताल के चिकित्सक, एएनएम, जीएनएम, प्रबंधक, हाउसकीपर, वार्ड अटेंडेंट, स्वीपर, पारा मेडिकल कर्मियों ने अस्पताल परिसर में श्रमदान कर मनाई। इस अवसर पर अस्पताल कर्मियों को संबोधित करते हुए अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ भगवान मांझी ने कहा कि भारत को दिशा देने में महात्मा गांधी का अतुलनीय योगदान है जिसे भारत कभी नहीं भूलेगा। स्वच्छ भारत से ही समृद्ध भारत संभव है डॉक्टर दिलीप खेस ने कहा कि स्वच्छता पर महात्मा गांधी का जोर था। स्वच्छता सभी स्तरों पर होनी चाहिए चाहे वह शरीर का हो, घर हो या कार्य स्थल हो। स्वच्छ शरीर में ही आरोग्य शरीर का वास होता है। कल्याण अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक ने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत की परिकल्पना की है उसे हम सभी को मिलकर साकार करना है और हम जहां भी रहे स्वच्छता के लिए आग्रही रहे और प्रतिदिन स्वच्छता के लिए श्रमदान अवश्य करें। इस अवसर पर डॉ. भगवान मांझी, डॉक्टर दिलीप खेस, डॉक्टर चंदन कुमार, डॉ. आस्था सिन्हा, डॉक्टर सरिता टोप्पो, प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, मुकेश साहू, जमुना देवी, एएनएम अंशु कुमारी, कुजूर शांति, सरोज कुमारी, सीमा कुमारी, प्रभा कुमारी, चंद्र किशोर, टाना भगत, सुगेंबर भगत, अनीता देवी, शनिचरिया देवी, ललिता देवी, सीता देवी, भजन भगत, सुरेंद्र लोहार आदि उपस्थित थे।

### अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की बैठक सह सम्मान समारोह आयोजित

# 'हमेशा बुराइयों से लड़ा है चंद्रवंशी समाज'

**राज्यसभा सांसद ने अपने कोष से विवाह भवन बनाने की घोषणा की**

**लोकसभा सांसद ने संसदीय कोष से धर्मशाला निर्माण की घोषणा की**



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति एवं सम्मान समारोह का आयोजन बलदेव साहू शिव प्रसाद साहू धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा में राष्ट्रीय स्तर का सामाजिक उत्थान एवं सम्मान समारोह का आयोजन सराहनीय प्रयास है। चंद्रवंशी समाज हमेशा बुराइयों से लड़ा है और सत्य का साथ दिया है। सामाजिक सौहार्द बनाने में चंद्रवंशी समाज की भूमिका सकारात्मक रही है। उन्होंने अपने निधि कोष से विवाह भवन बनाने की घोषणा की।

सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि चंद्रवंशी समाज देश के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट जरासंघ महाराज के वंशज है, जो हमेशा निडरता एवं साहसिक कार्यों के लिए प्रसिद्धि रहा है। उन्होंने चंद्रवंशी समाज के उत्थान और कल्याण हेतु अपने संसदीय कोष से धर्मशाला निर्माण की घोषणा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार आजाद ने कहा कि चंद्रवंशी समाज की घोर उपेक्षा की जाती रही है लेकिन अब चंद्रवंशी समाज जागरूक हो गया है। प्रदेश अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि झारखंड के चंद्रवंशी समाज को हाशिये पर डालने का प्रयास निंदनीय है। सीएनटी जैसे संवेदनशील मुद्दे पर झारखंड सरकार को विचार करना चाहिए। प्रदेश युवा अध्यक्ष निश्चय वर्मा ने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि युवा में बहुत शक्ति होती है, जिसका सदुपयोग समाज के पिछड़ेपन को दूर करने, शिक्षित बनाने में किया जाएगा। इस अवसर पर सर्वसम्मति से लोहरदगा जिला कमिटी का विस्तार किया गया और 6 महीने के अंदर वोटिंग के द्वारा चुनाव कराने का निर्देश दिया गया। लोहरदगा अध्यक्ष के रूप में दुबराज वर्मा, जिला महामंत्री रितेश वर्मा उर्फ कुणाल वर्मा तथा वरीय उपाध्यक्ष जगन्नाथ राम को बनाया गया है। मौके पर आकाश वर्मा, रोहिणी वर्मा, छितिज वर्मा, अरविंद वर्मा, अंकुर वर्मा, आंचल वर्मा, अनुराधा वर्मा, संजना वर्मा को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं अवनि वर्मा, अमित वर्मा और किशोर वर्मा को पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय और माया देवी को सिलाई प्रशिक्षक के सराहनीय कार्य करने पर मेडल देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन राजकुमार वर्मा द्वारा किया गया।

### रेलवे स्टेशन के समीप अपराधियों ने की लूट

**कुडू।** अज्ञात नकाबपोश अपराधियों ने लोहरदगा टोरी रेलवे लाइन के कमले स्टेशन के समीप रेलवे का तार और मजदूरों के मोबाइल की लूट की घटना को अंजाम दिया है। इस संदर्भ में आरपीएफ के इंस्पेक्टर आरवी सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन के पीछे कमल गांव में चल रहे काम मे रविवार की रात चार पांच की संख्या में हरवे हथियार के साथ पहुंचे नकाबपोश अपराधियों ने काम मे लगे मजदूरो को कब्जे में लेकर पहले उनके मोबाइल लूट लिया और वहां रखे करीब 38 मीटर कंटेक्ट तार ले गए जिसकी कीमत करिब 35 से 40 हजार होगी। उन्होने बताया कि इस संबंध में आरपीएफ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरपीएफ अपराधकर्मियों की शिनाख्त और धर पकड़ के लिए प्रयास में जुटी है।

## विशेष ग्राम सभा और वन अधिकार अधिनियम को लेकर हुई संकल्प सभा



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
भंडरा प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर संबंधित पंचायत मुखिया की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा व वन अधिकार अधिनियम को लेकर संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यकता अनुसार योजनाओं का चयन किया गया। भंडरा प्रखंड के उदरंगी पंचायत में मुखिया परमेश्वर महली की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पीसीसी पथ, सिंचाई कूप, मुर्गी शेड, आम बागवानी सहित योजनाओं का चयन कर स्वीकृति प्रदान के लिए प्रस्ताव भेजा गया।

मौके पर मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती की अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न समस्याओं के निदान को लेकर योजना का चयन किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता अभियान को लेकर भी विस्तृत जानकारी देते हुए संक्रमित बीमारियों से बचाव को लेकर स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के बीच उत्पन्न समस्याओं से अवगत होते हुए उनकी समस्याओं को निदान के लिए पीसीसी पथ, नाली निर्माण, आम बागवानी सहित योजना को ग्राम सभा में स्वीकृत दी। उन्होंने वन अधिकार अधिनियम को लेकर लोगों को विस्तृत जानकारी दिया है।

### पंचायतस्तरीय समीक्षा बैठक हुई

**भंडरा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी भंडरा के आदेश अनुसार पंचायत भवन भौरों में पंचायत की मुखिया सुमंती तिग्गा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों का समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में पंचायत का सर्वांगीण विकास की रूप रेखा बनाई गई, जिसमें मुख्य रूप से पंचायत सचिव तिवारी भगत, रोजगार सेवक झुनियाउरांव, आयुष्मान चिकित्सक, स्वास्थ्य चिकित्सक भौरों, जलसहिया, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, स्वास्थ्य सहिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्य, राशन डीलर, कृषक मित्र, स्वयंसेवक, आवास मित्र, शिक्षक गण एवं पशु सखी उपस्थित हुए।

## कांग्रेसजनों ने गांधी जी और शास्त्री को किया याद




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा सह विचार गोष्ठी का आयोजन जिलाध्यक्ष सुखेर भगत की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम दोनों महापुरुषों के चित्र पर उपस्थित कांग्रेसियों के द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन दर्शन एवं आदर्शों को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर सुखैर भगत ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत की स्वतंत्रता के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। उन्होंने सर्वधर्म समन्वय, मद निषेध, चरखा चलाना, कई दिनों तक उपवास करना, विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार आदि पर बल दिया और महत्वपूर्ण कदम उठाए। प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय शाहदेव ने कहा गांधी ने अपने अहिंसात्मक आंदोलन के माध्यम से देश को आजादी दिलाने का काम किया। अकेले उन्होंने बहुत सारी लड़ाइयां लड़ीं। आंदोलन में सहभागी हुए। इसके साथ-साथ सामाजिक कुरीतियों-रंगभेद नीति, छुआछूत आदि का अंत किया। कार्यकारी जिला अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि अपने सादगी भरे जीवन एवं सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए उन्होंने देश को संगठित किया और अंग्रेजों के चंगुल से आजाद कराया। एक शिक्षित बैरिस्टर होने के बावजूद उन्होंने अपना जीवन अर्धनग्न अवस्था में व्यतीत किया। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर उन्होंने बल दिया और विदेशी कपड़ों की होली जलाई। विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल ने कहा कि गांधी अपनी राजनीतिक यात्रा के दौरान तत्कालीन बिहार कई बार आए और लोगों को स्वतंत्रता आंदोलन के लिए प्रेरित किया। मौके पर प्रदीप विश्वकर्मा, हाजी सिकंदर अंसारी, शहादत हुसैन, सलीम अंसारी, शाहिद अहमद वेलू, सद्रुल अंसारी, युनूस अंसारी, जुगल भगत,दीपक महतो, दिनेश गुप्ता, दीपक ठाकुर, मोजम्मिल अंसारी, विशाल डुंगडुंग, विनय उरांव, प्रकाश उरांव, शंभू प्रजापति, रंजीत लकड़ा, तौसीफ आलम, गुलाम जिलानी, सैफ अहमद, मुनव्वर आलम, आफताब आलम, सुभम शहदेव, अंसारी, इमरोज अंसारी, मोहमद फारुख, सविता कुमारी, सेराज अंसारी, मोइज खान इत्यादि उपस्थित थे।

### जयंती पर याद किए गए महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री

**लोहरदगा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सोमवार को उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता के नेतृत्व में समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) प्रमेश्वर प्रसाद, जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक दण्डाधिकारी समेत विभिन्न कार्यालयों के कर्मीगण शामिल हुए। इस मौके पर दोनों महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित कर देश के लिए दिए उनके बलिदान को याद किया गया।

## मकान की दीवार गिरने से महिला हुई गंभीर रूप से जख्मी



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण प्रखंड क्षेत्र के जोगना में कच्चे मकान की दीवार गिरने से महिला गंभीर रूप से हुई जख्मी हो गई। जख्मी महिला को इलाज के लिये परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जाता है कि तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण जोगना ग्राम निवासी लियाकत अंसारी के कच्चा मकान की दीवार गिर गई, जिसमें लियाकत अंसारी की पत्नी रहिमन बानो को हाथ पैर एवं कमर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के उपरांत परिजनों ने आनन-फानन में सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया, जहां से रांची रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि रहिमन बानो अपने घर में रसोई के समीप सब्जी काट रही थी। उसी समय अचानक दीवार गिर गई, जिससे महिला को गंभीर चोटें आई हैं। वहीं घटना की सूचना आपदा प्रबंधक पदाधिकारी विभाकर कुमार को देते मदद की गुहार लगाई गई है। इस संदर्भ में आपदा प्रबंधक पदाधिकारी ने घायल महिला को इलाज करवाने तथा पीड़ित परिवार से लिखित आवेदन मांगा है।

### लागातार हो रही बारिश से भारी नुकसान कई जगहों पर गिरे पेड़ व घर



**कुडू।** दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से कुडू में जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया। ब्लॉक परिसर में एक पेड़ गिरने से चहारदीवारी धराशायी हो गयी। वहीं कुडू निवासी स्व नागेसवर साहू का मकान गिर गया। इसके अलावा कई स्थानों में पेड़ गिरने और कच्चे मकानों के धाराशायी होने की भी खबर है। कई जगहों पर पेड़ों के बिजली के तारों पर टूटकर गिर जाने के कारण आपूर्ति व्यवस्था भी चरमरा गई। इससे लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बारिश से कुएं से लेकर तालाब तक के जलस्तर में वृद्धि हुई है। वहीं कई जगहों पर घरों में पानी भी घुसने की भी खबर है।

## बारिश से घरों को नुकसान जनजीवन हो रहा प्रभावित



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। रविवार रात्रि हुई मूसलाधार बारिश से आदर्शनगर के निचली हिस्से के कई घरों में पानी घुस गया है। छिपादोहर निवासी अनूप प्रसाद की देर रात्रि खपरैल का मकान गिर गया। इस वक्त घर के सभी सदस्य जगे हुए थे जिससे परिवार के सभी लोग बाल-बाल बच गए। अनूप प्रसाद ने बीडीओ का ध्यान आकर्षित कराते हुए आवास निर्माण की मांग की है। बारिश से खुरा पंचायत के बभंडीह ग्राम निवासी मंगल देव ठाकुर और सुजीत कुमार का घर ध्वस्त हो गया है, जिससे दोनों परिवार बेघर हो गए हैं। बारिश में सेमोरवाई कला पंचायत अंतर्गत मंडल ग्राम के सामुदायिक भवन का सामने का हिस्सा भी धराशायी हो गया है। बारिश से पूर्वी जिप सदस्य कन्हाई सिंह का उकामाड़ पंचायत के लेदगाई ग्राम स्थित आवास भी गिर गया है। प्रखंड मुख्यालय के आदर्श नगर मोहल्ला में नाली जाम रहने से निचले हिस्सों के कई घरों में पानी घुस गया, जिससे लोगों को पूरी रात जाग कर काटनी पड़ी। प्रखंड के सुदूर क्षेत्रों में भी लगातार हुई बारिश से कई घरों को नुकसान हुआ है। सोमवार दोपहर बारिश थमने से लोगों को राहत मिली।

**समस्या** सड़कों पर नालियों का पानी आने से सड़कें कीचड़ में तब्दील

## एक तरफ स्वच्छता अभियान, दूसरी ओर नालियां जाम



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर रविवार को प्रखंड, जिला सभी जगहों पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। इसके तहत परिसर के कर्मियों द्वारा परिसर की साफ-सफाई की गई। कहा जाता है कि स्वच्छता एक अनमोल धन है। स्वच्छ तन में ही स्वच्छ मन का निवास होता है। स्वच्छता का स्वस्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। स्वच्छता अपना कर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। अपने आस-पास के क्षेत्र की साफ सफाई नियमित रूप से करते रहें व लोगों को भी सफाई को लेकर प्रेरित करें। एक तरफ स्वच्छता पखवाड़ा चल रहा है तो दूसरी तरफ कैरो प्रखंड कार्यलय से कुछ ही दूरी पर सड़क की साफ सफाई न होने से लोगों को दुश्वारियों कि सामना करना पड़ रहा है। पानी निकासी की कोई व्यवस्था न होने के कारण सड़क पर पानी जमा रहता है। इससे सड़क कीचड़ में तब्दील हो चुकी है। सड़क पर कूड़ा भरा पड़ा है। यह समस्या कोई एक दो दिन की बारिस से उत्पन्न नहीं हुई है। बीते कई वर्षों से ग्रामीण पूरी बरसात कीचड़ और सड़क में पानी के जमाव की इस समस्या को झेल रहे हैं। लोगों का घर से निकलना भी दूभर हो गया है। स्वच्छता जागरूकता अभियान को लेकर कार्यक्रम चलाए जाते हैं, लेकिन वो कार्यक्रम का असर का नतीजा सबके सामने है। कार्यक्रम के माध्यम से साफ सफाई भी करके दिखाया जाता है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।

### अफीम खेती रोकथाम को लेकर ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**कुंदा (चतरा)।** सोमवार को कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत गेन्द्रा व टीटीभर गांव में पुलिस व वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम सभा आयोजित कर ग्रामीणों को अफीम खेती न करने की सलाह दी गई। मौके पर थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए काहा की अफीम खेती के काफी दुष्परिणाम है, इसके साथ ही अफीम खेती करना कानून अवैध है। अफीम खेती करने वाले के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत सजा का प्रावधान है। साथ ही अफीम खेती रोकथाम को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए, अफीम के दुष्प्रभाव की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। ग्राम सभा में वन विभाग के कर्मी शामिल थे।

## रोहिणी, पूनम, शीला ने रायगढ़ में लहराया परचम



**नवीन मेल संवाददाता।** बरवाडीह छत्तीसगढ़ में आयोजित इंटर स्टेट लूडो प्रतियोगिता में लूडो प्रतिभागियों ने पुरस्कार व मेडल हासिल कर प्रखंड का का नाम रोशन किया है। कोच व विजय प्रतिभागियों को बरवाडीह पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। बता दें कि कोच अशफाक अहमद मुन्ना के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक चयनित लूडो प्रतिभागियों ने उक्त प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था, जिसमें आधा दर्जन से अधिक खिलाड़ियों ने सफलता हासिल की। रायगढ़ में आयोजित लूडो इंटर स्टेट प्रतियोगिता में बरवाडीह की रोहिणी कुमारी प्रथम, पूनम कुमारी द्वितीय, शीला कुमारी द्वितीय स्थान पर रही। वहीं रोहित, परमेश्वर, अंकित, विवेक भी अपने दमदार प्रदर्शन के बल पर सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। झारखंड लूडो के स्टेट सचिव शामल लाल ने सभी खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं कोच असफाक अहमद मुन्ना को झारखंड रेफरी संघ का अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की गई। मौके पर कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, रेलवे क्लब के महासचिव रंजित सिंह राणा, पूर्व उप मुखिया काजमी अनवर, प्रेम कुमार अधूरा आदि मौजूद थे।

## गागर में सागर

### शेयरों में गिरावट और फेड के इशारे से चमक जाएगा सोना



**नई दिल्ली।** गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेश काफी बढ़ गया है। पिछले साल सितंबर और दिसंबर में खत्म तिमाहियों में निवेश आने के बजाय इन फंडों से निकासी की गई थी। इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान भी ऐसा ही हुआ था। मगर जून तिमाही में गोल्ड ईटीएफ में 298 करोड़ रुपए की शुद्ध आवक हुई। जुलाई में आंकड़ा बढ़कर 456 करोड़ रुपए हुआ और अगस्त में 1,028 करोड़ रुपए निवेश के साथ आंकड़ा पिछले 16 महीने में सबसे अधिक हो गया। इस साल अब तक 6.2 फीसदी का औसत रिटर्न देने वाले 14 गोल्ड ईटीएफ फिलहाल 24,423 करोड़ रुपए की परिसंपत्ति संभाल रहे हैं। जब शेयर बाजार रोज नई ऊंचाई पर पहुंच रहा है तब निवेशक शेयर बाजार में मुनाफा कमाकर रकम सोने में लगा रहे हैं। कॉमट्रेंड्ज रिसर्च के निदेशक ज्ञानशेखर त्यागराजन ने कहा, निवेश सलाहकारों का सुझाव है कि अगर निवेशक को शेयर बाजार से अच्छा रिटर्न मिला है तो वह अपनी आय का एक हिस्सा सोने में लगा सकते हैं।

### मारुति ने दर्ज किया सबसे ऊंची मासिक बिक्री का आंकड़ा



**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की सितंबर में कुल वाहन बिक्री सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 1,81,343 इकाई रही, जो उसका एक महीने में बिक्री का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी। देश की सबसे बड़ी कार विनिमार्ता कंपनी ने सितंबर, 2022 में 1,76,306 कारों की थोक बिक्री की थी। एमएसआई ने बयान में कहा, पिछले महीने घरेलू बाजार में यात्री वाहन बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 1,50,812 इकाई हो गई, जो सितंबर, 2022 में 1,48,380 इकाई थी। कंपनी की कुल बिक्री अप्रैल-सितंबर के दौरान पहली बार 10 लाख इकाई के आंकड़े को पार कर गई है। एमएसआई ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 10,50,085 वाहन डीलरों को भेजे, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 9,85,326 वाहन बेचे थे। कंपनी ने कहा कि सितंबर में उसकी शुरूआती स्तर की कारों- ऑल्टो और एस-प्रेसो की 10,351 इकाइयों की बिक्री हुई, जो पिछले साल सितंबर के 29,574 से 65 प्रतिशत कम है।

### सितम्बर में कोल इंडिया का उत्पादन 12.6% बढ़कर 5.14 करोड़ टन पर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लि. (सीआईएल) का कोयला उत्पादन सितंबर में सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़कर 5.14 करोड़ टन पर पहुंच गया। इससे पिछले साल के समान महीने में कंपनी ने 4.57 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया था। बीएसई को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में उसका उत्पादन 11.3 प्रतिशत बढ़कर 33.29 करोड़ टन हो गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 29.9 करोड़ टन था। सितंबर में सीआईएल का कोयला उठाव 12.6 प्रतिशत बढ़कर 5.51 करोड़ टन रहा, जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में 4.89 करोड़ टन था। अप्रैल-सितंबर की अवधि में महारत्न कंपनी का कोयला उठाव भी 8.6 प्रतिशत बढ़कर 36.07 करोड़ टन हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 33.2 करोड़ टन था। घरेलू कोयला उत्पादन में कोल इंडिया का योगदान 80 प्रतिशत से अधिक है।

### कंपनी छोड़ने पर भी उठा सकते हैं ग्रुप मेडिकल बीमा का लाभ

**नई दिल्ली।** कंपनियां या संगठन अपने कर्मचारियों की सुविधा के लिए ग्रुप मेडिकल कवरेज (जीएमसी) प्रदान करते हैं। यह कंपनियों के कुल मुआवजा पैकेज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जीएमसी पॉलिसी वेतनभोगी लोगों के लिए बुनियादी स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा पाने का एक अच्छा तरीका है। आमतौर पर जीएमसी का लाभ तभी तक मिलता है, जब तक आप उस कंपनी में कार्यरत हैं। क्या आपने सोचा है कि मौजूदा कंपनी छोड़ने के बाद अगर आपकी अगली कंपनी जीएमसी नहीं देती है या सीमित कवर देती है या आप करियर में ब्रेक लेकर फ्रीलांसर या उद्यमी के रूप में कार्य शुरू करने का फैसला लेते हैं तो जीएमसी का क्या होगा।

### पुरानी पेंशन स्कीम को फिर से बहाल करने को लेकर आंदोलन शुरू

# नई पेंशन योजना में कम फायदे मिलने की बात पर लोग आक्रोशित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पिछले काफी समय से लोग पुरानी पेंशन स्कीम को फिर से बहाल करने को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। जानकार मानते हैं कि पुरानी योजना के मुकाबले नई पेंशन योजना में कर्मचारियों को काफी कम फायदे मिलते हैं, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित नहीं माना जा सकता। यही नहीं, जब नौकरी पूरी हो जाएगी और जो पैसे मिलेंगे उस पर टैक्स भी देना पड़ता है। हम अपनी आजीविका चलाने के लिए कमाई करते हैं। कोई नौकरी करता है, तो कोई अपना बिजनेस करता है। वहीं, जो लोग सरकारी नौकरी करते हैं (केंद्र या राज्य सरकार के कर्मचारी के तौर पर) उन्हें पेंशन देने का प्रावधान है। पिछले कुछ समय से आप ओपीएस यानी ओल्ड (पुरानी) पेंशन योजना और एनपीएस




यानी नई पेंशन योजना पर विभिन्न सरकारों और कर्मचारी संगठनों के बीच रार ठनी हुई है। बात अगर ओल्ड पेंशन योजना की करें, तो इसमें कर्मचारी के सेवा काल के आखिर के वेतन का 50 फीसदी पेंशन के रूप में आजीवन किया जाता था। इसकी पूरी राशि का भुगतान सरकार की तरफ से किया जाता था। हालांकि, दिवंगत अटली बिहारी वाजपेयी की सरकार ने दिसंबर 2003 में इस पुरानी पेंशन योजना को खत्म कर दिया था। अब उसी पुरानी पेंशन योजना को लागू करने के लिए विभिन्न कर्मचारी संगठन सड़कों पर उतर रहे हैं। केंद्र और राज्यों में सरकारी कर्मचारियों के लिए पेंशन अंतिम आहरित मूल वेतन का 50 प्रतिशत निर्धारित किया गया था। मतलब सेवा के आखिरी दौर में जितना वेतन मिलता था, उसका आधा प्रतिमाह रिटायरमेंट के बाद पेंशन के तौर पर मिलता था। इसके लिए कर्मचारियों के वेतन से कटौती भी नहीं होती थी। उदाहरण के लिए, अगर किसी रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी का सेवा में रहते हुए मासिक मूल वेतन 10,000 रुपये था, तो उसे 5,000 रुपये की पेंशन का आश्वासन दिया जाता था। इसके अलावा सरकार द्वारा सेवारत कर्मचारियों के लिए घोषित महंगाई भत्ते या डीए में बढ़ोतरी का असर भी पेंशनभोगियों के मासिक भुगतान पर पड़ता था।

## डीजल की मांग तीन प्रतिशत घटी पेट्रोल की 5.4% बढ़ी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कमजोर मांग और देश के कुछ हिस्सों में औद्योगिक गतिविधियां सुस्त पड़ने से डीजल की बिक्री सितंबर में तीन प्रतिशत घटी है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के शुरूआती आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सितंबर में सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों.. पेट्रोलियम कंपनियों की डीजल बिक्री घटी है। हालांकि, पेट्रोल की बिक्री में बढ़ोतरी हुई है। देश में सबसे ज्यादा खपत वाले ईंधन डीजल की बिक्री सितंबर में घटकर 58.1 लाख टन रह गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 59.9 लाख टन थी। सितंबर के पहले पखवाड़े में डीजल की मांग में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जबकि बारिश कम होने से दूसरे पखवाड़े में डीजल की मांग बढ़ी। मासिक आधार पर डीजल की बिक्री ढाई प्रतिशत अधिक रही है। अगस्त में डीजल की बिक्री 56.7 लाख टन रही थी। आमतौर पर मानसून के दौरान




डीजल की बिक्री घट जाती है, क्योंकि बारिश के कारण कृषि क्षेत्र की मांग कम रहती है। कृषि क्षेत्र में सिंचाई, कटाई और परिवहन के लिए ईंधन के रूप में डीजल का इस्तेमाल होता है। अप्रैल और मई में डीजल की खपत क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 9.3 प्रतिशत बढ़ी थी, क्योंकि उस समय कृषि क्षेत्र की मांग अच्छी रही थी। इसके अलावा गर्मियों की वजह से कारों में एयर कंडीशनर का इस्तेमाल बढ़ा था। आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में पेट्रोल की बिक्री पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 5.4 प्रतिशत बढ़कर 28 लाख टन हो गई। अगस्त में पेट्रोल की मांग में वृद्धि लगभग स्थिर रही है। सितंबर में मासिक आधार पर पेट्रोल की मांग 5.6 प्रतिशत बढ़ी है।

### एलआईसी ने किया सुभाष चंद्रा की प्रॉपर्टी पर कब्जा

## 570 करोड़ रुपए के कर्ज के भुगतान का था मामला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन सुभाष चंद्रा की एक प्रॉपर्टी पर 'सांकेतिक कब्जा' हासिल कर लिया है। बिजनस टुडे की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।



एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने चंद्रा द्वारा 570 करोड़ रुपए के कर्ज का भुगतान न करने के चलते प्रॉपर्टी पर कब्जा कर लिया है। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस द्वारा दिए गए एक विज्ञापन के अनुसार जिस प्रॉपर्टी पर कब्जा लिया गया है, वह मुंबई के चर्चगेट एरिया में बैकबेय रिक्लेमेशन एस्टेट में एक प्लॉट है। विज्ञापन में आगे बताया गया कि छक्ळ हाउसिंग फाइनेंस ने 13 दिसंबर 2021 को एक डिमांड नोटिस जारी किया था। इसमें उधारकर्ताओं- वसंत सागर प्रॉपर्टीज और पैन इंडिया इंफ्राप्रोजेक्ट्स के साथ ही गारंटर सुभाष चंद्रा को 60 दिनों के भीतर लगभग 570 करोड़ रुपए की कुल राशि वापस करने के लिए कहा गया था। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस द्वारा अखबार में प्रकाशित विज्ञापन में कहा गया, 'उपरोक्त उधारकर्ताओं/गारंटरों द्वारा राशि वापस न करने के कारण, उपरोक्त उधारकताओं/गारंटरों को विशेष रूप से और आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने सेक्युरिटाइजेशन (एनफोर्समेंट) नियम, 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित एसेट्स का 'सांकेतिक कब्जा' ले लिया है।' ऋणदाता ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज अधिनियम, 2002 के तहत संपत्ति का प्रतीकात्मक कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकताओं और गारंटरों एवं आम जनता को संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने की चेतावनी भी दी गई है।

### आरबीआई की एमपीसी बैठक 4 अक्टूबर से होगी

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक चार अक्टूबर से शुरू होगी। इस बैठक के नतीजों का ऐलान छह अक्टूबर को किया जाएगा। विशेषज्ञों को इस बार भी रेपो रेट 6.5 फीसदी पर यथावत रखे जाने की संभावना है। रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में होने वाली छह सदस्यीय एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक चार अक्टूबर से शुरू होकर छह अक्टूबर तक चलेगी। इस बैठक के नतीजों की घोषणा छह अक्टूबर को होगी। जानकारों का मानना है कि रिजर्व बैंक इस हफ्ते होने वाली एमपीसी बैठक में भी प्रमुख नीतिगत दर यानी रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर यथावत रख सकता है। अगर ऐसा होता है तो खुदरा और कॉरपोरेट कर्जदारों के लिए ब्याज दरें स्थिर रह सकती हैं। रिजर्व बैंक ने रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान महंगाई पर काबू पाने के लिए मई, 2002 से लेकर फरवरी, 2023 के बीच रेपो रेट में 2.5 फीसदी की बढ़ोतरी की थी।

## सेबी ने कंपनियों के लिए अफवाह का खंडन या पुष्टि करने की समय सीमा बढ़ाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सूचीबद्ध कंपनियों के लिए बाजार अफवाहों की अनिवार्य रूप से पुष्टि या उनका खंडन करने की समयसीमा बढ़ा दी है। सेबी के ताजा परिपत्र के अनुसार, बाजार पूंजीकरण के लिहाज से शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों के लिए यह समयसीमा बढ़ाकर एक फरवरी, 2024 तक कर दी गई है। पहले यह समयसीमा एक अक्टूबर, 2023 थी। इसी तरह बाजार पूंजीकरण के लिहाज से शीर्ष 250 कंपनियों के लिए यह समयसीमा अब एक अगस्त, 2024 से लागू होगी। पहले इसे एक अप्रैल, 2024 से लागू किया जाना था। इस नियम का मकसद सूचीबद्ध इकाइयों में कामकाज के संचालन को मजबूत करना है। सेबी ने कहा, बाजार



पूंजीकरण के लिहाज से शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों के लिए सूचीबद्धता दायित्व और खुलासा जरूरत (एलओडीआर) नियमों का कार्यान्वयन अब एक फरवरी, 2024 से होगा। वहीं बाजार पूंजीकरण के लिहाज से शीर्ष 250 कंपनियों के लिए यह नियम एक अगस्त, 2024 से लागू होगा। इससे पहले जून में सेबी ने नियमों को अधिसूचित करते हुए बाजार पूंजीकरण के आधार पर इन सूचीबद्ध कंपनियों को मुख्यधारा के मीडिया में बाजार अफवाह का खंडन या पुष्टि करने को कहा था। खुलासा जरूरतों के अनुसार, इन कंपनियों को निवेशक वर्ग के बीच चल रही किसी सूचना का 24 घंटे के अंदर मुख्यधारा के मीडिया के जरिए खंडन या पुष्टि करनी थी।

## विदेश

## प्लेन क्रैश होने से भारतीय अरबपति हरपाल रंधावा व बेटे समेत 6 की मौत

**एजेंसी। जोहान्सबर्ग**

दक्षिण- पश्चिमी जिम्बाब्वे के एक हीरे के खदान के पास तकनीकी खराबी के कारण हादसे का शिकार हुए प्राइवेट प्लेन में मरने वालों में भारतीय अरबपति और उनका बेटा भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस हादसे में छह लोगों की मौत हुई थी, जिनमें से एक भारतीय अरबपति हरपाल रंधावा हैं और एक उनका बेटा है। हरपाल रंधावा एक खनन कंपनी रियोजिम के मालिक हैं। गौरतलब है कि रियोजिम सोने और कोयले के उत्पादन के साथ-साथ निकल और तांबे को परिष्कृत करने वाली कंपनी है। बताया जा रहा है कि ये हादसा आईहरारे के माशावा में स्थित जवामहांडे क्षेत्र में 29 सितंब को हुआ था।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रियोजिम के मालिक हरपाल रंधावा 29 सितंबर को राजधानी हरारे से दक्षिण-पश्चिमी जिम्बाब्वे में मुरोवा हीरा खदान के लिए



उड़ान भर रहे थे, जब विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस ने कहा कि विमान, जो कथित तौर पर रियोजिम का था, माशावा के जवामांडे इलाके में हादसे का शिकार हुआ, जिससे उसमें सवार सभी छह लोग मारे गए, जिसमें चार विदेशी और दो जिम्बाब्वे के लोग शामिल थे। ऐसा संदेह है कि यह दुर्घटना किसी तकनीकी खराबी के कारण हुई है।पुलिस ने कहा, ₹जिम्बाब्वे पुलिस ने एक विमान दुर्घटना की रिपोर्ट दी है, जो 29 सितंबर को सुबह 7।30 से 8 बजे के बीच हुई, जिसमें छह लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है।₹ उन्होंने कहा, ₹व्हाइट और रेड जकैम विमान सुबह 6 बजे आईहरारे से खदान के लिए निकला था और माशावा से लगभग 6 किमी दूर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।₹ रियोजिम, जो पहले ब्रिटिश-ऑस्ट्रेलियाई खनन समूह रियो टिंटो का हिस्सा था, ने दुर्घटना की पुष्टि की और कहा कि वह अधिक जानकारी इकट्ठा करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। जिम्बाब्वे रिपब्लिक पुलिस (जेडआरपी) के प्रवक्ता, सहायक आयुक्त पॉल न्याथी ने स्थानीय मीडिया को बताया कि वे अभी भी इस बारे में और जानकारी जुटाने की प्रक्रिया में हैं। हरपाल रंधावा 4 बिलियन डॉलर की निजी इक्विटी फर्म जीईएम होल्डिंग्स के संस्थापक भी हैं। पत्रकार और फिल्म निमार्ता होपवेल चिनोनो ने कहा कि वह हरपाल रंधावा के निधन से दुखी हैं।

## इंडोनेशिया ने चीन की मदद से हाई-स्पीड ट्रेन का शुभारंभ किया



**एजेंसी। जकार्ता**

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने सोमवार को दक्षिण पूर्व एशिया की पहली हाई-स्पीड रेलवे का उद्घाटन किया। यह चीन की बेल्ट एंड रोड इंफ्रास्ट्रक्चर पहल के तहत एक महत्वपूर्ण परियोजना है। जो दो प्रमुख शहरों स्टेशनों के बीच यात्रा के समय को काफी कम कर देगी। बता दें कि चीन समर्थित यह परियोजना लंबे समय से लंबित थी। यह परियोजना देरी और बढ़ती लागत से घिरी हुई थी। इस परियोजना की लगात 7. 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर बतायी जा रही है। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक यह मुख्य रूप से चीन की ओर से वित्त पोषित है। इस परियोजना का निर्माण पीटी केरेटा सेपट इंडोनेशिया-चीन ने मिल कर किया है। जिसे पीटी केसीआईसी के नाम से भी जाना जाता है। जो चार राज्य के स्वामित्व वाली कंपनियों के इंडोनेशियाई संघ और चीन रेलवे इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड का एक संयुक्त उद्यम है। यह रेल लाइन मुख्य रूप से पश्चिम जावा प्रांत की घनी आबादी वाली राजधानी बांडुंग के साथ जकार्ता और शहरों के बीच यात्रा का समय मौजूदा तीन घंटे से घटकर लगभग 40 मिनट हो जाएगा।

### चीन का चंद्र मिशन 'चांग' ई 6 पाकिस्तानी सैटेलाइट लॉन्च करेगा

**इस्लामाबाद।** चीन का चंद्रमा पर नया "चांग'ई 6 मिशन" 2024 की पहली छमाही में लॉन्च किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वह एक पाकिस्तानी सैटेलाइट को भी चंद्रमा पर ले जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) ने सोशल मीडिया साइट पर एक बयान में कहा है कि चांग'ई 6 मिशन 2024 की पहली छमाही में चंद्रमा पर लॉन्च किया जाएगा। चांगई 6 मिशन फ्रांसीसी उपकरणों को ले जाएगा जो रेडियोधर्मी गैस का परीक्षण करेंगे। इसी तरह ईएसए के नेगेटिव आयन डिटेक्टर और इटली के वैले ब्रेट रडार सिस्टम को भी इस मिशन द्वारा चंद्रमा पर ले जाया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्यूबसैट नाम का पाकिस्तान का उपग्रह भी चंद्रमा की कक्षा में भेजा जाएगा। चीन अंतर्राष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन परियोजना में तेजी ला रहा है।

### बमबारी — आत्मघाती हमले के बाद तुर्किये की वायुसेना ने इराक पर बरसाए बम

# कई ठिकाने हुए तबाह, कुर्द लड़ाकों के मारे जाने का दावा

**एजेंसी। अंकारा**

तुर्किये की राजधानी अंकारा में हुए आत्मघाती हमले के बाद तुर्किये ने जवाबी कार्रवाई की है। तुर्किये की वायुसेना ने इराक स्थित कुर्द लड़ाकों के कई ठिकानों पर बमबारी की है। इस बमबारी में कई कुर्द लड़ाकों के मारे जाने का दावा किया जा रहा है। बता दें कि कुर्द विद्राहियों के संगठन ने ही अंकारा में हुए आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली थी। तुर्किये के आंतरिक मामलों के मंत्री ने वायुसेना की कार्रवाई की पुष्टि की है और कहा है कि सभी आतंकियों के मारे जाने तक लड़ाई जारी रहेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तुर्किये की वायुसेना ने कुर्द विद्राहियों के उत्तरी इराक स्थित 20 ठिकानों को तबाह कर दिया। इनमें कई गुफाएं, बंकर, शेल्टर होम और गोदाम शामिल हैं। ये सभी ठिकाने कुर्द विद्रोही संगठन कुर्दिस्तान वर्कर्स



पार्टी या पी.के.के के बताए जा रहे हैं। तुर्किये के आंतरिक मामलों के मंत्री ने दावा किया है कि तुर्किये की वायुसेना की बमबारी में कई कुर्द लड़ाके मारे गए हैं। तुर्किये के गृह मंत्री अली यारलीकाया ने बताया कि रविवार को अंकारा स्थित गृह मंत्रालय की इमारत के बाहर एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया, इस आत्मघाती हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। आत्मघाती हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। यारलीकाया ने बताया कि आत्मघाती हमलावर एक गाड़ी में बैठकर आए थे और दो हमलावर थे। एक आतंकी ने मंत्रालय की इमारत के बाहर विस्फोट में खुद को उड़ा लिया, वहीं दूसरा आतंकी पुलिसकर्मियों की कार्रवाई में मारा गया। वहीं विस्फोट में दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। जिनका इलाज चल रहा है। तुर्किये पर यह आत्मघाती हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब तुर्किये की सरकार आतंकी संगठन आईएसआईएस के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। यारलीकाया ने कहा कि उनकी लड़ाई आतंक के खिलाफ जारी रहेगी, जब तक सारे आतंकी नहीं मारे जाते। पहले सीरिया, इराक, ईरान, तुर्किये और आर्मेनिया जैसे देश ऑटोमन यानी उस्मानिया सल्तनत का हिस्सा था। प्रथम विश्व युद्ध में उस्मानिया सल्तनत की हार के साथ ही ये देश अलग-अलग हो गए। इन देशों में कुर्द लोगों की बड़ी आबादी रहती है और यह आबादी कुल साढ़े तीन करोड़ बताई जाती है। ये कुर्द लोग अपने लिए अलग देश यानी कुर्दिस्तान की मांग कर रहे हैं। तुर्किये की सीमा पर कुर्द लोग दावा करते हैं और इसे लेकर ही तुर्किए और कुर्द लड़ाकों में लड़ाई चल रही है।

### टेस्ला ने चीन में अपडेटेड मॉडल वाई इलेक्ट्रिक कार की लॉन्च

**हांगकांग।** एलन मस्क द्वारा संचालित टेस्ला ने चीन में अपडेटेड डिजाइन और परफॉर्मेंस में बदलाव के साथ लगभग 263,900 युआन (37,000 डॉलर) की शुरूआती कीमत पर एक नई मॉडल वाई इलेक्ट्रिक कार लॉन्च की है। नई कार चीन में संशोधित हाईलैंड मॉडल 3 को फॉलो करती है, जिसने पिछले महीने की शुरूआत में यूरोप में भी धूम मचाई थी। टेस्ला की चीनी वेबसाइट के अनुसार, मॉडल वाई में अब 0-100 किमी/घंटा का समय 5.9 सेकंड है। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, ईवी में रिफ्रेश मॉडल 3 की तरह नए पहिये और डैश में एलईडी लाइटिंग स्ट्रिप है। टेस्ला 299,900 युआन (लगभग 42,000 डॉलर) में एक लॉन्ग-रेंज वर्जन और 349,900 युआन (लगभग 49,000 डॉलर) में हाई-परफॉर्मेंस वर्जन भी पेश कर रहा है। कंपनी ने अभी तक अमेरिका में अपडेटेड मॉडल वाई की घोषणा नहीं की है।

## त्योहार से पहले हीरे की कीमतों में भारी गिरावट

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

इस साल कच्चे हीरे की कीमतों में गिरावट आई है। क्योंकि महामारी के बाद कई उपभोक्ता दिखावटी वस्तुओं से दूर हो रहे हैं। यह जानकारी मीडिया ने दी। ज़िम्निस्की ग्लोबल रफ डायमंड इंडेक्स के अनुसार, कीमतें एक साल में सबसे कम हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, उद्योग विश्लेषक इस मंदी का कारण आभूषण की बिक्री में गिरावट को बता रहे हैं। वैश्विक हीरा विश्लेषक पॉल जिम्निस्की ने कहा उपभोक्ताओं द्वारा आभूषणों के बजाय सेवाओं को चुनने के कारण हीरे की कीमतें कम हुई हैं। विश्लेषकों के अनुसार, महामारी के बाद अब लोग बाहर खाना खा रहे हैं, यात्रा कर रहे हैं। और विलासिता की वस्तुओं के बजाय अनुभवों पर पैसा खर्च कर रहे हैं। सीएनएन ने एक स्वतंत्र हीरा विश्लेषक एडहान गोलान के हवाले से कहा, 'हीरा पूरी तरह से



उपभोक्ता-संचालित बाजार है। हीरे के आभूषणों के लिए दुकानदारों की मांग कच्चे हीरे की कीमतों और कुछ हद तक खुदरा कीमतों को प्रभावित करती है। खुदरा विक्रेताओं ने विज्ञापन में करोड़ों डॉलर खर्च करके उपभोक्ता मांग को बढ़ावा दिया। कच्चे हीरे की बिक्री में दो रिकॉर्ड तोड़ने वाले वर्षों के बाद कीमतों में गिरावट आई है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, 2021 और 2022 में प्राकृतिक हीरे के आभूषणों की मांग अब तक के उच्चतम स्तर पर थी। उद्योग विश्लेषकों को सर्दियों की छुट्टियों के दौरान और 2024 की शुरूआत में खुदरा बिक्री में उछाल की उम्मीद है।

बुरे वक्त में कंधे पर रखा गया हाथ, आपकी कामयाबी पर बजने वाले तालियों से कई गुणा ज्यादा मूल्यवान होता है।

– अज्ञात

# झारखंड का राजनीतिक तापमान

**झारखंड** में सरना धर्म कोड को लेकर एक बार फिर राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर एक नया दाव चल दिया है। सत्ता पक्ष के सभी सहयोगी इस मसले पर साथ-साथ नजर आ रहे हैं। इधर भाजपा इन दिनों किंकर्तव्यविमूढ़ की स्थिति में हमले की तैयारी में है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह सरना धर्म कोड पर भाजपा के स्टैंड को लेकर पूछे सवाल पर इतना ही कहते हैं कि पार्टी अभी इस पर अध्ययन कर रही है। भाजपा के नेता कहते हैं कि भ्रष्टाचार के मामले में फंसे हेमंत सोरेन जान बूझकर ऐसे मुद्दे को हवा दे रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अनुसूचित जनजातियों के लिए अलग 'सरना धर्म कोड' निर्धारित करने की मांग की है। इससे पहले 11 नवंबर 2021 को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया था। जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अलग सरना धर्म कोड की मांग का प्रस्ताव विधानसभा से पास कराया था। जिसे राजभवन भेजा जा चुका है। अलग सरना धर्म कोड को जनजातीय समाज के लोगों की पहचान से जोड़ते हुए यह तर्क दिया जाता है कि 'सरना धर्म' हिंदू सनातन धर्म से भी प्राचीन धर्म होने के बावजूद आज इसकी अपनी पहचान नहीं है। इसका हवाला देकर जनजातीय समुदाय द्वारा अलग-अलग समय पर अलग सरना धर्म कोड की मांग की जाती रही है। प्राचीनतम धार्मिक पद्धति होने का हवाला देकर आदिवासी समुदाय के कई संगठनों और बुद्धिजीवियों का कहना है कि 'सरना धर्म' ही प्राचीनतम धर्म है, जो प्रकृति की पूजा करते हैं। इसके उपासक वर्तमान में झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, नार्थ ईस्ट के राज्य, बिहार, पं बंगाल और महाराष्ट्र में हैं। ऐसे में झारखंड की राजनीति में चर्चाओं का बाजार गर्म है। मुख्यमंत्री के पीएम को पत्र लिखने के बाद कांग्रेस ने भाजपा पर सीधा हमला बोला है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने अलग सरना धर्म कोड का प्रस्ताव विधानसभा से पास कराकर राजभवन भेजा। लेकिन या तो भूलवश या फिर जान बूझकर राजभवन ने उसे सही तरीके से विधानसभा को नहीं लौटाया। राजेश ठाकुर ने कहा कि सब जानते हैं कि अब राजभवन भी पीएमओ से गाइड होता है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अर्जुन मुंडा बतायें कि वह सरना धर्म को मानते हैं या नहीं? अर्जुन मुंडा अगर सरना धर्म कोड को लेकर संजीदा हैं तो वह इसके लिए काम करें। राजभवन से बात करें और अलग सरना धर्म कोड का मार्ग प्रशस्त करें। उन्होंने कहा कि जनजातीय कल्याण का केंद्रीय मंत्री होने के बावजूद अर्जुन मुंडा द्वारा अलग सरना धर्म कोड के लिए कुछ नहीं करना, सरना धर्म का अपमान जैसा है। बहरहाल राज्य में 26 प्रतिशत से अधिक आबादी जनजातीय समाज की है। राज्य में विधानसभा की 28 और लोकसभा की 05 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। वहीं अन्य सीटों पर भी उनकी संख्या अच्छी खासी है। लोकसभा की आरक्षित 05 में से 03 सीटों पर भाजपा का कब्जा है। वहीं दो सीटों पर महागठबंधन का कब्जा है। हेमंत सोरेन सरना धर्म कोड के भावनात्मक मुद्दे के साथ लोकसभा की ज्यादातर सीटों पर इंडिया गठबंधन को जीत दिलाना चाहते हैं। अब आगे देखिये होता है क्या?

**भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह सरना धर्म कोड पर भाजपा के स्टैंड को लेकर पूछे सवाल पर इतना ही कहते हैं कि पार्टी अभी इस पर अध्ययन कर रही है। भाजपा के नेता कहते हैं कि भ्रष्टाचार के मामले में फंसे हेमंत सोरेन जान बूझकर ऐसे मुद्दे को हवा दे रहे हैं।**

# भाजपा के मध्य प्रदेश मॉडल के मायने





ऋतुपर्ण दवे

**क्या** देश के अगले आम चुनाव के लिए दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में नया प्रयोग करने जा रही है? क्या यही प्रयोग राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भी होगा? मध्य प्रदेश विधानसभा उम्मीदवारों की हालिया सूची में बड़े-बड़े नाम यहां तक केन्द्रीय मंत्री, सांसद और संगठन के छत्रपों के जारी हुए हैं। इससे न केवल दूसरे प्रतिद्वंद्वी दलों की सांसें अटकी हुईं हैं बल्कि खुद भाजपा के संभावित दावेदार भी हक्का-बक्का हैं। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि यह एक तीर से कई निशाने लगाने जैसा है। निश्चित रूप से भाजपा जो दांव खेल रही है वह भारत की राजनीति में कइयों को अटपटा या नया भले लगे लेकिन हवा का रुख भांपने वालों का मानना है कि राजनीतिक बैरोमीटर पर संभावित आंधी-तूफान के संकेत भांपते हुए ही ऐसा बड़ा कदम उठाया होगा? फिलाहाल टिकट वितरण को लेकर मध्य प्रदेश मॉडल की जहां पूरे देश में चर्चा है। इसके राजनीतिक मायने भी बहुत गहरे हैं। भाजपा यहां कांग्रेस की 15 महीने पुरानी सरकार गिराकर फिर सत्ता में आई थी। अब भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयर्गीय, केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते सहित प्रभावशाली सांसद राकेश सिंह (जबलपुर), गणेश सिंह (सतना), उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद), रीति पाठक (सीधी) को सीधे विधानसभा चुनाव के रण में उतारना बताता है कि प्रदेश के किसी भी क्षेत्र को अछूता नहीं रख जहां-तहां ऐसे उम्मीदवार उतारेगी जो पूरे क्षेत्र में तो प्रभावी हों और कम से कम उस पूरे अंचल या संभाग में भी असर डालें। भाजपा ने शुरूआती सूची में मालवा-निमाड़, ग्वालियर-चंबल, महाकौशल-विंध्य, भोपाल-नर्मदापुरम पर जबरदस्त फोकस किया है। अब कयास है कि अगली सूची में शेष निमाड़, बुन्देलखंड, उत्तर-पश्चिम मालवा, नर्मदा उद्गम संभाग (शहडोल) सहित बाकी सीटों में कइयों पर चौंकाने वाले उम्मीदवार देगी। अभी 320 सीटों में केवल 79 सीटों की घोषणा ने ही राजनीति में नई लहर पैदा कर दी है। इसमें भाजपा ने केवल वर्तमान तीन विधायकों का टिकट काटा है। सबसे चर्चित नाम मैहर से नारायण त्रिपाठी का है। उन्होंने हमेशा अपना बगावती सुर दिखाया है। उनकी जगह श्रीकांत चतुर्वेदी को टिकट दिया गया है। वह ज्योतिरादित्य सिंधिया के करीबी हैं। वहीं सीधी से केदारनाथ शुक्ला की जगह सीधी सांसद रीति पाठक को टिकट देना अचंभित करने वाला है। सीधी के चर्चित पेशाबकांड के आरोपित प्रवेश शुक्ला को केदारनाथ शुक्ला का करीबी बताकर विपक्ष ने देश-प्रदेश में काफी हंगामा किया था। लगता है कि यह कहीं न कहीं डैमेज कंट्रोल है। इसी तरह नरसिंहपुर विधायक जालिम सिंह का टिकट उनके छोटे भाई केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह सांसद) को देकर भोपाल-नर्मदापुरम अंचल की सभी सीटों को साधने की कोशिश हुई है। अभी महज 79 घोषित उम्मीदवारों के जरिये भाजपा ने मध्य प्रदेश में अपने मंसूबे साफ कर दिए हैं। आगे 241 सीटों पर उम्मीदवार तय होने बाकी हैं जिनमें उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र की सीमा से जुडे तमाम क्षेत्र भी हैं। क्षेत्रीयता के हिसाब से महाकौशल में सबसे ज्यादा 38 में से 22 सीटों पर, मालवा-निमाड़ में 66 में से 21, ग्वालियर-चंबल की 34 में से 15, भोपाल-नर्मदापुरम की 36 में से सात, विंध्य की 30 में सात तो बुंदेलखंड की 26 में से सात सीटों पर उम्मीदवारों का चयन हो चुका है। निश्चित रूप से चंद दिनों में मध्य प्रदेश सहित सभी पांच राज्यों में चुनावी अखाड़ा सजते ही एक से एक और ऐसी राजनीतिक तस्वीरें आयेंगी जिनमें कई पहली बार दिखेंगी तो कई उम्मीदों से इतर भी होंगी। बावजूद इसके मध्य प्रदेश में मुकाबला भाजपा बनाम जनता दिख रहा है। कांग्रेस कमलनाथ के उदारवादी हिन्दू चेहरे पर दंगल में उतरने के बावजूद संगठन के लिहाज से भाजपा से उन्नीस क्या पंद्रह भी नहीं है। यहां विज्ञप्तिवीरों को छोड़ दें तो कांग्रेस धरातल पर सिवाय कुछ इलाकों के वर्षों से कहीं दिखी नहीं। गत वर्ष के नगरीय चुनाव में कई बूथों पर कांग्रेसी एजेंट तक नहीं थे। कहीं बहुमत में आकर भी अध्यक्ष की दौड़ में मात खा गई। ऐसे में मध्य प्रदेश का मुकाबला भाजपा और जनता के बीच है जिसमें रणीतिक रूप से भाजपा भारी पड़ेगी। राजस्थान में भी चुनावी सरगर्मी चरम पर है। गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के साथ हुई महज 15 मिनट की बैठक चचाओं में है। यहां भाजपा की 200 सीटों पर निकली चार परिवर्तन यात्राओं में जुटी भीड़, उसमें भी ज्यादातर में वसुंधरा का गायब रहना और इसी बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की ताजा तस्वीरें सामने आने के गहरे मायने हैं। यहां प्रेशर पॉलिटिक्स की पक रही नई खिचड़ी कौन खायेगा यही बड़ा सवाल है? संकेतों को समझें तो मध्य प्रदेश मॉडल के तहत केंद्रीय जल शक्तिमंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा कुछ अन्य सांसद मैदान में दिखेंगे। छत्तीसगढ़ में 90 विधानसभा सीटों में से 80 की सूची तैयार है। भाजपा ने 21 उम्मीदवारों की पहली सूची अगस्त में ही जारी कर दी थी। सवाल यह है कि अब तीन अक्टूबर को प्रधानमंत्री के बस्तर आने से पहले दूसरी सूची जारी होगी? मध्य प्रदेश मॉडल यहां भी चर्चा में है। चुनावी राज्यों के मुख्यमंत्री महीनों से ताबड़तोड़ दौरे, घोषणाएं और रेवड़ियां बांट लोगों को लुभाने में कोई कमीं नहीं छोड़ रहे हैं। तीनों हिन्दीपट्टी इलाकों में कहीं भी मौजूदा या पूर्व मुख्यमंत्री का चेहरा सामने नहीं रखना भाजपा की गंभीरता और विवशता दोनों दिखाता है। मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह 17 वर्षों से मुख्यमंत्री हैं तो छत्तीसगढ़ में रमन सिंह 15 वर्ष तक मुख्यमंत्री रहे। दोनों के नाम पहली सूची में नहीं है। वहीं राजस्थान में पांच बार सांसद, चार बार विधायक और दो बार मुख्यमंत्री रह चुकीं वसुंधरा राजे अलग ही चर्चाओं में हैं। कभी लगता है कि भाजपा डरी हुई है तो कभी लगता है कि भाजपा गंभीर है और कभी लगता है कि भाजपा जनता के मिजाज को भांप, अपने अंदर ही साफ-सफाई में तो नहीं लगी हुई है? अब वजह जो भी हो वो शीर्ष नेतृत्व जाने लेकिन जिस तरह के बयान गुजरे रविवार को सीहोर की एक जनसभा में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिये और कहा कि 'मैंने राजनीति की परिभाषा बदल दी है। मैं सरकार नहीं परिवार चला रहा हूं, मेरे जैसे भैया नहीं मिलेगा, जब मैं चला जाऊंगा तब आप सबको बहुत याद आऊंगा।'

**अभी महज 79 घोषित उम्मीदवारों के जरिये भाजपा ने मध्य प्रदेश में अपने मंसूबे साफ कर दिए हैं। आगे 241 सीटों पर उम्मीदवार तय होने बाकी हैं जिनमें उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र की सीमा से जुडे तमाम क्षेत्र भी हैं।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी*

**चूँकि** धर्मराज (यम) न्याय के देवता हैं और आत्माओं के कर्मों के अनुसार इनाम और दंड देना उनका कर्तव्य है, उन्होंने सर्वशक्तिमान कबीर जी से पूछा

**मदहारी जारी नरा जो भांग तंबाखू खाहीं परदारा पर घर तकें जिनको लो अक नाहीं**

धर्मराज (यम) अपनी व्यवस्थाओं को बताते हुए पूछते हैं कि- 'जिन लोगों ने तत्वदर्शी संत की शरण में आने से पहले रिश्वतखोरी, मादक द्रव्यों का सेवन, व्यभिचार, वध, मद्यपान, धूम्रपान आदि बुराई की है, क्या वह उन्हें कानून के अनुसार पकड़े या छोड़ दे? तब धर्मराज (यम) ने अनुरोध किया

**धर्मराय विनती करें सुनियों पुरुष कबीर जिनको तो पकड़ने पड़ेंगे और जड़नी पड़े जंजीर**

धर्मराज (यम) कहते हैं कि मेरे कानून के अनुसार मुझे उन्हें पकड़ना और दंड देना है

**कर्मो से तीरथ हैं, अब हैं जो शरण कबीर जिनको निश्चय मारे हूँ, और काढ़ों बल तकसीर**

मतलब मुझे उन्हें उनके पहले के पापों की सजा देनी होगी। अब वे आपकी शरण में हैं इसलिए मैं उन्हें नहीं पकडूंगा जिन्होंने आपका मंत्र लिया है और केवल उन्हें ही पकडूंगा जो सच्ची भक्ति नहीं करते हैं। कबीर परमेश्वर ने उन्हें आदेश दिया कि मेरा सारशब्द, सरनाम एक चुंबक की तरह है और मेरे 'हंस' (भक्त) लोहे की तरह है। मैं गुप्त रूप से अपने भक्त से मिलूंगा। वह मुझे प्रणाम करेंगे और फिर मैं उन्हे दर्शन दूंगा। जो मेरी आत्मा होगी मैं उसे तुम्हारे कारागार से मुक्त कर दूंगा। तुमने उन्हे अज्ञानी बना दिया है, इसलिए वे पाप करते हैं। इसलिए सावधान रहो, और उस भक्त का हिसाब मत करना जो ये कहे कि मैंने कबीर साहेब से दीक्षा ली है।

*(क्रमशः)*

# खिलौना उद्योग में भारत की धमक



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**मजबूत** इच्छा शक्ति से बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। इसका जीता जागता उदाहरण देश का खिलौना उद्योग है। यह अभी कल की ही बात लगती है जब भारत 20 हजार करोड़ रुपये के खिलौने अकेले चीन से आयात करता था। कोरोना के बाद बदली परिस्थितियों में चीन को लेकर दुनिया के देशों का मोहभंग हुआ और उसके बाद हालात यह होने लगे कि दुनिया के देश चीन और उसकी नीतियों को हिकारत की दृष्टि से देखने लगे। सरकार ने भी इसे गंभीरता से लिया और सरकार के एक आह्वान और सकारात्मक नीतियों का परिणाम यह रहा कि देश में खिलौना उद्योग ने रफ्तार पकड़ी। हालात में तेजी से बदलाव का ही परिणाम है कि आज भारत में खिलौना उद्योग तेजी से फलने-फूलने लगा है। देशी बाजार में स्वदेशी खिलौनों की मांग बढ़ी तो विदेशी बाजार में भी भारतीय खिलौनों की तेजी से मांग बढ़ी है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इसमें प्रमुख कारण खिलौना उद्योग के लिए प्रोत्साहन नीतियां प्रमुख कारण रहीं। आयात शुल्क बढ़ाने के साथ ही सरकार प्रोडक्शन लिंक इंसेटिव स्कीम लागू कर उद्योग के विकास में सहभागी बनी। आज 12 प्रतिशत विकास दर के साथ खिलौना उद्योग बढ़ रहा है। यह चक्रवृद्धि विकास दर है। इसे भारतीय खिलौना उद्योग के लिए शुभ संकेत ही माना जा सकता है। देखा जाय तो खिलौना उद्योग पर चीन का एकाधिकार ही रहा है। लगभग 80 प्रतिशत बाजार चीन के पास रहा है। ऐसे में चीन के खिलौना उद्योग को चुनौती देना बड़ी मुश्किल भरा काम रहा है, पर सरकार के एक आह्वान ने सब कुछ बदल कर रख दिया। केन्द्र व राज्य सरकारों के समन्वित प्रयासों से देश में खिलौना उद्योग ने गति पकड़ ली है। पहले भारत, चीन से 20 हजार करोड़ के खिलौना आयात करता था। और अब हालात यह हो गये हैं कि आज भारत में खिलौनों का घरेलू बाजार 124.73 अरब रुपये का हो गया है। भारत से खिलौनों के निर्यात में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। 2018-19 में 16.81 करोड़ के खिलौने निर्यात होते थे 2022-23 में बढ़कर 27.08 अरब डालर हो गया है। माना जा रहा है कि 2028 तक भारत में खिलौना उद्योग 249.47 अरब रुपये को पार कर जायेगा। इसके पीछे एक कारण यह भी है कि जो माहौल बना और बनाया गया उसका परिणाम यह रहा कि बच्चों की पहली पसंद भी भारतीय खिलौने ही हो गये हैं। खिलौना उद्योग में आज 4000 एमएसएमई अपनी भागीदारी निभा रही है। एक सबसे महत्वपूर्ण बात यह भी है कि एमएसएमई उद्योग देश का ग्रोथ इंजन होता है। एमएसएमई उद्योगों से जहां रोजगार के अधिक अवसर विकसित होते हैं वहीं स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध होता है। होता यह है कि बड़े उद्योगों में एक सीमा तक ही रोजगार के अवसर होते हैं क्योंकि वहां टेक्नीक का अधिक उपयोग होता है तो दूसरी और एमएसएमई उद्योग में रोजगार के अधिक अवसर होने से आर्थिक व्यवस्था को नई दिशा मिलती है। स्थानीय स्तर से लेकर निर्यात तक के अवसर आसानी से उपलब्ध होते हैं। जहां तक खिलौनों का संबंध है 2600 ईसा पूर्व सुमेरियन सभ्यता के अवशेषों में मानव और पशु आकृति के अवशेष मिले हैं जिनके बारे में यह माना जाता है कि यह उस जमाने के खिलौनों के ही अवशेष हैं। 500 ईसा पूर्व अवशेष पूर्व ग्रीक के अवशेषों में खिलौनों के अवशेष देखे गये हैं। जहां तक हमारे देश की बात है रामायण-महाभारत व पुराणों में खेल-खिलौनों की बाकायदा चर्चा मिलती है। आज प्लास्टिक का दौर है तो सर्वाधिक खिलौने प्लास्टिक के ही बनने लगे हैं। हमारे यहां मिट्टी, धातु, टेरीकोट्टा, कपड़े, लकड़ी, सींग, रत्नों आदि से निर्मित खिलौने तैयार होते हैं। समय के अनुसार खिलौनों की मांग भी बदलती रही है। एक समय था और आज भी बार्बी की मांग सबसे अधिक देखी जाती है। इसके बाद क्यूबिक की भी मांग सबसे अधिक देखी गई।

**कोरोना के बाद बदली परिस्थितियों में चीन को लेकर दुनिया के देशों का मोहभंग हुआ और उसके बाद हालात यह होने लगे कि दुनिया के देश चीन और उसकी नीतियों को हिकारत की दृष्टि से देखने लगे।**

**उद्योग**


## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# कृषि-क्रांति व खाद्यान्न आत्मनिर्भरता के महानायक



ललित गर्ग

**भारत** में कृषि-क्रांति के जनक, विश्व खाद्य पुरस्कार पाने वाले पहले व्यक्ति, कृषि में नवाचार के ऊर्जाघर एवं कृषि विज्ञानी डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन का देह से विदेह हो जाना एक स्वर्णिम युग की समाप्ति है, एक अपूरणीय क्षति हैं। भारत को अन्न के अकाल से मुक्त कर अन्न का भंडार बनाने वाले इस कृषि-युगपुरुष के अवदान इतने बहुमुखी और दीघार्युष्य है कि वे सदिया तक कृतज्ञ राष्ट्र की धमनियों एवं स्मृतियों में जीवित रहेंगे। वे अपने पीछे एक ऐसी विरासत छोड़ गये हैं कि भारतीय कृषि एवं वैश्विक खाद्य के संकट उभरने का नाम नहीं लेंगे। 'कृषि क्रांति आंदोलन' के वैज्ञानिक नेता के रूप में उनके अवदानों की शुरूआत 1943 के भीषण दुर्भिक्ष के दौरान हुई, जब चावल के एक-एक दाने के लिये लाखों लोगों ने दम तोड़ दिया था। इस घोर मानवीय त्रासदी एवं संकट ने केरल विश्वविद्यालय के इस अठारह वर्षीय युवा स्वामीनाथन में देश की भूख मिटाने की प्रतिबद्धता एवं संकल्प को जाग्रत किया और इसके लिये कृषि अनुसंधान के प्रति एक जुनून एवं जिजीविषा पैदा की। उन्होंने गेहूं एवं चावल की उच्च उपज वाली किस्मों को विकसित करने के मिशन पर काम शुरू कर भारत की कृषि में नव स्वस्तिक उकेरे। उनकी कृषि क्रांति ने भारत को दुनिया में खाद्यान्न की सर्वाधिक कमी वाले देश के कलंक से उबारकर 25 वर्ष से कम समय में आत्मनिर्भर बना दिया था। उस समय से भारत के कृषि पुर्नजागरण ने सदाबाहर कृषि क्रांति की ओर उन्मुख अवलंबनीय कृषि की वकालत ने उन्हें अवलंबनीय खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में विश्व नेता का दर्जा दिलाया। मनकोम्बु संबासिवन स्वामिनाथन का जन्म 7 अगस्त 1925 को हुआ। उन्होंने 1966 में मैक्सिको के बीजों को पंजाब की घरेलू किस्मों के साथ मिश्रित करके उच्च उत्पादकता वाले गेहूं के संकर बीज विकसित किये। एम. एस. स्वामीनाथन को 'विज्ञान एवं अभियांत्रिकी' के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा सन 1967 में 'पद्मश्री', 1972 में 'पद्म भूषण' और 1989 में 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया गया था। उन्हें 1971 में मैगसेसे एवं 1986 में अल्बर्ट आइंस्टीन वर्ल्ड अवार्ड भी प्रदत्त किये गये। विभिन्न पुरस्कारों और सम्मानों के साथ प्राप्त धनराशि से एम. एस. स्वामीनाथन ने वर्ष 1990 के दशक के आरंभिक वर्षों में 'अवलंबनीय कृषि तथा ग्रामीण विकास' के लिए चेन्नई में एक शोध केंद्र की स्थापना की। एम. एस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य भारतीय गांवों में प्रकृति तथा महिलाओं के अनुकूल प्रौद्योगिकी के विकास और प्रसार पर आधारित रोजगार उपलब्ध कराने वाली आर्थिक विकास की रणनीति को बढ़ावा देना है। स्वामीनाथन और उनके सहयोगियों द्वारा पर्यावरण, कृषि एवं खाद्यान्न प्रौद्यौगिकी के क्षेत्र में किये जा रहे कार्य को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली है। स्वामीनाथन दक्षिण एशिया के उत्तरदायित्व के साथ पर्यावरण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में यूनेस्को में भी पदासीन रहे हैं। उनकी महान विद्वत्ता को स्वीकरते हुए इंग्लैंड की रॉयल सोसाइटी और बांग्लादेश, चीन, इटली, स्वीडन, अमरीका तथा सोवियत संघ की राष्ट्रीय विज्ञान अकादमियों में उन्हें शामिल किया गया है। वह 'वर्ल्ड एकेडमी ऑफ साइंसेज' के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। 1999 में टाइम पत्रिका ने स्वामीनाथन को 20वीं सदी के 20 सबसे प्रभावशाली एशियाई व्यक्तियों में से एक बताया था। भारत के भाल पर अनूठा एवं विलक्षण करने वाले महान व्यक्तियों में स्वामीनाथन एक थे। स्वामीनाथन सच्चे भारतीय एवं राष्ट्रीयता से ओतप्रोत व्यक्तित्व थे। जब देश राजनीतिक आजादी के लिए संघर्षरत था, तब युवा स्वामीनाथन ने देश को भूख से आजादी दिलाने के लिए कड़ा संघर्ष किया एवं सफलता का नया इतिहास रचा।

**भारत को अन्न के अकाल से मुक्त कर अन्न का भंडार बनाने वाले इस कृषि-युगपुरुष के अवदान इतने बहुमुखी और दीघार्युष्य है कि वे सदिया तक कृतज्ञ राष्ट्र की धमनियों एवं स्मृतियों में जीवित रहेंगे।**

**कृषि**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## सुन्दरता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है

# नाक की नथ



आने वाले दिनों में जल्द ही मांगलिक कार्यों की शुरूआत होने वाली हैं और अभी से इनकी तैयारियां की जाने लगी हैं। खासतौर से शादी के लिए दुल्हन कई चीजों की शॉपिंग करती हैं जिसमें से एक है नाक की नथ जो उनका आकर्षण बढ़ाने का काम करती है। ट्रेडिशनल लुक में नथ महत्वपूर्ण स्थान रखती है जो दुल्हन के परिधान को और भी आकर्षक बनाती है।

### टेसल (लटकन) नथ

यदि आप लेटेस्ट ट्रेंड अपनाना चाहती हैं, तो यह नथ खास आपके लिए है। इसके बेस पर लटकन होती है, साथ ही इसके टॉप पर बेहतर सी डिजाइन होती है जिस पर पक्षी की कारीगरी व जड़ाई होती है। प्लेन स्ट्रिंग पर छोटे मनके इसे और भी खूबसूरत बनाते हैं और इसे ट्रेंडी बनाते हैं।

### ब्रांज नथ

राजस्थान का ही एक और लुक है इस नथ का ये खास डिजाइन। इसे प्योर गोल्ड से बनाया जाता है जो हल्का सा डल लुक देता है।

### मल्टीपल चेन वाली नथ

ऐसी नथ खासकर साउथ इंडियन कल्चर में ज्यादा देखी जा सकती है। लेकिन अगर आप ज्वेलरी डिजाइन के साथ एक्सपेरिमेंट करना चाहती हैं तो तीन चेन वाली नथ को पहनकर देखिए यह आपके चेहरे का लुक ही बदल देगी। इसके साथ हेवी मांगटीका भी बहुत अच्छा लगता है।

### बंगाली स्टाइल नथ

अगर आप बंगाली हैं या बंगाली लुक पाना चाहती हैं तो हल्के क्राफ्टवर्क वाले और चैन से जुड़ी हुई नथ आप पर बहुत जंचेगी।

### रिंग वाली नथ

अगर आप बहुत सिम्पल सी नथ पहनना चाहती हैं तो रिंग वाली नथ ट्राई कर सकती हैं।

### हूप नथ

बड़ी सी नथ पहनने से अच्छा है कि आप छोटी सी ही नोज रिंग पहनें। यह पहनने और कैरी करने में आसान रहती है।

### जड़ाऊ नथ

राजस्थानी और मारवाड़ी दुल्हनों में इस नथ को पहनने का रिवाज है। जड़ी हुई नथ शादी के दिन बेहद खास लुक देती है। आप इसे जड़ाऊ लंहगे के साथ पहन सकती हैं।

### आइडियल बीड्स लुक नथ

परंपरागत तरीके से लगाए गए लाल और सफेद मनके इस नथ को ग्लैमर प्रदान करते हैं। थोड़ी भारी होने के कारण, इसे सफेद और लाल के मिश्रण को ध्यान में रखकर बनाया जाता है। इन मोतियों पर किनारे निकले होते हैं लेकिन कुन्दन की बारीकी इसे एथनिक टच देती है।

## कवरस्टोरी



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त' चरवाणी
मो. नं. 73 8657 8657


नोट से चीप, आलू से सोना और टेस्ट ट्यूब बेबी से सीता मैया को ढूंढ़ निकालने के बाद जो अपार सफलता मिली, उसके लिए मैं हृदय की गहराई से आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। मुझे पता है कि आप भी मुझे बधाई देना चाहते है, किंतु आपके पास शब्दों की कमी पड़ रही है। इसीलिए मैंने अक्षरों की ओर दृष्टिपात किया है। सुना है अक्षर जन्म और मृत्यु के खेल से परे होते हैं। सोचा क्यों न मैं भी अक्षरों पर एक कवर स्टोरी बना दूं। अब तो हर सच्चाई कवर होने लगी है। जीवन में किसी न किसी को कभी न कभी अवश्य कवर करना चाहिए, वरना हमें कवर करने वाला दुनिया में कोई नहीं बचेगा।

बहुत दिनों के बाद मैंने अक्षरमाला को बड़े ध्यान से देखा। पिछली बार 2011 के आसपास देखा था। मात्र देखने का परिणाम यह हुआ कि देश का साक्षरता दर सत्तर पार हो गया। मैंने देखने में कभी कमी नहीं की। यही कारण है कि यहां जितने डॉक्टर और इंजीनियर बनते हैं उससे कहीं ज्यादा बाबा उभरकर आते हैं। हमारी साक्षरता पढ़े लिखों में बेवकूफों और बेवकूफों में पढ़े लिखो का संतुलन बनाए रखती है। हां तो मेरी बात अक्षरमाला पर हो रही थी। मानो मुझे ऐसा लगा कि चुनिंदा शहरों के साथ-साथ अक्षरमाला को भी स्मार्ट सिटी का दर्जा दे दिया गया है। अक्षरमाला के शहर में स्वर, व्यंजन, गला, मूर्धा, तालू, दांत, होंठ जैसी अलग-अलग बस्तियां काफी हाई-फाई हो गयी हैं। तालू के मोहल्ले में दांत वाले मोहल्ले का कोई छोकरा घुस आए तो दांतों की बत्तीसी तोड़ने के लिए तलुआ गैंग के अक्षर डटकर खड़े रहते हैं।

मैंने देखा कि कुछ अक्षर बदन पर आभूषण की प्रदर्शिनी लगाए प्रशंसा पाने की होड़ में है। कुछ अक्षर भजन, कीर्तन करते हुए फलां-फलां का नामस्मरण कर रहे हैं। उन्हें पूरा विश्वास है कि जिनके लिए यह भजन, कीर्तन हो रहा है वे उन्हें असली अक्षर होने का दर्जा देंगे। कुछ अक्षर तो अपने अगल-बगल में इतर लगाए सभी को अपने गंध के मोह में फांसना चाहते हैं। पुरस्कार हथियाना चाहते हैं। कुछ अक्षर अपने बदन पर धर्म, जात-पात, रीति-रिवाज का वर्ण पोतकर शाल ओढ़वाने के लिए बेताब हैं। कुछ अक्षर तो सिजेरियन ऑपरेशन से जबरन बाहर आए किसी तितली के समान प्रतीत होते हैं। जब मन चाहा तब, जिस पर चाहा उस पर गए और मंडराए। अपना जलवा बिखेरने लगे।

कुछ अक्षर तो इसलिए जन्म लेते हैं कि उनके भाग्य में दूसरों के द्वारा रौंदना लिखा होता है। दुनिया भर का अपमान मात्र अस्तित्व की पहचान के लिए सह लेते हैं। बावजूद इसके कई रौंदे जा रहे हैं और कई विलुप्तता के कगार पर खड़े हैं। अक्षरों की महानगरी मात्राओं की बिल्डिंगों से पटी पड़ी है, जहां केवल अहं की मात्रा दिखाई दे रही है। अक्षरों की मात्रा तो कब की मिट चुकी है।

# पिंपल्स की समस्या को दूर करने के लिए अपनाएं ये टिप्स



हर महिला की चाहत होती है, उसकी त्वचा कोमल और बेदाग नजर आए। लेकिन अनहेल्दी लाइफस्टाइल, प्रदूषण और जंक फूड आदि का भी हमारी स्किन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। हम आपको बताने जा रहे हैं कि मुंहासे के लालपन और सूजन को कम करने में बर्फ की सिकाई कितनी कारगर है। हर महिला की चाहत होती है, उसकी त्वचा कोमल और बेदाग नजर आए। लेकिन अनहेल्दी लाइफस्टाइल, प्रदूषण और जंक फूड आदि का भी हमारी स्किन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में चेहरे पर मुंहासे आदि हो जाते हैं। मुंहासे होने पर इसके दाग हमारी त्वचा पर रह जाने से खूबसूरती प्रभावित होती है। ऐसे में मुंहासों को बर्फ की सिकाई से ठीक किया जा सकता है। लेकिन यह नुस्खा कितना ज्यादा फायदेमंद है। ऐसा कई महिलाएं करती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मुंहासे के लालपन और सूजन को कम करने में बर्फ की सिकाई कितनी कारगर है। स्किन एक्सपर्ट्स की मानें तो बर्फ की सिकाई से लालपन और सूजन को काफी हद तक कम किया जा सकता है। लेकिन स्किन एक्सपर्ट्स बर्फ की जगह कोल्ड कंप्रेसर से मुंहासे की सिकाई करने की सलाह देते हैं। बर्फ की सिकाई से कई बार सेंसिटिव स्किन वाली महिलाओं की त्वचा डैमेज हो सकती है। साथ ही यह पील ऑफ होना भी शुरू हो सकती है।

### त्वचा पर कैसे करें बर्फ का इस्तेमाल

अगर आपकी स्किन ऑयली या ड्राई है, तो आपको मुंहासो की समस्या हो सकती है। ऐसे में आप बर्फ का इस्तेमाल कर सकती हैं। ड्राई स्किन वालों को साधारण पानी से बनी बर्फ की जगह उन आइस क्यूब्स का इस्तेमाल करना चाहिए। जो मुंहासे की सूजन को कम करने के साथ ही स्किन को ड्राई नहीं होने दे।

### आइस क्यूब बनाने की विधि

आइस क्यूब्स बनाने के लिए पानी में दालचीनी का पाउडर अच्छे से मिक्स कर लें और फिर इसे आइस ट्रे में जमा लें। आइस क्यूब बनने के बाद आप मुंहासों पर इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके अलावा आप एलोवेरा जेल को भी जमाकर इसके इस्तेमाल अपने चेहरे पर निकले मुंहासों पर कर सकती हैं। इस उपाय को करने से मुंहासे की समस्या से निजात मिलेगी और मुंहासे का लालपन भी खत्म हो जाएगा। बता दें कि एलोवेरा जेल एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं।

आप चाय के पानी को उबालकर भी आइस क्यूब्स बना सकती हैं। यह मुंहासों की सूजन को कम करने का अच्छा ऑप्शन है।

### मुंहासे पर बर्फ या कोल्ड कंप्रेसर का इस्तेमाल

हांलाकि वैसे तो आप कभी भी कोल्ड कंप्रेसर या फिर बर्फ का इस्तेमाल मुंहासे पर कर सकती हैं। लेकिन मेकअप करने से पहले आपको 2 से 3 बार चेहरे पर बर्फ का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। ऐसा करने से मुंहासे की सूजन और लालपन कम होगा और मेकअप अच्छा होगा। इसलिए मेकअप करने से पहले 2-3 बार चेहरे की सिकाई करें फिर 15 मिनट रुकने के बाद मेकअप शुरू करें।

### इन बातों का रखें खास ख्याल

स्किन पर बर्फ रगड़ने से घाव भी हो सकता है। साथ ही मुंहासे भी छिल सकते हैं।

डायरेक्ट बर्फ को चेहरे पर लगाने की बजाय आप आप रुमाल में बर्फ को बांध कर उसकी सिकाई कर सकती हैं।

5 मिनट से ज्यादा मुंहासे की बर्फ से सिकाई नहीं करनी चाहिए।

अगर मुंहासे से पस निकलता है, तो बर्फ से सिकाई करने की जगह फेशियल स्टीम करें।

❖ अनन्या मिश्रा

## इन हेयर एसेसरीज को पहनकर पाए स्टाइलिश लुक

# नहीं हटेंगी देखने वालों की नजरें



गर्मियों के मौसम में बालों को मैनेज करना काफी मुश्किल होता है। अगर आप समर्स में बालों को मैनेज करने के साथ स्टाइलिश लुक भी चाहती हैं , तो हेयरस्टाइलिंग के साथ-साथ अपनी हेयरएसेसरीज पर भी ध्यान जरूर दें। हेयर एसेसरीज से आप बालों को आसानी से मैनेज भी कर सकती हैं और आपको एक डिफरेंट लुक भी मिलेगा। आज हम आपको बताएंगे कुछ ऐसे ही हेयर क्सेसरीज के बारे में जिन्हें आप अपने लुक में जरूर शामिल करना चाहेंगी।

### हेयर स्कार्फ

आपके हेयर्स शार्ट हो या फिर लॉन्ग हेयरस्कार्फ आपके लुक को परफेक्ट बनाएगा। आप चाहें तो हेयर स्कार्फ को ओपन हेयर में बांध सकती हैं या फिर पोनीटेल बनाकर इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

### स्टाइलिश साइड पिन्स

वैसे तो रोजाना बालों के लिए सिंपल हेयर पिन्स का इस्तमाल करते हैं लेकिन कोशिश करें कि हेयरस्टाइलिंग के लिए स्टाइलिश पिन का यूज करे। इसके लिए आप डिफरेंट डिजाइन्स की साइड पिन्स को इस्तेमाल करें।

### कलरफुल रिबन हेयर टाईज

इसकी मदद से आप अपने लुक को एक यूनिक स्टाइल दे सकती हैं। हेयरस्टाइल बनाने के बाद इन कलरफुल रिबन हेयर टाईज को इस्तेमाल करें।

### कलरफुल रबरबैंड

स्टाइलिश लुक के लिए आप प्लेन या ब्लैक रबरबैंड की जगह कलरफुल रबरबैंड का इस्तेमाल करें।

## सूडोकु नवताल- 6841

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6840 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

## दैनिक पंचांग

**03 अक्टूबर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 07.00 बजे से |
| चंद्र | वृष में | वृश्चिक | 09.14 ब.से |
| मंगल | कन्या में | धनु | 11.30 बजे से |
| बुध | कन्या में | मकर | 13.36 बजे से |
| गुरु | मेष में | कुंभ | 15.22 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मीन | 16.55 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 18.25 बजे से |
| राहु | मेष में | वृष | 20.06 बजे से |
| केतु | तुला में | मिथुन | 22.04 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 00.17 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | सिंह | 02.33 बजे से |
| बजे तक | | कन्या | 04.45 बजे से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 276 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्थी 06.12 बजे तदनन्तर पंचमी 05.33 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** कृत्तिका 18.04 बजे को समाप्त। **योग** वज्र 08.17 बजे को समाप्त। **करण** बालव 06.12 बजे, कौलव 17.47 बजे तदनन्तर तैतिल 05.33 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 03° 47' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871755 **जूलियन दिन** 2460220.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 17 **विशेष** पंचमी श्राद्ध, मासिक कार्तिगई।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7903



**बाएँ से दाएँ**

1. आदत, स्वभाव-4
4. सुरक्षित-4
7. जरुरतमंद-5
9. भीगा हुआ-2
11. मक्का-मदीना की यात्रा-2
12. सोना, धतुरा-3
14. धक्का देना-4
15. खानाबदोश, बंजारा-4
16. अंधेरा, अंधकार-3
18. खामी, बुरी आदत-2
19. ईसाई साध्वी-2
21. नायक का विलोम-5
25. करिश्मा, करामात-4
26. महीन व मंहगे कपड़े का एक प्रकार -4

**ऊपर से नीचे**

1. अंग्रेज, विदेशी-3
2. लीन, मगन-2
3. पैंदा, तला-2
4. रिश्तेदार-2
5. थूक, लेस-2
6. तहजीब, सलीका-3
8. देह, काया-3
10. टोने-टोटकों वाली किताब-5
11. स्वदेशवासी -5
12. कपड़े की दीवार-3
13. अनुमान, आकलन-3
17. राजी करना-3
18. चश्मा-3
20. अनुकृति-3
21. पत्र, चिट्ठी-2
22. होंठ, अधर-2
23. मृत्यु देवता, यमराज-2
24. बीता हुआ दिन-2

### शब्द पहेली -7902 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | ल | ब | ■ | ट | म | ट | म |
| प | ■ | ■ | द | स्त | क | ■ | ■ | हा |
| र | ■ | ना | नी | ■ | ला | श | ■ | ज |
| ख | ल | ना | य | क | ■ | व | त | न |
| ■ | ल | ■ | त | ■ | ना | ■ | री | ■ |
| म | ना | ही | ■ | ह | क | ब | का | ना |
| हा | ■ | ना | क | ■ | क | ल | ■ | यि |
| व | ■ | ■ | स | पा | ट | ■ | ■ | का |
| त | ब | बा | र | ■ | ना | ह | क | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**वृष राशि** : संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**मिथुन राशि** : मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कर्क राशि** : स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**सिंह राशि** : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**कन्या राशि** : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**तुला राशि** : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे।

**वृश्चिक राशि** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**धनु राशि** : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**मकर राशि** : अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है।

**कुंभ राशि** : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे।

**मीन राशि** : पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

" Smiles & More"

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## गागर में सागर

### महाराष्ट्र में बेलगाम ट्रक ने सड़क किनारे सो रहे 10 मजदूरों को कुचला, 5 की मौत

**बुलढाणा।** महाराष्ट्र के बुलढाणा में नांदुरा-मलकापुर राज्य राजमार्ग पर एक भयानक दुर्घटना में एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे सो रहे 10 मजदूरों को कुचल दिया। इस हादसे में पांच की मौके पर ही मौत हो गई। मलकापुर के एसडीपीओ देवराम गवली ने कहा कि यह घटना सुबह करीब 5.30 बजे हुई, जब सेब की खेप से लदा एक ट्रक हाइवे से उतरकर सड़क मरम्मत कार्यों में लगे 10 श्रमिकों पर चढ़ गया। पुलिस ने बताया कि चालक मौके से भाग गया। एसडीपीओ देवराम गवली ने बताया कि पीड़ित मुख्य सड़क से काफी दूर थे और ऐसा लग रहा था कि ट्रक रास्ता भटक गया था, जिससे यह त्रासदी हुई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ड्राइवर को गाड़ी चलाते समय झपकी आ गई होगी। उसने ट्रक छोड़ दिया। फिलहाल वह फरार है और हमने उसकी तलाश शुरू कर दी है। इस भीषण हादसे में पांच श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई और पांच अन्य बुरी तरह घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर है, और उन्हें पास के चोपडे अस्पताल ले जाया गया है।

### दिल्ली पुलिस के हत्थे चढ़ा इनामी आतंकवादी शाहनवाज

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के मोस्ट वांटेड आतंकवादी शाहनवाज उर्फ शैफी उज्जमा को गिरफ्तार किया है। पेशे से इंजीनियर शाहनवाज पर एनआईए ने तीन लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। पुणे मामले में फरार चल रहा शाहनवाज दिल्ली का रहने वाला है। वह पुणे पुलिस की कस्टडी से फरार होकर दिल्ली में ठिकाना बनाकर रह रहा था। अधिकारियों का कहना है कि वह बड़ी आतंकी वारदात करने की योजना बना रहा था। स्पेशल सेल उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार कुछ दिन पहले दिल्ली में आईएसआईएस के तीन आतंकियों के छुपे होने की सूचना मिली थी। तब से संभावित इलाकों में चौकसी बरती जा रही थी। बीती देररात आतंकी शाहनवाज को गिरफ्तार किया गया है।

### यूपी के देवरिया में खूनी संघर्ष, 6 की मौत

**देवरिया।** देवरिया जिले के रूद्रपुर क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर सोमवार को सुबह दो पक्षों के बीच कथित रूप से जमीन के विवाद को लेकर एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत छह लोगों की हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि रुद्रपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में आज सुबह करीब छह बजे जमीन के विवाद को लेकर सत्य प्रकाश दुबे (54), उसकी पत्नी किरण (52), बेटी सलोनी (18) और नंदिनी (10) तथा बेटे गांधी (15) की हत्या कर दी गई। एसपी ने बताया कि इससे पहले आज ही सुबह जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद यादव (50) की सत्य प्रकाश दुबे के पक्ष के लोगों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। उसके बाद हुए संघर्ष में दुबे और उसके परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून–व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि यादव के समर्थकों ने दुबे के घर पर हमला कर दिया, जिसमें दुबे सहित पांच लोग मारे गए।

### कर्नाटक सड़क दुर्घटना में मां-बेटे समेत तीन की मौत

**तुमकुरु (कर्नाटक)।** कर्नाटक के तुमकुरु जिले में एक सड़क दुर्घटना में एक मां और उसके बेटे सहित तीन लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना सोमवार को कोराटागेरे तालुक में अरसापुरा गेट के पास हुई। मृतकों की पहचान 40 वर्षीय अनीता, उनके बेटे 18 वर्षीय बालाजी और भतीजे 20 वर्षीय पवन के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, अनीता स्कूटर से जा रही थी और ट्रक से टकरा गई। गाड़ी ट्रक के पहिए के नीचे आ गई और तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक वेरेनाहल्ली टांडा के रहने वाले थे। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया और पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## सांवलिया सेठ में प्रधानमंत्री मोदी ने किया चुनावी शंखनाद, बोले

# 'राजस्थान का चेहरा कमल'

**एजेंसी। सांवलिया सेठ/चित्तौड़गढ़**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान में मेवाड़ के तीर्थ सांवलिया सेठ में चुनावी शंखनाद करते हुए कहा कि राजस्थान में एक ही चेहरा है, वह है कमल। हमारी उम्मीद कमल है, उम्मीदवार भी कमल है, कमल खिलाएंगे, राजस्थान को आगे बढ़ाएंगे। मेवाड़ की धरा से चुनावी बिगुल बजाते हुए उन्होंने आह्वान किया कि मेवाड़ की आवाज पूरे राजस्थान की आवाज है। पाण्डाल के बाहर भारी संख्या में उपस्थित लोगों से उन्होंने कहा कि पाण्डाल भले ही छोटा पड़ गया हो, लेकिन मोदी का दिल बड़ा है। पीएम मोदी ने भाजपा के चुनावी नारों का भी ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा आएगी-गुण्डागर्दी हटाएगी, भाजपा आएगी-दंगे रुकवाएगी, भाजपा आएगी-पत्थरबाजी रुकवाएगी, भाजपा आएगी-बेईमानी रुकवाएगी, भाजपा आएगी-महिला सुरक्षा लाएगी, भाजपा आएगी-रोजगार लाएगी, भाजपा आएगी-समृद्ध राजस्थान बनाएगी। सांवलिया सेठ मंदिर में दर्शन और 7 हजार करोड़ की परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के बाद प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि राजस्थान की संस्कृति यहां की विरासत पर गर्व करने की है, लेकिन पांच साल की कांग्रेस सरकार ने राजस्थान की साख को तबाह कर दिया है। मुख्यमंत्री गहलोत रात दिन अपनी कुर्सी बचाने में रहे, आधी कांग्रेस उनकी कुर्सी गिराने में व्यस्त रही। उन्होंने तंज कसा कि बेटों को सेट करने में दूसरों के बेटों को उखाड़ने में लगे रहे, लेकिन कांग्रेस के सभी नेता एक मुद्दे पर सहमत रहे, उन्होंने राजस्थान को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मोदी ने गहलोत के उस बयान पर पलटवार किया, जिसमें गहलोत ने यह बात कही थी कि भाजपा यह गारंटी दे कि उसकी सरकार आने पर वह कांग्रेस सरकार की योजनाओं को नहीं बंद करेगी। मोदी ने पलटवार करते हुए कहा कि गहलोत खुद मान चुके हैं कि वे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये मोदी की गारंटी है कि जनहित की किसी योजना को रोका नहीं जाएगा, बल्कि उसे अच्छा करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही मोदी ने एक और गारंटी देते हुए कहा कि जिन-जिन ने गरीबों को लूटा है, भ्रष्टाचार किया है, उनके खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी। मोदी ने कहा कि कांग्रेस का तो मंत्र ही यह है कि आपणो घोड़ो-छाया में बांधणो।



मोदी ने कहा कि जब अपराध की बात आती है, तो राजस्थान टॉप पर आता है। अराजकता, दंगे, पत्थरबाजी की बात आती है, तो हमारा राजस्थान बदनाम होता है। महिला अत्याचार, दलितों पर अत्याचार के मामले में हमारा राजस्थान बदनाम होता है। चार साल तक सिर्फ जोड़-तोड़ में लगी कांग्रेस सरकार को जब भी यह लगता है कि वह चुनाव हारने वाली है, तो झूठी घोषणा करने लगती है। सरकारी खजाने से प्रचार करती है।
महात्मा गांधी के जन्मदिन पर स्वच्छता कार्यक्रम से दूरी बनाने को लेकर भी मोदी ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वालों को स्वच्छता के कार्यक्रम पर भी दिक्कत है। स्वच्छता तो स्वयं महात्मा गांधी का मंत्र है। उनके जन्मदिन पर भी इन्हें कार्यक्रम करने में दिक्कत है। मोदी ने कांग्रेस और उसे घमण्डिया गठबंधन को सलाह दी कि महात्मा गांधी के जन्मदिन पर नहीं तो अपने जन्मदिन पर करो, अपने नहीं तो अपने नेता के जन्मदिन पर करो, उनके नहीं तो अपने बच्चों के जन्मदिन पर करो, लेकिन करो तो सही। कांग्रेस यह काम इसलिए नहीं करती, क्योंकि उसमें कमीशन नहीं मिलता।

उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकाण्ड पर मोदी जमकर गरजे। उन्होंने कहा कि उदयपुर में जो हुआ, उसकी किसी ने कभी कल्पना नहीं की होगी। दुश्मन पर भी धोखे से वार नहीं करने की नीति वाले राजस्थान में यह पाप हुआ। कपड़े सिलाने के बहाने लोग आते हैं और टेलर का गला काट जाते हैं। उसका वीडियो बनाते हैं और गर्व से उसे वायरल करते हैं। कांग्रेस सरकार को उसमें भी वोट बैंक की चिंता सताती है। तीज-त्यौहार शांति से मनाना संभव नहीं है, कब दंगे हो जाएं, कब पत्थरबाजी हो जाए, कब कर्फ्यू लग जाए, आम आदमी को जीवन की, व्यापारी को व्यापार की तो कामकार को काम की चिंता लगी रहती है। राजस्थान में कांग्रेस ने ऐसा माहौल बना दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान में बेटियों से अन्याय की परंपरा बना दी गई है। बाड़मेर, जमवारामगढ़, भीलवाड़ा में हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि इसीलिए यहां की बहन-बेटियां कह रही हैं कि भाजपा को लाना है, क्योंकि भाजपा आएगी और महिला सुरक्षा लाएगी। मोदी बहन-बेटियों को दी गई हर गारंटी पूरी कर रहा है।

महिला आरक्षण पर भी पीएम मोदी ने कांग्रेस को खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की गारंटी भी मोदी ने पूरी की। इस बार कांग्रेस को मजबूरी में समर्थन करना पड़ा, वरना अब तक दिखावे के लिए कांग्रेस बिल लाती थी और अपने ही साथियों से विरोध करवाती थी। अब कांग्रेस और उसके घमण्डिया गठबंधन को यह पच नहीं रहा तो जाति-धर्म के नाम पर भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि बेटियों को अपने वोट से इसका जवाब देना है। मोदी ने केन्द्र सरकार की आयुष्मान योजना, विश्वकर्मा योजना, वन रैंक वन पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना आदि की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि गरीब कल्याण की गारंटी तो मोदी पूरी कर रहा है। पीएम मोदी ने एक और गारंटी देते हुए कहा कि वे सांवलिया सेठ के चरणों में बैठकर यह गारंटी दे रहे हैं कि राजस्थान में हर गरीब, पिछड़े, आदिवासी के अपने पक्के घर का सपना पूरा होगा।

## बिहार में जारी जातीय जनगणना रिपोर्ट का असर कई राज्यों पर

# अति पिछड़ों को देश का महत्वपूर्ण पद देने की तेज होगी मांग

**ब्यूरो। नई दिल्ली**
तमाम विरोध व अड़चनों के बावजूद बिहार की जदयू -राजद-कांग्रेस गठबंधन वाली नीतीश सरकार ने जो जाति आधारित जनगणना कराई, उसकी रिपोर्ट महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिन 2 अक्टूबर ,सोमवार को जारी कर दी। इससे गांधी व शास्त्री जैसे महापुरुषों को मानने वाले लोग तो खुश होंगे ही , उनके जाति के कुछ लोग भी खुश होंगे। लेकिन राज्य में अत्यंत पिछड़े वर्ग की कुल आबादी 36.01 प्रतिशत होने का जो आंकड़ा सामने आया है, इससे इस वर्ग के अन्य राज्यों के मतदाताओं में भी एक संदेश गया है । और वे इसके लिए एकजुट होकर अपने राज्य में भी जातीय जनगणना कराने की मांग करेंगे। और, जिसकी जितनी संख्या भारी , सत्ता में उसकी उतनी हिस्सेदारी की मांग जोर पकड़ेगी। यह होने पर भाजपा समर्थक अत्यंत पिछड़ों में भी देश से लेकर राज्य स्तर तक सर्वोच्च व प्रभावशाली पदों पर अत्यंत पिछड़े वर्ग के लोगों की नियुक्ति की मांग जोर पकड़ेगी। अभी तक तो भाजपा के कुछ नेता अगड़ी जाति से पिछड़ी जाति में आए और पिछड़ा वर्ग होने का लाभ लेते हुए देश व राज्यों में पिछड़े वर्ग व अति पिछड़े वर्ग को जोड़कर जो पिछड़ा वर्ग कहलाता है , उसके मतदाता सबसे ज्यादा होने का तर्क देकर अति पावरफुल पद की अधिकारी होने व उस पर अपने बने रहने का तर्क देते रहे हैं। अब अति पिछड़ा वर्ग वाले यह मांग करेंगे। जातीय जनगणना का परिणाम के बारे में अपर मुख्य सचिव विवेक कुमार सिंह ने पटना में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राज्य की कुल 13 करोड़ की आबादी में पिछड़े वर्ग की संख्या 27.13 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़े वर्ग की कुल आबादी 36.01 प्रतिशत है। इन दोनों यानी पिछड़ा वर्ग व अन्य पिछड़ा वर्ग की संयुक्त आबादी 63.14 प्रतिशत है। केवल 15.52 प्रतिशत लोग सामान्य वर्ग के हैं। अनुसूचित जाति के लोग 19.65 प्रतिशत, और अनुसूचित जनजाति की आबादी 1.68 प्रतिशत है। राज्य में 3.6 प्रतिशत ब्राह्मण, 3.45 प्रतिशत राजपूत, 2.89 प्रतिशत भूमिहार, 14.26 प्रतिशत यादव, 2.87 प्रतिशत कुर्मी, 2.81 प्रतिशत तेली, 3.08 प्रतिशत मुसहर, 0.68 प्रतिशत सोनार हैं।

बिहार की कुल आबादी में 81.99 प्रतिशत हिंदू हैं। केवल 17.7 प्रतिशत मुसलमान हैं। ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन तथा अन्य धर्म को मानने वालों की संख्या 1 प्रतिशत से भी कम है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जाति आधारित जनगणना रिपोर्ट जारी होने पर इस कार्य को करने वाली टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा, आज गांधी जयंती के शुभ अवसर पर बिहार में कराई गई जाति आधारित गणना के आंकड़े प्रकाशित कर दिए गए हैं। जाति आधारित गणना के कार्य में लगी हुई पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई। नीतीश ने कहा, जाति आधारित गणना के लिए सर्वसम्मति से विधानमंडल में प्रस्ताव पारित किया गया था। बिहार विधानसभा के सभी 9 दलों की सहमति से निर्णय लिया गया था कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना कराएगी एवं दिनांक 02-06-2022 को मंत्रिपरिषद से इसकी स्वीकृति दी गई थी। इसके आधार पर राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना कराई है। जाति आधारित गणना से न सिर्फ जातियों के बारे में पता चला है बल्कि सभी की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी मिली है। इसी के आधार पर सभी वर्गों के विकास एवं उत्थान के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने एक बयान में रिपोर्ट जारी करने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, आज गांधी जयंती पर हम सभी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने हैं।

## नांदेड़ : शंकरराव चव्हाण अस्पताल में एक ही दिन में 12 नवजातों समेत 24 मरीजों की मौत

**एजेंसी। मुंबई**
नांदेड़ जिले में स्थित शंकरराव चव्हाण अस्पताल में पिछले 24 घंटों में 24 मरीजों की मौत हो गई है। मृतकों में 12 नवजात बच्चे भी शामिल हैं। शंकरराव चव्हाण सरकारी अस्पताल के प्रमुख डॉ. की एसआर वाकोडे ने बताया कि मरीजों को आखिरी चरण में अस्पताल में लाया गया था। इसके बाद भी मामलों की छानबीन की जा रही है। नांदेड़ जिले में स्थित डॉ. शंकरराव चव्हाण सरकारी अस्पताल में पिछले 24 घंटे में 24 मरीजों की मौत हो गई है। 12 नवजात मृतकों में 6 लडके और 6 लड़कियां शामिल हैं, जबकि अन्य 12 मृतकों की मौत सर्पदंश की वजह से हुई है। इस अस्पताल में सर्पदंश दवाओं की आपूर्ति नहीं की जा रही है। डॉ. शंकरराव चव्हाण अस्पताल के प्रमुख एसआर वाकोडे ने इस बारे में गोलमोल जवाब दिया है। हालांकि, नांडेड़ जिले के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस मामले की गहन छानबीन की मांग की है। इसी तरह की घटना पहले ठाणे के कलवा अस्पताल में भी हुई थी। ठाणे के सरकारी अस्पताल में महज 36 घंटे में 22 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले की छानबीन का आदेश मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दिया था और मामले की जांच जारी है।

## FILMY हलचल

### 'मिशन रानीगंज' का नया पोस्टर रिलीज, 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में

**'मिशन रानीगंज'** द ग्रेट भारत रेस्क्यू इस साल आने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। निमार्ताओं ने हाल ही में एक दिलचस्प और शानदार ट्रेलर लॉन्च किया था, जिसमें अक्षय कुमार को एक गुमनाम हीरो के रूप में दिखाया गया है। फिल्म के ट्रेलर ने प्रशंसकों और दर्शकों को प्रभावित किया है और फिल्म की चर्चा जोरों पर है। फिल्म अपनी ग्रैंड रिलीज से चार दिन दूर है, मेकर्स ने बहुप्रतीक्षित फिल्म का एक दमदार पोस्टर ड्रॉप किया है, जो सभी के बीच देशभक्ति की भावना पैदा करेगा। इसमें परिणीति चोपड़ा, कुमुद मिश्रा, पवन मल्होत्रा, दिब्येंदु भट्टाचार्य, राजेश शर्मा, वीरेंद्र सक्सेना, शिशिर शर्मा और लीड एक्टर अक्षय कुमार नजर आएं हैं। निमार्ताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन दिया, 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में #मिशन रानीगंज के साथ भारत के सच्चे हीरो की कहानी देखें। फिल्म के बारे में बात करें, तो यह एक रियल लाइफ हीरो जसवंत सिंह गिल के जीवन पर आधारित है।




### गांधी-शास्त्री की जयंती पर अक्षय कुमार ने किया 'स्काई फोर्स' का ऐलान



**बॉलीवुड**
एक्टर अक्षय कुमार महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के मौके पर अपनी आने वाली फिल्म स्काई फोर्स की घोषणा की है। फिल्म के जरिए अक्षय कुमार बालाकोट एयर स्ट्राइक की कहानी सामने लाएंगे। अक्षय ने इस फिल्म का एक छोटा सा प्रोमो भी शेयर किया है। इसे शेयर करते हुए अक्षय लिखते हैं, आज गांधी-शास्त्री जयंती के मौके पर पूरा देश जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान का नारा लगा रहा है। हमारी फिल्म की घोषणा के लिए इससे बेहतर दिन कोई नहीं हो सकता। हमारे भारत के पहले हवाई हमले की रोमांचक कहानी। आज से ठीक एक साल बाद यानी 2 अक्टूबर, 2024 को स्काई फोर्स रिलीज होगी।

### 'तेजस' का टीजर रिलीज, एयरफोर्स डे पर रिलीज किया जाएगा फिल्म का ट्रेलर

**कंगना रनौत** बॉलीवुड की एक सफल और लोकप्रिय अभिनेत्री हैं, जो सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। कंगना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से अपनी आने वाली फिल्म तेजस का टीजर शेयर किया है। कंगना की यह फिल्म भारतीय वायु सेना के पायलट तेजस गिल के जीवन पर आधारित है। अब तेजस 27 अक्टूबर को हर जगह रिलीज होगी। दरअसल, इस फिल्म की चर्चा दो साल से चल रही थी। इसे 2022 में ही रिलीज किया जाना था, लेकिन किसी वजह से फिल्म डिले हो गई। पहले अफवाह थी कि फिल्म 5 अक्टूबर को रिलीज होगी। फिर अचानक फिल्म के वीएफएक्स वर्क के चलते रिलीज टाल दी गई। आखिरकार इस फिल्म का पहला टीजर रिलीज हो गया है। इसमें कंगना एयर फोर्स की वर्दी में तेजस गिल के शानदार लुक में नजर आ रही हैं। इसके साथ ही हमें एक रोमांचकारी डायलॉग भी सुनने को मिल रहा है। टीजर से हमें सिर्फ कंगना का डैशिंग अवतार ही देखने को मिला है, फिल्म की बाकी कहानी का अंदाजा नहीं दिया गया है। इस टीजर के साथ ही कंगना ने इसके नए पोस्टर और ट्रेलर की रिलीज डेट की भी घोषणा की है। इस फिल्म का ट्रेलर एयरफोर्स डे के मौके पर रिलीज किया जाएगा। अब तेजस 27 अक्टूबर को हर जगह रिलीज होगी। इसके साथ ही दर्शकों को फिल्म इमरजेंसी का भी बेसब्री से इंतजार है, जिसमें कंगना मुख्य भूमिका में हैं और इसका निर्देशन उन्होंने ही किया है। वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और अजय कपूर द्वारा निर्मित मिशन रानीगंज टीनू सुरेश देसाई के निर्देशन में बनी है। फिल्म का म्यूजिक जेजस्ट का है।



## राजनीति

### भाजपा का विस चुनाव में उम्मीदवारों पर मंथन

# जल्द आ सकती है सूची

**एजेंसी। नई दिल्ली**
राजस्थान और छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा मुख्यालय में हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों के नाम पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों राज्यों की एक-एक सीट पर उम्मीदवारों के नाम को लेकर नेताओं के साथ विचार-विमर्श किया। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में राजस्थान के लगभग 65 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम पर विचार विमर्श हुआ। वहीं छत्तीसगढ़ को लेकर हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रदेश की बाकी बची हुई सभी 69 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की गई। पार्टी सूत्रों की मानें तो भाजपा जल्द ही राजस्थान में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों की पहली सूची और छत्तीसगढ़ उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर सकती है। भाजपा छत्तीसगढ़ के लिए अपने 21 उम्मीदवारों की पहली सूची 17 अगस्त को ही जारी कर चुकी है। भाजपा मुख्यालय में हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष, देवेंद्र फडणवीस, बीएस येदियुरप्पा, सबार्नंद सोनोवाल, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया और भूपेन्द्र यादव सहित केंद्रीय चुनाव समिति में शामिल अन्य नेता भी मौजूद रहें। राजस्थान के उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा करने के लिए हुई बैठक में केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्यों के साथ-साथ राजस्थान चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी, राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह, राजस्थान भाजपा अध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, कैलाश चौधरी, राजेंद्र सिंह राठौड़, अर्जुन राम मेघवाल और गजेंद्र सिंह शेखावत सहित राजस्थान भाजपा कोर ग्रुप में शामिल अन्य नेता भी शामिल हुए। वहीं छत्तीसगढ़ के उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा करने के लिए हुई बैठक में केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्यों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ चुनाव प्रभारी ओम प्रकाश माथुर ( जो सीईसी के सदस्य भी हैं), पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव सहित छत्तीसगढ़ भाजपा कोर ग्रुप में शामिल अन्य नेता भी शामिल हुए।



### लंदन में सम्मानित होंगे बंगाल के प्राथमिक शिक्षक दीप नारायण नायक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के प्राथमिक शिक्षक दीप नारायण नायक को लंदन में सम्मानित किया जाएगा। उन्हें वैश्विक शिक्षक पुरस्कार 2023 के लिए शीर्ष 50 लोगों की सूची में शामिल किया गया है। इसमें आंध्र प्रदेश से अंग्रेजी के शिक्षक हरि कृष्ण पतचारू भी हैं। इस पुरस्कार का आयोजन वार्की फाउंडेशन यूनेस्को के सहयोग से और संयुक्त अरब अमीरात के वैश्विक परोपकारी संगठन ह्युदुबई केयर्सह्न के साथ मिलकर करता है। सूची में इन 50 लोगों के नाम दुनिया भर के 130 देशों से मिले सात हजार से अधिक आवेदनों में से चुने गए हैं। इसमें पुरस्कार के तौर पर दस लाख अमेरिकी डॉलर प्रदान किए जाते हैं। आसनसोल के जमुरिया में ह्यतिलका मांझी आदिवासी फ्री प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक नायक को उनकी नवीन शिक्षण विधियों के लिए चुना गया। वैश्विक शिक्षक पुरस्कार ने बयान में कहा है,ह्यह्य महामारी के बीच उन्होंने मिट्टी की दीवार को ब्लैकबोर्ड बना दिया और सड़कों का उपयोग कक्षा के तौर पर किया।

## गागर में सागर

### जातीय गणना का रिपोर्ट जारी करना स्वागत योग्य कदम : राजेन्द्र



**रांची।** झारखण्ड में भी जातिगत सर्वेक्षण कराए हेमंत सरकार , पिछड़ी जातियों सहित सभी को आबादी के अनुसार मिले भागीदारी। बिहार सरकार द्वारा जातीय गणना रिपोर्ट जारी करने का मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने स्वागत किया है। प्रसाद ने कहा कि बिहार में जातीय गणना के रिपोर्ट के बाद बिहार में किस जाति की आबादी कितनी है और क्या स्थिति है, बिहार की जातीय जनसंख्या की वास्तविकता देश के सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में भी जातीय गणना सर्वेक्षण सरकार को करना चाहिए। प्रसाद ने यह भी कहा कि जातीय गणना सर्वेक्षण को लेकर कुछ लोग गलत बयान बाजी कर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में 63%ओबीसी है। ठीक उसी तरह झारखण्ड सहित पुरे देश में करीब 55% ओबीसी की आबादी है। जातीय जनगणना से समाज के कमजोर वर्गों को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने में सरकार को मदद मिलेगी।

### फ्लाई ऐश ईंट निर्माण कार्य की ली जानकारी




**रांची।** रूर्बन मिशन अंतर्गत सखी मंडल की महिलाएं फ्लाई ऐश की ईंटें बना रही हैं। ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर ने इन ईंट निर्माण की जानकारी ली है और जेएसएपीएस को निर्देश दिया है कि रूर्बन मिशन अन्तर्गत सखी मंडलों के माध्यम से परिचालन किए जा रहे फ्लाई ऐश ईंट निर्माण कार्य को पलाश हिंदी भाषा में अंकित कर ब्रांडिंग करने का काम करें, ताकि इनके उत्पाद को बाजार के साथ-साथ सही मूल्य मिल सके। सचिव ने रूर्बन मिशन अंतर्गत सखी मंडलों के माध्यम से चल रहे फ्लाई ऐश ईंट निर्माण उद्यम के लिए फंड की व्यवस्था करने, उनके व्यवसायिक क्षमता एवं आवश्यकता का आकलन करते हुए उनके लिए आवश्यक ट्रेनिंग, वित्त प्रबंधन, स्टॉक प्रबंधन, कच्चे माल की उपलब्धता एवं कार्यशील पूंजी की उपलब्धता के लिए विस्तृत कार्य योजना राज्य के सभी जिलों के उप विकास आयुक्तों से मांगी है। उन्होंने डिटेल प्रतिवेदन के लिए पांच अक्टूबर तक समय दिया है। डीडीसी की रिपोर्ट के आधार पर सरकार के स्तर पर इनके उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए निर्णय लिया जायेगा।

### कांग्रेस ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी




**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने सोमवार को कांग्रेस भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के बल पर अंग्रेजों से भारत को आजादी दिलायी। शरीर पर मात्र एक धोती लपेटे और लाठी के बल अंग्रेजों से मुकाबला किया। उन्होंने अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री बनने के बाद देश को कुशल नेतृत्व प्रदान किया। जय जवान जय किसान का नारा देकर किसानों एवं जवानों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि दोनों महापुरुषों के आदर्श को आज के वर्तमान समय में चिंतन एवं मंथन करने की आवश्यकता है।

### लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर राज्यपाल ने किया नमन

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनके जयंती पर उन्हें नमन किया है। राज्यपाल ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि जय जवान जय किसान" के प्रणेता, सादगी और सदाचार के प्रतीक, भारत रत्न से अलंकृत पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया है। उन्होंने कहा कि "सादा जीवन-उच्च विचार" को चरितार्थ करता उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

# सरला बिरला में गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर हुए कई कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने जल शक्ति मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान में भाग लिया, जिसमें छात्रों ने शिक्षकों के साथ बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी निपुणता का परिचय दिया। छात्रों और शिक्षकों ने ढेर सारी गतिविधियों में भाग लिया। साथ में उन्होंने स्कूल एवं विश्वविद्यालय परिसर की सफाई की। छात्र राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, आरा गए और नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। छात्रों ने राष्ट्रपिता के महत्वपूर्ण आदर्शों मे से एक ह्यस्वच्छताह्ल को दशार्ने के लिए पारंपरिक नुक्कड़ नाटक के माध्यम का इस्तेमाल किया। छात्रों ने महात्मा गांधी के आदर्शों और उनके द्वारा प्रतिपादित मूल्यों पर आधारित कई निबंध, कविताएं, लघु कथाएँ और नारे लिखे। उन्होंने स्वच्छ समाज बनाने और स्वच्छ समाज में रहने की इच्छा को दशार्ते हुए स्वच्छता ही सेवाह्य पर पेंटिंग भी बनाईं। इन गतिविधियों के माध्यम से, सभी छात्रों को गांधीवादी मूल्यों और विचारों से

## स्कूल में मनाई गई गांधी जयंती समारोह



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में राष्ट्रपिता-महात्मा गांधी की जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। गांधीजी को श्रद्धांजलि देने के लिए स्कूल परिसर में एक विशेष सभा आयोजित की गई। सभा की शुरूआत बापू की प्रिय प्रार्थना वैष्णव जन तो तेने कहिए से हुई। इसके बाद गांधीजी की वेशभूषा में छात्रों ने भाषण दिए, जिसमें उन्होंने बापू के जीवन से जुड़े किस्से साझा किए। छात्रों ने गांधीजी के सिद्धांतों और मूल्यों को जीवन में अपनाने की शपथ ली। इससे पहले 1 अक्टूबर 2023 को छात्रों ने जल शक्ति मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित ह्यस्वच्छता ही सेवाह्य अभियान के तहत कई गतिविधियों में भाग लिया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने सभी को गांधी जयंती की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने इस अवसर पर सभी को बधाई दी और उन्हें राष्ट्रपिता द्वारा प्रचारित सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्वच्छ भारत के महत्व पर जोर दिया और उन्हें समाज में साफ-सफाई और स्वच्छता के महत्व को समझाया।

## महात्मा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेने से ही होगा कल्याण : मनोज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महात्मा गांधी की जयंती पर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त मनोज जायसवाल ने अपने कार्यालय में गांधी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें महात्मा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेनी है। उनके आदर्शों को आत्मसात कर उनके द्वारा दिखाए गए सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर खुद को अग्रसर करने का संकल्प लेना है । उन्हीं की प्रेरणा से हम सभी कल्याण मिल सकता है। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों में हम सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपना शत प्रतिशत योगदान सुनिश्चित करना है। मौके पर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के सचिव जुल्फिकार अली, उप निदेशक कल्याण निरंजन कुमार, आयुक्त के आप्त सचिव आश्रित लकड़ा, प्रशाखा पदाधिकारी विजय कुमार एवं प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# पीएम राष्ट्रपिता के सपनों को कर रहें साकार : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गांधी जयंती के मौके पर राजधानी रांची सहित राज्यभर में कार्यक्रमों का दौर जारी है। सामाजिक संगठनों के साथ राजनीति क्षेत्र से जुड़े नेताओं का जमावड़ा सुबह से ही मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में लगा रहा। इस मौके पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने बीजेपी के कई नेता बापू बाटिका पहुंचे। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, बिहार-झारखंड के संयुक्त संगठन महामंत्री नागेंद्र सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं ने इस दौरान राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने क्या कहाः कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे का नारा लगाया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी राष्ट्रपिता बापू के सपनों को साकार कर रहे हैं। कहा कि बापू ने देश से गरीबी हटाने के लिए स्वदेशी पर जोर दिया था। आज केंद्र सरकार की कई योजनाएं गरीबी हटाने को लेकर चलाई जा रही हैं, जिसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। बापू के आदर्शों पर चलने की जरूरतः बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज सभी देश के दो विभूति महात्मा गांधी और लाल बहादूर शास्त्री को याद कर रहे हैं। इनका योगदान अविस्मरणीय है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ-साथ जय जवान-जय किसान का नारा देकर कृषि को बढ़ावा देने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती है, जिसे पूरा राष्ट्र मना रहा है। बाबूलाल ने कहा कि देश दोनों के योगदान को कभी नहीं भुला सकता है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सत्य और अहिंसा का मंत्र आज पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक है और रहेगा। हमें इनके आदर्शों पर चलने की जरूरत है। यही वजह है कि जिस खादी को अपनाने के लिए महात्मा गांधी ने आह्वान किया आज उसे बढ़ाने का प्रयास केंद्र सरकार द्वारा किया जा रहा है। गांधी जयंती के मौके पर खादी वस्त्र खरीदकर लघु एवं कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने की कोशिश की गई है।



### राष्ट्रपिता के जयंती पर खाद्य वस्तुओं का हुआ वितरण

**रांची।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती पर हटिया और धुर्वा के विभिन्न जगहों पर लगभग 100 सफाई कर्मचारियों और दैनिक श्रमिकों के बीच खाद्य वस्तुओं का वितरण किया गया। युथ कांग्रेस ( आउटरीच सेल) के झारखंड प्रदेश चेयरमैन इंदरजीत सिंह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम किया गया। मौके पर युवा कांग्रेस प्रदेश चेयरमैन इंदरजीत सिंह ने भी गांधी जयंती पर अपने कार्यालय पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें याद किया। मौके पर इंदरजीत सिंह ने कहा कि सत्य, अहिंसा और सौहार्द का रास्ता, भारत को जोड़ने का रास्ता महात्मा गांधी ने ही दिखाया था। बापू को उनकी जयंती पर शत शत नमन। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी संजू चौबे, आरुषि वंदना, राधे गोविंद, रोहित सिंह, चंदन कुमार,शिवा राव, अभिजीत बाउरी, प्रणव सिंह, आकाश रजवार मौजूद थे।

## झामुमो नेताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा( झामुमो) ने सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती पर मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर उपस्थित झामुमो के केन्द्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हम आज बापू की 154 वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि देने आए थे। पार्टी की ओर से हमलोग श्रद्धांजलि दिए। बापू के बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि आज यहां देखने को मिला कि जिन्होंने बापू की हत्या की, उनके विचारधारा पर चलने वाले लोग भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। ये खुशी की बात है कि महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प ले रहे हैं, उनकी कृतियों को सराह रहे हैं और अपना भी रहे हैं। पांडेय ने कहा कि झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को तो हेमन्त फोविया है ही, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को भी हेमन्त फोविया हो गया है। राज्यपाल तो हेमन्त सोरेन की तस्वीर से भी डरने लगे हैं। आर्यभट्ट सभागार में वर्षों से लगे मुख्यमंत्री की तस्वीर से डर गए जिसके कारण उनकी तस्वीर को उतरवाने के बाद ही कार्यक्रम में पहुंचे, राज्य के लिए दुर्भाग्य की बात है।

## भाकपा ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि




नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाकपा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें याद किया। साथ ही अलबर्ट एक्का चौक स्थित कार्यालय में सोमवार को दोनों के तस्वीर पर माल्यापर्ण कर संकल्प लिया गया और श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर भाकपा प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री के बताए हुए रास्तों पर चलकर देश में किसानों मजदूरों एवं आम आदमी को भला हो सकता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय परिषद के सदस्य प्रमोद कुमार पांडे ने कहा कि आज संकल्प लेने के दिन है। देश को बचाने के लिए किसानों को बचाने के लिए देश के किसान मजदूर अपने हक और अधिकार के लिए आंदोलनरत है। इसलिए सभी मिलकर बापू एवं शास्त्री के सपने को साकार करें। इस अवसर पर जिला सचिव अजय कुमार सिंह, इम्तियाज खान, अधिवक्ता लक्ष्मी महतो, नीरज सिंह, कृष्णा कुमार वर्मा, अनिरुद्ध पाठक, अमित कुमार, रोहन महतो, सुरेंद्र कुमार दीक्षित सहित कई लोग मौजूद थे।

## धर्मशाला प्रबंध समिति ने महात्मा गांधी व शास्त्री को किया नमन



**रांची।** महात्मा गांधी स्मारक धर्मशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान के मार्गदर्शन में गांधी जयंती के अवसर पर सोमवार को स्कूल स्तर पर पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर धर्मशाला परिसर में आयोजित जयंती समारोह में पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता के 30 विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार का वितरण एसडीओ और अन्य लोगों ने किया। इससे पूर्व एसडीओ समेत अन्य गणमान्य लोगों ने गांधी एवं शास्त्रीजी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। अध्यक्ष सह एसडीओ अनिकेत सचान ने महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के देश निर्माण में उनके योगदान की विस्तार से चर्चा की और कहा की 1926 में जिस उदेश्य और परिकल्पना को इंगित कर इस धर्मशाला की स्थापना की गई थी, उसे पुनः उस स्तर तक ले जायें, जिसमे खूंटी के आम जनमानस के जीवन में वही प्रभाव लाये जैसा इसकी स्थापना के समय संकल्पना की गई थी। उन्होंने कहा कि यह धर्मशाला शहर के जनमानस के जीवन में कोई पॉजिटिव प्रभाव छोड़ पाये, यही हमारी कोशिश रहेगी।

## जयंती पर अग्रवाल सभा का स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह आयोजित

# पूर्व मंत्रीगणों को स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




अग्रवाल सभा, रांची का 47वां स्थापना दिवस समारोह, लाल बहादुर शास्त्री जयंती, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती, पूर्व अध्यक्ष व मंत्रीगणों का सम्मान, 18वें वरिष्ठ अग्रजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य जांच एवं सहभोज का भी आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि डॉ. अनिल कुमार खेतान (उपाधीक्षक सदर अस्पताल, रांची) उपस्थित थे। दीप प्रज्ज्वलित करते हुए डॉ. खेतान ने महाराजा अग्रसेन को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। मंचासीन मुख्य अतिथि डा. अनिल कुमार खेतान, अध्यक्ष नन्द किशोर पाटोदिया, मंत्री मनोज कुमार चौधरी, जयंती संयोजक सज्जन कुमार पाडिया, कार्यक्रम संयोजक प्रकाश चन्द बजाज हुए। पुष्पगुच्छ से डॉ. खेतान का सम्मान नन्द किशोर पटोदिया ने किया। मंच संचालन प्रमोद अग्रवाल ने किया एवं गांधी जी एवं शास्त्री जी के स्मरण में रघुपति राघव राजा राम एवं संत तूने कर दिया कमाल भजन की प्रस्तुति गोस्वामी ने किया तथा उर्मिला पड़िया एवं सहयोगियों ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। अध्यक्ष नन्द किशोर पटोदिया ने स्वागत भाषण दिया। नंद किशोर पाटोदिया ने पूर्व अध्यक्षगणों को व मनोज चौधरी ने पूर्व मंत्रीगणों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इसके पश्चात वरिष्ठ अग्रजनों का सम्मान डॉ. अनिल कुमार खेतान ने किया। साथ ही सभा में कार्यरत कार्यरत कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। आज के वरिष्ठ अग्रजन सम्मान समारोह में कुल 16 महिला एवं 11 पुरुष वरिष्ठ अग्रजनों को शॉल, स्मृति चिन्ह एवं धार्मिक पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले वरिष्ठ अग्रजन- गीता डालमिया, शंकर लाल भारतीय, शकुंतला देवी भारतीय, अरुण कुमार खेमका, पुष्पा देवी तुलस्यान, शकुंतला देवी पोद्दार, गायत्री देवी पोद्दार, विजय कुमार सराओगी, गीता देवी सराओगी, बनारसी देवी, सुधा रानी, मदन गोपाल अग्रवाल, लक्ष्मी देवी नर्सरिया, ओम प्रकाश ओडूकिया, मीरा अडूकिया, शारदा देवी पोद्दार, शीला देवी मुरारका सावर प्रसाद अग्रवाल, हरिप्रसाद अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद बुधिया, मंटू बुधिया, सुमित्रा देवी सराफ, नारायण प्रसाद अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, परमेश्वरी देवी केडिया। नागरमल मोदी सेवा सदन से आए हुए डॉक्टरों की टीम में डॉ जय पलक, डॉ. केपी दारूका, डॉ. एके सिंह, डॉ. रमेश बजाज, एवम डॉ. नंदिता अग्रवाल, उपस्थित हुए। धन्यवाद ज्ञापन मंत्री मनोज चौधरी ने दिया।

## पृष्ठ एक के शेष

**पलामू में हथ्यिा की बारिश से किसानों में...**

150.3 मिमी यानि 72.7 प्रतिशत हुई है। लगातार दूसरे वर्ष भी मॉनसुनी सीजन में पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण जिले के बड़े व छोटे सभी जलस्त्रोत सूखे पड़े हैं। नतीजा ग्राउंड वाटर लेवल भी लगातार घटा है। जिसका प्रतिकूल असर खरीफ की खेती पर लगातार दूसरे वर्ष भी पड़ा है। जिसने किसानों की बची खुची पूंजी को भी स्वाहा कर पूरी तरह कमर तोड़ दी है। इधर 28 सितंबर से शुरू हुये हथिया नक्षत्र ने किसानों में रबी की फसल को लेकर एक आश जगाई है। जानकार बताते हैं कि हथिया नक्षत्र में घनघोर बारिश होती है। आसमान में काले बादल छाये रहते हैं। इसका असर भी पलामू में दीख रहा है। कहा जाता है कि हथिया की बरसात से खरीफ के साथ साथ आगामी रबी की फसल की खेती का भविष्य भी सुखद होता है। क्योंकि हथिया की बरसात से नदी नालों की बहार लौट आती है तो आहर व तालाब जैसे जलस्त्रोत लबालब भर जाते हैं। किसान के खेतों में लगी फसलों के लिए सिचाई की सुविधा आसान हो जाती है। लोक कवि घाघ ने भी कहा है कि 'आवत आदर ना दिनी, जात ना दिनी हस्त, ये दोनों पछताएंगे पाहून और गृहस्थ। बहरहाल हथिया की शरूआती रंग ने संकट से जूझ रहे किसानों में एक आस जगाई है। अगर हथिया ने भी धोखा दिया तो अकाल की विभीषिका तय होगी।

**रकम लाख में हो तो फाइल और...**

बिचौलिए विशाल चौधरी ने खपाई। अवैध कमाई की रकम उनकी पत्नी सुप्रिया मिंज और बेटी सराहना एक्का के खाते में वेतन के नाम पर डाली गई। इसके पहले झारखंड की आईएएस पूजा सिंघल के घोटाले से जुड़े मामलों की जांच के दौरान भी ईडी ने खुलासा किया था अवैध वसूली की राशि एक-दूसरे को ट्रांसफर करने के दौरान अफसर और वसूलीबाज लाख रुपए के लिए किलो कोड वर्ड का इस्तेमाल करते थे। किसी अफसर ने दूसरे को अवैध वसूली के अगर 10 लाख रुपए भेजे तो इसके कन्फर्मेशन के लिए जो मैसेज भेजा जाता था, उसमें लिखा होता था 10 किलो भेजा। पैसे पाने वाला अफसर भी इसी तरह जवाब देता था- 10 किलो मिला या 5 किलो प्राप्त हुआ।

**कारिको व वीसमैन को...**

टीकों को दिसंबर 2020 की शुरूआत में मंजूरी दे दी गई। समिति ने कहा, आधुनिक समय में मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक के दौरान पुरस्कार विजेताओं ने वैक्सीन विकास की अभूतपूर्व दर में योगदान दिया।

## गागर में सागर

### वर्ल्ड कप में विराट कोहली करेंगे रनों की बौछार : वीरेंद्र सहवाग




**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को उम्मीद है कि विराट कोहली विश्व कप में कई सारे शतक बनाएंगे और टूर्नामेंट के हाईएस्ट रन-स्कोरर बनेंगे। 2011, 2015 और 2019 के बाद विराट कोहली अपने चौथे वनडे विश्व कप में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 2019 विश्व कप में कोहली ने 9 पारियों में 55.37 की औसत से 443 रन बनाए, जिसमें पांच अर्धशतक शामिल हैं। सहवाग ने क्रिकबज से कहा, चीकू (विराट कोहली) ने 2019 विश्व कप में एक भी शतक नहीं बनाया। इस साल मुझे उम्मीद है कि वह कई शतक बनाएंगे और टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी होंगे। उम्मीद है कि भारत वर्ल्ड कप जीते और फिर, मैं चाहता हूं कि उसे कंधों पर उठाया जाए और मैदान का एक चक्कर लगाया जाए। ठीक वैसे ही जैस सचिन तेंदुलकर के समय किया गया था।" 2011 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य सहवाग ने कहा कि कोहली और कप्तान रोहित शर्मा आगामी टूर्नामेंट जीतने के हकदार हैं। रोहित 2011 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा बनने से चूक गए और अब टूर्नामेंट की घरेलू धरती पर वापसी पर टीम के कप्तान हैं। सहवाग ने कहा, ये दोनों (रोहित और कोहली) वरिष्ठ खिलाड़ी विश्व कप जीतने के हकदार हैं। रोहित शर्मा 2011 विश्व कप के लिए चुने जाने के बहुत करीब थे लेकिन चूक गए। बाद में वह वनडे के बादशाह बने, वह एक बार विश्व कप ट्रॉफी जीतने के हकदार हैं क्योंकि वह एक शानदार खिलाड़ी हैं। 1983 और 2011 का चैंपियन भारत अपने अभियान की शुरूआत 8 अक्टूबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम में पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा। यह पहली बार है कि भारत पूरी तरह से पुरुष एकदिवसीय विश्व कप की मेजबानी कर रहा है और सहवाग चाहते हैं कि टीम इस साल वैश्विक ट्रॉफियां जीतने का सूखा खत्म करे, जो एक दशक से चला आ रहा है।

### एशियन गेम्स में खेलना भारतीय क्रिकेटरों के लिए गर्व की बात : लक्ष्मण



**हांगझोऊ।** 19वें एशियाई खेलों में टी20 टूर्नामेंट के लिए भारतीय पुरुष टीम के कोच वीवीएस लक्ष्मण ने कहा कि मल्टी-स्पोर्ट इवेंट में भाग लेना पूरी टीम के लिए एक शानदार अवसर है और इससे खिलाड़ियों को भी काफी फायदा होता है। सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ एशियाई खेलों में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। टीम मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नेपाल से भिड़ने के लिए तैयार है। लक्ष्मण ने बीसीसीआई-टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, यह बहुत अलग है। हमने कभी नहीं सोचा था कि हम चीन में क्रिकेट खेलेंगे, लेकिन यह पूरी टीम के लिए एक बड़ा अवसर है क्योंकि एशियाई खेलों में भाग लेना इन सभी खिलाड़ियों के लिए बहुत गर्व की बात है। इसलिए, वास्तव में इस टूर्नामेंट का इंतजार कर रहा हूं। आयोजकों ने एक अच्छा बुनियादी ढांचा तैयार किया है और मुझे उम्मीद है कि जब हम मैच खेलना शुरू करेंगे तो हमें समर्थन मिलेगा। जब महिला टीम यहां खेली तो उन्हें काफी समर्थन मिला, उन्हें अपनी क्षमता का एहसास हुआ और उन्होंने स्वर्ण पदक जीता।

### वर्ल्ड कप में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद : शादाब खान



**हैदराबाद।** पाकिस्तानी टीम के उप-कप्तान शादाब खान बीते कुछ समय से फॉर्म में नहीं है, लेकिन उन्हें लगता है कि वो वर्ल्ड कप में वो अच्छा प्रदर्शन करेंगे। लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब ने इस साल 11 वनडे मैचों में सिर्फ 13 विकेट लिए हैं। इसके अलावा, पिछले महीने एशिया कप में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। उन्होंने पांच मैचों में 40.83 की औसत से केवल छह विकेट लिए, जिसके कारण पाकिस्तान को टूनामेंट में काफी संघर्ष करना पड़ा। क्रिकबज ने शादाब के हवाले से कहा, क्रिकेट के दृष्टिकोण से एशिया कप अच्छा नहीं रहा, लेकिन यही क्रिकेट की खूबसूरती है। आप अपनी गलतियों से सीखते हैं और अच्छा क्रिकेट खेलने का अवसर हमेशा मिलता है। एशिया कप हारने के बाद, हमें अच्छा आराम मिला और मेरा मानना है कि यह अब एक कौशल का खेल नहीं बल्कि एक मानसिक खेल है। यह विश्व कप है, जब आप मानसिक रूप से तनावमुक्त होते हैं तो आप अच्छे निर्णय ले सकते हैं। मैं समझता हूं कि मेरा हालिया फॉर्म अच्छा नहीं है, लेकिन मेरे पास कौशल है।

# एशियाई खेल : भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बांग्लादेश को 12-0 से हराया

**एजेंसी। हांगझू**



भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने सोमवार को बांग्लादेश पर 12-0 से जीत के साथ 19वें एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अपने सभी पांच पूल चरण मैचों में पांच जीत के साथ, भारत पूल चरण के बाद तालिका में शीर्ष पर रहा। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में हरमनप्रीत सिंह (2', 4', 32') और मनदीप सिंह (18', 24', 46) ने हैट्रिक बनाई, जबकि अभिषेक (41', 57) ने दो गोल किए। वहीं, ललित कुमार उपाध्याय (23'), अमित रोहिदास (28'), नीलकांत शर्मा (47') और गुरजंत सिंह (56') ने भी एक-एक गोल किया। मैच में भारतीय टीम ने आक्रामक शुरूआत की। इन-फॉर्म भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह (2') ने पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। कुछ क्षण बाद, हरमनप्रीत (4') ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। पहले क्वार्टर की समाप्ती पर भारतीय टीम 2-0 से आगे रही। दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में बांग्लादेश ने भारत के हाफ के अंदर कुछ पास दिए, लेकिन संजय ने आक्रमण को विफल कर दिया। कुछ मिनट बाद मनदीप सिंह (18') ने सर्कल के अंदर अभिषेक के साथ मिलकर बेहतरीन मैदानी गोल कर भारत का स्कोर 3-0 कर दिया।

इसके बाद ललित कुमार उपाध्याय (23') ने बड़ी खूबसूरती से गेंद को नेट में डाल दिया। एक मिनट बाद, मनदीप सिंह (24') ने पेनल्टी कॉर्नर से रिबाउंड उठाया और भारत के लिए एक और गोल किया। अमित रोहिदास (28') ने अपनी ड्रैगफ्लिक क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए अंतिम पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया और भारतीय टीम ने मध्यांतर से पहले 6-0 की बढ़त हासिल कर ली।

तीसरे क्वार्टर में अभिषेक भारत के लिए शुरूआती पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में कामयाब रहे, इस बार हरमनप्रीत सिंह (32') ने इसे गोल में बदलकर अपनी हैट्रिक पूरी करते हुए भारत को 7-0 से आगे कर दिया। क्वार्टर के अंत में, अभिषेक (41') ने एक लंबा पास उठाया और नेट में एक शक्तिशाली रिवर्स हिट मारकर भारत की बढ़त 8-0 कर दी।

अंतिम क्वार्टर की शुरूआत में, मंदीप सिंह (46') और नीलकांत शर्मा (47') ने गोल कर भारत को 10-0 से आगे कर दिया। इसके बाद गुरजंत सिंह (56') और अभिषेक (57') ने दो लगातार गोल कर भारत की बढ़त 12-0 कर दी और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। भारतीय टीम अब बुधवार को अपना सेमीफाइनल मुकाबला खेलेगी।

# एशियाई खेल : भारत ने 3 स्वर्ण 7 रजत और 4 कांस्य पदक जीते

## बैडमिंटन व ट्रैप टीमों के लिए रहा ऐतिहासिक

**एजेंसी। हांगझोऊ**



एथलीट ज्योति याराजी ने अवैध रूप से अयोग्य ठहराए जाने के प्रयास को नाकाम किया और महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीतने में कामयाब रहीं। रविवार को भारत ने तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक जीते। इस तरह 19वें एशियाई खेलों में कुल मिलाकर 50 पदक हासिल हुए।

स्टीपलचेजर अविनाश साबले और तजिंदरपाल सिंह तूर और पुरुष ट्रैप टीम ने तीन स्वर्ण पदक जीते, जबकि देश ने सात रजत और तीन कांस्य पदक भी जीते, जिससे उनकी कुल संख्या 13 स्वर्ण, 21 रजत और 19 कांस्य पदक के साथ कुल 53 पदक हो गई। यह चीन (243), दक्षिण कोरिया (125) और जापान (112) के बाद चौथे स्थान पर है। यह कई ऐतिहासिक पहलों का दिन था, जो पुरुष बैडमिंटन टीम की उपलब्धि से बड़ा नहीं था, जिन्होंने अपने शीर्ष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय के बिना खेलने के बावजूद, शक्तिशाली चीनी खिलाड़ियों को उनके घरेलू मैदान पर लगभग डरा ही दिया था और 2-3 से हारकर अपना स्थान छीन लिया। सियोल में 1986 में कांस्य पदक के बाद 37 वर्षों में पहली बार एशियाई खेलों में पहला रजत पदक हासिल हुआ।

एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और शीर्ष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने अपना दिल खोलकर खेला, लेकिन एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला और मिथुन मंजूनाथ की दूसरी पुरुष युगल जोड़ी किदांबी श्रीकांत को प्रणय के प्रतिस्थापन के रूप में शामिल किया गया और उन्होंने सबसे बड़ा मैच खेला। अपने करियर का तीसरा एकल हार गए क्योंकि चीन ने जीत हासिल की. पुरुष और महिला ट्रैप टीमों ने भी सिंगाय पर इतिहास रचा - किनान चेनाई, जोरावर सिंह संधू और पृथ्वीराज टोंडिमान की पुरुष टीम ने ट्रैप टीम प्रतियोगिता में देश का पहला स्वर्ण पदक जीता, जबकि महिला टीम की राजेश्वरी कुमारी, मनीषा कीर और प्रीति रजक ने अपना पहला पदक - रजत पदक जीता।

रविवार को शूटिंग प्रतियोगिताओं के अंतिम दिन उनके प्रयासों का मतलब था कि भारत ने एशियाई खेलों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ अंतर हासिल किया।

गोल्फर अदिति अशोक, जो टोक्यो में ओलंपिक खेलों में चौथे स्थान पर रहीं, रविवार को अंतिम दौर में सात शॉट की रातोंरात बढ़त का फायदा उठाने में विफल रहीं और अंततः महिला गोल्फ व्यक्तिगत में दूसरे स्थान पर रहीं, जो एशियाई खेलों में भारत का पहला व्यक्तिगत पदक था।

जबकि पुरुषों की ट्रैप टीम ने भारत के लिए स्वर्ण पदक की दौड़ शुरू की, अविनाश साबले और तजिंदरपाल सिंह तूर ने इसे अंतिम रूप दिया और शॉट पुटर ने एशियाई खेलों में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

सेबल ने एशियाई खेलों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में 8:19.50 के रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए एथलेटिक्स में पदक की दौड़ शुरू की, और एशियाई खेलों में इस विधा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। साबले ने बड़े अंतर से जीत हासिल की, भले ही वह 8:11.20 के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के करीब भी नहीं पहुंचे, लेकिन 29 वर्षीय एक बड़े आयोजन में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर खुश थे, जो शुरू से अंत तक आगे रहे।

तजिंदर पाल सिंह तूर ने दिन का दूसरा स्वर्ण पदक जीता जब उन्होंने प्रतियोगिता के अपने अंतिम थ्रो में 20.36 मीटर तक आयरन बॉल फेंककर स्वर्ण पदक जीता। तूर, जिन्होंने अपने पहले दो प्रयासों में फाउल किया था, अपने तीसरे प्रयास में 19.51 के साथ एक्शन में आए और अपने अगले प्रयास में उन्होंने 20 मीटर का आंकड़ा पार कर लिया। हालांकि, सऊदी अरब के मोहम्मद दाउदा ए टोलो ने 20.18 की दूरी तक थ्रो करके इस समय बढ़त बना ली।

एशियाई खेलों (20.75 मीटर) और एशियाई रिकॉर्ड रखने वाले तूर ने अपना पांचवां प्रयास विफल कर दिया, लेकिन फिर उस दिन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया, जब यह सबसे ज्यादा मायने रखता था, उन्होंने लोहे की गेंद को 20.36 मीटर तक फेंककर स्वर्ण पदक जीता।

राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता जेसविन एल्ड्रिन 7.78 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सके और पुरुषों की लंबी कूद में 10 प्रतिभागियों में आठवें स्थान पर रहे, जबकि सपना बर्मन महिलाओं की हेप्टाथलॉन में केवल चार अंकों से पदक से चूक गईं, नंदिनी को 5708 अंक मिलने के साथ प्रतिभागिताएं खत्म हुईं। दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने क्वार्टर फाइनल में हारकर अपना अभियान कांस्य पदक के साथ समाप्त किया।

### हॉकी इंडिया ने 20 सदस्यीय सब जूनियर पुरुष और महिला टीम की घोषणा की



**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने सोमवार को 20 सदस्यीय सब जूनियर पुरुष और महिला टीम की घोषणा की, जो 9 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक नीदरलैंड के दौरे पर जाएगी। यह पहला मौका है जब भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला टीमें अंतर्राष्ट्रीय मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जो जमीनी स्तर पर भारतीय हॉकी की बढ़ती ताकत का प्रमाण है। साथ ही वैश्विक हॉकी मंच पर देश का कद भी ऊंचा करेगा। इस दौरे के दौरान भारतीय सब जूनियर पुरुष टीम का मुकाबला नीदरलैंड अंडर-18 टीम और अंडर-16 टीम से होगा, जिनमें से प्रत्येक के खिलाफ दो मैच निर्धारित हैं। दूसरी ओर भारतीय सब जूनियर महिला टीम नीदरलैंड अंडर-18 टीम और अंडर-16 टीम के खिलाफ कड़ी टक्कर देगी, जिनमें से प्रत्येक के खिलाफ दो मैच निर्धारित हैं। साथ ही दौरे के दौरान भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला टीमें नीदरलैंड के एक सीनियर क्लब की पुरुष और महिला टीमों के खिलाफ मैच खेलेंगी। भारतीय सब जूनियर पुरुष टीम की कप्तानी मनमीत सिंह राय करेंगे, जबकि आशु मौर्य उपकप्तान के रूप में काम करेंगे। भारतीय सब जूनियर महिला टीम के लिए भव्या को कप्तान और रजनी को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। इस बीच, सब जूनियर पुरुष और महिला टीमों के कोचों ने इस दौरे को लेकर अपना उत्साह व्यक्त किया।

**टीमें इस प्रकार**

**पुरुष टीम**

**गोलकीपर:** राहुल भारद्वाज

**डिफेंडर:** रोहित कुल्लू, प्रदीप मंडल, सोहिल अली, उज्जवल पाल, सुखमनप्रीत सिंह, आशु मौर्य (उप कप्तान), नीरज

**मिडफील्डर:** राहुल यादव, रोहित टिर्की, सुरेश शर्मा, मनमीत सिंह राय (कप्तान), राहुल राजभर, घूरन लोहरा

**फॉरवर्ड :** रितेंदर सिंह, दीपक प्रधान, अजीत यादव, केतन कुशवाह, रोहित सिंह, सृजन यादव

**महिलाएं**

**गोलकीपर:** पबित्रा देवी, तारा शैलजा

**मिडफील्डर:** भाव्या (कप्तान), कोमल पाल, पार्वती टोपनो, रितिका अहिरवार

**मिडफील्डर:** रजनी (उप कप्तान), तमन्ना, करुणा मिंज, प्रियंका, तनुजा टोप्पो, काजल पुंडीर, कीर्ति

**फॉरवर्ड :** कृष्णा शर्मा, काजल, पूर्णिमा यादव, स्विति, डोली भोई, निशा डाडेल, रवीना

भारतीय सब जूनियर पुरुष टीम के कोच सरदार सिंह ने कहा, यह दौरा हमारी उभरती प्रतिभाओं की यात्रा में एक ऐतिहासिक होगा। हम अपने युवा खिलाड़ियों को भव्य अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपने कौशल दिखाने के इस अवसर को लेकर उत्साहित हैं।

### तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने पदक जीतने पर निकहत जरीन और नंदिनी को दी बधाई

**एजेंसी। हैदराबाद**

मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने चीन में एशियाई खेलों में मुक्केबाजी और हेप्टाथलॉन में तेलंगाना की मुक्केबाज निखत जरीन और एथलीट अगासरा नंदिनी के पदक जीतने पर खुशी व्यक्त की और उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक महान क्षण है कि तेलंगाना गुरुकुलम भी प्रतिभाशाली एथलीट तैयार करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। सीएम ने नये कीर्तिमान रचने और विश्व मंचों पर भारत की ख्याति फैलाने के लिए पदक विजेताओं की सराहना की। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार दुनिया भर में खेलों में कई उपलब्धियां हासिल करने के लिए खिलाड़ियों को अपना समर्थन जारी रखेगी। तेलंगाना गुरुकुल की छात्रा अगासरा नंदिनी ने चल रहे एशियाई खेलों में हेप्टाथलॉन में कांस्य पदक जीता। नंदिनी एशियाई खेलों में एथलेटिक्स में भाग लेने वाली तेलंगाना राज्य की एकमात्र एथलीट हैं। वह संगारेड्डी के तेलंगाना सोशल वेलफेयर आवासीय महिला डिग्री कॉलेज में बीबीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही है। उन्होंने 10वीं तक की पढ़ाई नरसिंगी के गुरुकुल स्कूल में की। नंदिनी तेलंगाना सोशल वेलफेयर वेलफेयर रेजिडेंशियल एजुकेशन इंस्टीट्यूशन सोसाइटी, एथलेटिक्स अकादमी के पहले बैच की छात्रा हैं।

### राशिद खान ने शफीक स्टानिकजई पर साधा निशाना

**एजेंसी। नई दिल्ली**



विश्व कप से पहले अफगानिस्तान के प्रमुख लेग स्पिनर राशिद खान ने 'अतीत के समझौतों' को लेकर अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व मुख्य कार्यकारी शफीक स्टानिकजई पर हमला बोला है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर रशीद ने स्टैनिकजई से टीम के बारे में गलत जानकारी फैलाना बंद करने को कहा, साथ ही दावा किया कि 5 अक्टूबर से भारत में होने वाले विश्व कप के लिए अफगानिस्तान के पास अब तक की सबसे फिट और बेस्ट टीम है। राशिद खान ने लिखा, मुझे लगता है कि हमारी टीम अब तक किसी भी मेगा इवेंट की सबसे अच्छी और फिट टीमों में से एक है। मेरा मानना है कि इस बार हम बेस्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। आपके मैनेजमेंट के दौरान टीम ने कई समझौते किए। आपकी चुनी टीम को पिछले वर्ल्ड कप में कई मैच गंवाने पड़े। गलत जानकारी फैलाने के बजाए और टीम के खिलाड़ियों का समर्थन करना बेहतर होगा। स्टैनिकजई 2014-2019 तक एसीबी के मुख्य कार्यकारी थे और उन्होंने 'अफगानिस्तान प्रीमियर लीग' नामक टी20 फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट की भी स्थापना की थी। राशिद खान के इस आरोप का खंडन करते हुए शफीक स्टानिकजई ने जवाब दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा, मेरे प्यारे चैंपियन, आपके इस ट्वीट ने मुझे काफी हद तक हिला दिया है। यह ऐसा लगता है कि यह आपकी इससे पहले कही गई बातों से अलग है। क्या आपको अपने पिछले ट्वीट याद हैं जहां आपने मेरे कार्यकाल के बाद एसीबी में मेरे योगदान के लिए जीत को समर्पित करते हुए मेरी सराहना की थी? शुरूआत में, आपके ट्वीट का जवाब देने का मेरा कोई इरादा नहीं था, मैंने सोचा कि मैं हमारी अगली मुलाकात के लिए इसे बचाकर रखूंगा। हालांकि, जब आपने मुझ पर झूठा आरोप लगाया है तो मैं अब खुद को नहीं रोक पाया। स्टैनिकजई ने बताया कि एसीबी में उनके कार्यकाल के दौरान क्या-क्या किया गया।

## एशियाई खेल | भारतीय निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन

# पेरिस ओलंपिक पर कर रहे हैं फोकस

**एजेंसी। हांगझोऊ**



भारतीय निशानेबाजी टीम ने 19वें एशियाई खेलों में अपना अभियान रिकॉर्ड 22 पदकों, 7 स्वर्ण, 9 रजत और 6 कांस्य पदक के साथ समाप्त किया। यह शानदार जीत निश्चित रूप से पदक विजेताओं के लिए एक बड़ा मनोबल बढ़ाने वाला होगा क्योंकि वे अब 22 अक्टूबर से 2 नवंबर तक कोरिया के चांगवोन में एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेंगे, जिसमें 24 कोटा स्थान होंगे। प्रत्येक 12 में से दो व्यक्तिगत स्पर्धाएं और अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए कोटा स्थान का दावा करने की उम्मीद है। एशियाई खेल ओलंपिक क्वालीफाइंग इवेंट नहीं थे और इसलिए यहां का प्रदर्शन ओलंपिक बर्थ में नहीं गिना जाता। भारत ने अब तक विभिन्न विश्व चैंपियनशिप के माध्यम से निशानेबाजी में सात कोटा स्थान जीते हैं और वह 24 सदस्यीय टीम; 12 पुरुष और 12 महिलाएं को मैदान में उतारने के लिए पात्र है। विश्व चैंपियनशिप और विभिन्न महाद्वीपीय चैंपियनशिप के अलावा यदि निशानेबाज विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल नहीं हो पाते हैं, तो वे ओलंपिक कोटा स्थान भी हासिल कर सकते हैं क्योंकि सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले निशानेबाज जिनके पास ओलंपिक कोटा स्थान नहीं है।

उन्हें 12 में से प्रत्येक को एक पुरस्कार दिया जाएगा लेकिन यह टीम में 24 सदस्यों की सीमा के अधीन होगा। हालांकि, हांगझोऊ में भारतीय निशानेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है। यह देखते हुए कि एशियाई खेलों में निशानेबाजी में यह देश का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है, 2006 के दोहा खेलों में अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 13 पदकों में भारी अंतर से सुधार हुआ है लेकिन अधिकांश स्वर्ण पदक टीम प्रतियोगिताओं में आए हैं, जो ओलंपिक प्रतियोगिताएं नहीं हैं और इसलिए जहां तक पेरिस 2024 का संबंध है वहां भारत को ज्यादा फायदा नहीं मिला।

भारत ने हांगझोऊ में जो सात स्वर्ण पदक जीते हैं। उनमें से पांच टीम प्रतियोगिताओं में आए। केवल दो- महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पलक गुलिया का स्वर्ण पदक और महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन में सिफ्त कौर समरा की जीत व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में आई। भारत ने अब तक पेरिस 2024 के लिए भवनीश मेंदीरत्ता (पुरुष ट्रैप), रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल), स्वप्निल कुसाले (पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), अखिल श्योराण (पुरुष 50 मीटर एयर राइफल 3-पोजीशन), राजेश्वरी कुमारी (महिला ट्रैप), मेहुली घोष (महिला 10 मीटर एयर राइफल) के माध्यम से सात कोटा स्थान जीते हैं। देश एक स्पर्धा में दो कोटा स्थान हासिल कर सकता है, बशर्ते प्रत्येक वर्ग में 12 प्रतियोगियों (पुरुष और महिला - कुल 24 सदस्यीय दल) की सीमा हो। इस प्रकार, एशियाई चैंपियनशिप और उसके बाद होने वाली एशियाई शॉटगन चैंपियनशिप में भारतीयों के लिए चुनौती कम हो जाएगी।

